धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, रविवार
18.02.2024

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, नवमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 216



12 बहुत अच्छी हैं राममंदिर की व्यवस्थाएं : हेमा मालिनी

## न्यूज डायरी

### इनसेट-3 डीएस लांच कर इसरो ने फिर रचा इतिहास

**नयी दिल्ली।** इसरो ने शनिवार को मौसम संबंधी उपग्रह इनसेट-3डीएस को लॉन्च कर एक बार फिर इतिहास रच दिया। इस सैटेलाइट को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। इनसेट-3 डीएस भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किये जाने वाला यह तीसरी पीढ़ी के मौसम उपग्रह का मिशन है। ये मौसम से संबंधित जानकारी इसरो तक भेजेगा। इस सैटेलाइट को मौसम संबंधित भविष्यवाणी व आपदा चेतावनी के लिए तैयार किया गया है।

### चलती बस में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

**हजारीबाग।** हजारीबाग-बड़कागांव मार्ग के फतहा के पास शनिवार दोपहर चलती यात्री बस में आग लग गयी। अमन बस टंडवा से हजारीबाग की तरफ जा रही थी। इस बीच हजारीबाग-बड़कागांव रोड के फतहा कुन्दरीमोड़ के पास बस धधक उठी। ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत बस रोकी और सवार सभी यात्रियों को नीचे उतारा। सभी यात्री सुरक्षित हैं। आशंका है कि यह आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट 10 की मौत, कई मकान तबाह

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडू के विरुधुनगर जिले में शनिवार को एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में कम से कम दस लोगों की मौत हो गयी। कई अन्य घायल हो हैं। विस्फोट इतना भीषण था का कि आस-पास के कई मकान भी ताबह हो गये। फैक्ट्री के मालिक का नाम विजय बताया जा रहा है।

### पंचायती राज विभाग के जेइ ने की खुदकुशी

**रामगढ़।** रजरप्पा सीसीएल क्वार्टर में कनीय अभियंता सुधांशु कुमार का शव फंदे पर लटकता हुआ मिला। सुधांशु कुमार गोला प्रखंड में पंचायती राज विभाग में कार्यरत थे। वे रजरप्पा से ही प्रतिदिन गोला स्थित कार्यालय जाते थे। पुलिस फिलहाल इसे आत्महत्या मान रही है लेकिन जांच के बाद ही वस्तु स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार की रात से ही सुधांशु अपने परिजनों का फोन भी नहीं रिसीव कर रहे थे। शनिवार को जब काफी देर तक उन्होंने दरवाजा नहीं खोला तो आसपास के लोगों को संदेह हुआ। पुलिस जब रजरप्पा प्रोजेक्ट 1 बी /2 क्वार्टर पहुंची तो वहां फंदे से लटकता हुआ शव मिला।

### स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लक्ष्य : बन्ना गुप्ता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को नेपाल हॉउस स्थित विभागीय कार्यालय कक्ष में कार्यभार संभाला। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनका लक्ष्य होगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




सीएम बनने के बाद पहली बार चंपई गये दिल्ली, इंडी नेताओं से मिलेंगे

# राज्य में जातीय जनगणना शीघ्र, तैयारी के दिये निर्देश

▶▶ चुनाव से पहले चंपई ने चला बड़ा दांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में जातीय गणना शीघ्र शुरू होने के आसार हैं। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कार्मिक विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस संबंध में प्रक्रिया तेज करें। उल्लेखनीय है कि हाल में राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया है ताकि ट्रिपल टेस्ट कराई जा सके। इसके कारण नगर निकायों का चुनाव अधर में लटका है। आरक्षण निर्धारित करने की प्रक्रिया के तहत यह आवश्यक है। वहीं सीएम बनने के बाद पहली बार चंपई सोरेन शनिवार को नयी दिल् ली रवाना हो गये। वह दिल्ली में होनेवाली इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे। वहीं कांग्रेस आलाकमान से भी मिलने की संभावना जतायी जा रही है। चर्चा है कि सीएम वहां कांग्रेस के नाराज विधायकों के मामले पर कांग्रेस आलाकमान से चर्चा कर सकते हैं। उनके साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी दिल्ली गये हैं।

### सीएम ने अधिकारियों को कहा,



सीएम चंपई सोरेन ने झारखंड में जातीय गणना जल्द आरंभ करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश कार्मिक विभाग को दिया है। कांग्रेस विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव ने बताया कि जातीय गणना को लेकर सीएम ने यह निर्देश उनके ज्ञापन के आलोक में दिया। उन्होंने शनिवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर राज्य में जातीय जनगणना कराने और पिछड़ों का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने का आग्रह किया। श्री यादव ने बताया कि वर्तमान गठबंधन की सरकार ने पूर्व में भी इस इस पर गंभीरता से विचार किया था। इसके फलस्वरूप पिछड़ी जाति को सरकारी सेवाओं में 27 प्रतिशत आरक्षण प्राथमिकता के आधार पर देने संबंधी विधेयक विधानसभा से पारित कराया गया था। अब तक यह लंबित है। श्री यादव ने बताया कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उन्होंने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से उपरोक्त दोनों विषयों को रखा था। तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री ने उत्तर देते हुए कहा था कि पिछड़ा आरक्षण विधेयक राज्यपाल के पास लंबित है। मंत्रिमंडल की एक टीम जाकर राज्यपाल से इसके निष्पादन का आग्रह करेगी और जातीय जनगणना पर सरकार त्वरित निर्णय लेगी। उन्होंने गोड्डा जिले के देवडांड़ को नया प्रखंड बनाने की मांग उठाते हुए कहा कि इस संबंध में उनकी मांग पर सरकार ने पूर्व में विधानसभा में आश्वासन दिया है।

# जगतगुरु रामभद्राचार्य और गुलजार को ज्ञानपीठ सम्मान

एजेंसी

नयी दिल्ली। संस्कृत समेत कई भाषाओं के प्रकांड विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य और उर्दू के साहित्यकार गुलजार को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। ज्ञानपीठ पुरस्कारों के निर्णायक मंडल ने शनिवार को वर्ष 2023 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कारों की घोषणा की। ज्ञानपीठ पुरस्कार समिति की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार दो भाषाओं के लब्धप्रतिष्ठ लेखकों, जगद्गुरु रामभद्राचार्य (संस्कृत साहित्य) और गुलजार (उर्दू साहित्यकार) देने का निर्णय किया गया है। ज्ञानपीठ पुरस्कार भारत का सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है। वर्ष 2022 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार गोवा के लेखक दामोदर मावजो को दिया गया था।



### तुलसी पीठ के संस्थापक हैं रामभद्राचार्य

संस्कृत साहित्यकार जगद्गुरु रामभद्राचार्य चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख हैं। आध्यात्मिक गुरु रामभद्राचार्य ने संस्कृत के अलावा हिंदू, समेत कई भाषाओं के शिक्षक हैं और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं।

### उर्दू कवियों में शुमार हैं गुलजार

गुलजार हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं। इससे पहले उन्हें उर्दू में अपने कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं।

### क्या है ज्ञानपीठ पुरस्कार

यह भारत का सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा भारतीय साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार पहली बार 1965 में मलयालम कवि जी. शंकर कुरुप को उनके कविता संग्रह ओडक्कुझल के लिए दिया गया था। इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले व्यक्ति को 11 लाख रुपये की धनराशि दी जाती है। इसके अलावा प्रशस्ति पत्र के साथ ही वाग्देवी की कांस्य प्रतिमा भी दी जाती है।

# हम तैयार हैं, आम चुनाव को लेकर बोले सीइसी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसी) रजीव कुमार ने शनिवार को आम चुनाव को लेकर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि संसदीय चुनाव और राज्य विधानसभा चुनाव कराने के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं। सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। माना जा रहा है कि इस साल अप्रैल और मई के महीने में लोकसभा कराया जा सकता है। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को समाप्त होगा।

**जल्द घोषणा संभव :** उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग जल्द ही लोकसभा चुनाव 2024 की तारीख की भी घोषणा कर देगा। श्री कुमार ने कहा कि मैं चुनाव आयोग की ओर से और मीडिया के माध्यम



से कहना चहता हूं कि हम 2024 के संसदीय चुनाव और उड़ीसा में राज्य विधानसभा चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सीइसी ने कहा कि मैं आयोग की ओर से अनुरोध करना चाहता हूं कि सभी मतदाताओं को आना चाहिए और लोकतंत्र के इस उत्सव में भाग लेना चाहिए। ओडिशा में इस साल विधानसभा चुनाव होना है, इसलिए लोकसभा चुनाव के साथ ही ओडिशा चुनाव की घोषणा भी हो सकती है।

# डायन-बिसाही का आरोप लगा 4 की हत्या

## पटरी पर फेंकी लाशें, मृतकों में एक महिला, पुरुष और दो बच्चे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा, चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में डायन-बिसाही का आरोप लगाकर एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गयी। चौथे की पहचान की जा रही है। हत्या के बाद आरोपियों ने शवों को केंदपोसी और तालाबुरू रेलवे स्टेशन के बीच पटरी पर फेंक दिया। चक्रधरपुर रेल मंडल के केंदपोसी तालाबुरु डाउन लाइन पर चारों शव क्षत-विक्षत स्थिति में मिले हैं। एक का सिर कटा मिला है। इसके कारण तीसरी लाइन का संचालन घंटों रोक दिया गया। सभी शव 2/3 किलोमीटर की दूरी के रेंज में मिले हैं। इससे इलाके के लोगों में दहशत है। घटना शुक्रवार देर रात करीब ढाई-तीन बजे की बतायी जा रही है। (शेष पेज 11 पर)



मृतकों में एक महिला, आठ माह और डेढ़ साल के दो बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। महिला और उसके दो बच्चे एक ही परिवार के हैं। शनिवार सुबह लोगों ने पटरियों पर एक साथ चार शव देखे तो उनके होश उड़ गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि जिस तरह से शव मिले हैं, उससे हत्या की आशंका अधिक है। पर इस आत्महत्या दिखाने का प्रयास किया गया।

### हत्या कर शव पटरी पर फेंका : एसडीपीओ

जगन्नाथपुर एसडीपीओ राकेश नंदन मिंज ने कहा कि अपराधियों ने हत्या कर घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया है। घटनास्थल का जायजा लेने से पता चला कि किसी अन्य स्थान पर हत्या की गयी है। सके बाद शव को लाकर रेल पटरी फेंक दिया गया, ताकि लोग समझें कि इन लोगों ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है। मौके पर मौजूद आरपीएफ के इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि रेलवे ट्रैक के पास स्थित गांव के लोगों ने ही उनकी हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया है।

### तीन लोग एक ही परिवार के

पुलिस पहुंची तो पहले लोगों ने आत्महत्या की आशंका जतायी। पर मामले का खुलासा तब हुआ जब जब महिला के जेठ जुंबल सिंकू घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने महिला के शव की पहचान कर पुलिस को बताया कि यह मेरे छोटे भाई बिनू सिंकू की पत्नी की लाश है। इसके तीन बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि यह आत्महत्या नहीं है, बल्कि हत्या हुई है। एक बेटी को किसी तरह बचा लिया गया है। एक अन्य शव पुरुष का है, जिसकी पहचान होना बाकी है। दोनों बच्चों की लाश को बोरे में बांधकर पटरी पर फेंका गया था, जबकि महिला का हाथ और पैर रस्सी से बंधा था। ट्रेन गुजरने के कारण शव क्षत-विक्षत हालत में मिले।

# चुनावी तैयारी पर झारखंड-बंगाल की बैठक

**रांची।** आगामी चुनाव की तैयारी को झारखंड और पश्चिम बंगाल पुलिस ने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए अवैध शराब की तस्करी पर रोक लगाने की रणनीति बनायी। शुक्रवार को इंटरस्टेट समन्वय समिति की बैठक पुरूलिया के बालीगुमा पुलिस लाईन में हुई। इसमें झारखंड और पश्चिम बंगाल के पुलिस अधिकारी शामिल थे। बैठक में शांतिपूर्ण चुनाव के लिए अवैध शराब की तस्करी पर रोक लगाने पर चर्चा हुई, क्योंकि बंगाल में शराब कम मूल्य पर मिलती है। वहीं दूसरी ओर चेकिंग के लिए बॉर्डर पर चेकनाका तैयार भी चर्चा की गयी, ताकि वहां पर लगातार वाहनों की चेकिंग की जा सके। इसके साथ ही अपराधियों का डाटा भी एक दूसरे के साथ शेयर किया गया, ताकि चुनाव से पहले छापेमारी कर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

# हर बूथ पर 370 वोट बढ़ायें कार्यकर्ता : मोदी

## यह आंकड़ा नहीं, श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि होगी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ के पहले पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए आह्वान किया कि हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ायें। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ता अगले 100 दिन तक पिछली बार प्राप्त वोटों में कम से कम 370 वोटों की वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि जो प्रथम बार के वोटर हैं, उन्हें पूरी ताकत से भाजपा के पक्ष में मतदान



के लिए प्रेरित करें। महिलाओं को मात्र वोटर नहीं समझें बल्कि माताओं बहनों का आशीर्वाद प्राप्त करें। शनिवार को आयोजित पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू -कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान हर कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आगे आयें और इसे एक आंकड़े के रूप में नहीं, बल्कि श्रद्धांजलि के रूप में लें। इससे पूर्व पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ध्वजारोहण कर अधिवेशन का शुभारंभ किया।

**हर उम्मीदवार कमल का फूल :** पार्टी महासचिव विनोद तावड़े ने संवाददाताओं को पीएम मोदी के मार्गदर्शन के बिन्दुओं की जानकारी दी। श्री तावड़े ने कहा कि पीएम मोदी ने भाजपा और राजग जो सीटें लड़नी है, उनके उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। (शेष पेज 11 पर)

## सुरक्षा परिषद में सुधार को ले भारत ने भरी हुंकार

# यूएन, चीन, अमेरिका को जमकर सुनाया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार को लेकर भारत ने एक बार फिर अपनी आवाज बुलंद की है। भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने स्थायी सदस्यों को जमकर सुनाया भी। यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमूलचूल परिवर्तन हों। इसके अलावा स्थायी और अस्थायी दोनों सदस्यों का विस्तार किया जाये। शनिवार को न्यूयॉर्क में सुरक्षा परिषद सुधार के मुद्दे पर कंबोज ने कहा, भारत समेत कई देश हैं जो कि सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। हालांकि चीन जैसे देश में नहीं चाहते कि इसमें कोई सुधार हो। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद से ही 5 स्थायी सदस्यों का ही संयुक्त राष्ट्र में दबदबा रहा है। इसमें चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। ऐसे में कई बार ज्यादा देशों की बात को अनदेखा किया जाता है। इसी मामले को लेकर एक बार फिर भारत ने पांचों देशों को जमकर लताड़ा है। भारत की प्रतिनिधि ने कहा कि इन पांच स्थायी देशों की वजह से बाकी 188 देशों की सहमति या असहमति को तवज्जो नहीं दिया जाता है।

**सुधार अब जरूरी :** सुरक्षा परिषद के भविष्य की ओर इंगित करते हुए कंबोज ने कहा, समावेशी विश्व को ध्यान में रखते हुए अब सुधार बहुत जरूरी हो गये हैं। उन्होंने कहा कि केवल अस्थायी सदस्यों के विस्तार करने से समस्या का हल नहीं निकलेगा। सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र में समान अवसर मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों के साथ अब तक अन्याय होता रहा है। (शेष पेज 11 पर)

# कांग्रेस के रूठे विधायाकों की राजनीति दिल्ली शिफ्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चंपई सोरेन मंत्रिमंडल विस्तार में जगह नहीं मिलने से रूठे कांग्रेसी विधायक शानिवार देर शाम को दिल्ली रवाना हो गये। नाराज सभी विधायक दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान से मिलकर अपनी बात रखेंगे। 16 फरवरी को चंपई सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के सभी पुराने विधायकों को ही मंत्री बनाये जाने से कई रूठ गये हैं। किसी भी नये विधायक को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने से खफा हैं। शपथ ग्रहण से पूर्व इन विधायकों ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में एकत्रित होकर शपथ ग्रहण समारोह को बहिष्कार करने



का निर्णय लिया था। बाद में मान-मन्नौवल के बाद शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। इसके बावजूद भी विधायकों की नाराजगी दूर नहीं हुई। आलाकमान से अपनी बातों को अवगत कराने के लिए शनिवार को बिरसा चौक स्थित होटल रासो में बैठक कर दिल्ली जाने का निर्णय लिया।

**रूसे लोगों को मनाने रासो गये थे मंत्री बसंत :** कैबिनेट में नये को जगह नहीं मिलने नाराज कांग्रेस विधायकों से मिलने शनिवार की शाम मंत्री बसंत सोरेन रासो होटल पहुंचे। उन्होंने नाराज विधायकों की बातें सुनीं और उनकी नाराजगी दूर करने के प्रयास किया। (शेष पेज 11 पर)

### कहीं इस सरकार को भी बीमार न बना दें कांग्रेसी : सरयू



मंत्री पद के लिए कांग्रेस में किचकिच पर विधायक सरयू राय ने अपने ढंग से तंज कसा है। सरयू राय ने सोशल मीडिया (एक्स पर) कहा - सिर मुड़ाते ही ओले पड़े। चंपाई सोरेन मंत्रिपरिषद का विस्तार होते ही कांग्रेस में बगावती सुर उठने लगे। कतिपय कांग्रेसी मंत्रियों के भ्रष्ट कारनामे सरकार का स्वास्थ्य खराब करेंगे। पहले की तरह इस सरकार को भी बीमार बना देंगे। सरयू राय ने विरोध जताने के लिए झारखंड कांग्रेस के विधायकों को बधाई भी दी है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपाई सोरेन सरकार में कांग्रेस के ये विधायक मंत्री पद की आस में थे। वे चाहते थे कि पुराने चेहरे बदले जायें और नये को कांग्रेस कोटे से मंत्री बनाया जाये। पर मंत्रिमंडल विस्तार में अपना नाम न देख ये कांग्रेसी विधायक सर्किट हाउस में जुटे। प्रदेश प्रभारी के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष से भी नाराजगी जतायी। नहीं माने तो पार्टी आलाकमान से मिलने शनिवार की देर शाम दिल्ली कूच गये। पार्टी के करीब एक दर्जन इन विधायकों का कहना है कि चारों मंत्रियों को हटाया जाये वर्ना वे आगामी बजट सत्र का भी बहिष्कार करेंगे।

# हार्स ट्रेडिंग मामले में अपर सचिव को नोटिस जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हार्स ट्रेडिंग मामले में रांची के जगन्नाथपुर थाने में दर्ज मामले में अनुसंधानकर्ता की ओर से साक्ष्य की कमी बताते हुए क्लोजर रिपोर्ट एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में दाखिल किये जाने के मामले में गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर को शनिवार को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अपर सचिव को 16 मार्च को अदालत में उपस्थित होने का निर्देश जारी किया गया है। राज्यसभा चुनाव-2016 में हुए हार्स ट्रेडिंग मामले में अनुसंधानकर्ता ने जनवरी 2024 में क्लोजर रिपोर्ट दायर करते हुए इस केस को बंद करने का आग्रह एसीबी कोर्ट से किया है। इसके आलोक में अदालत ने शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 29 मार्च, 2018 को जगन्नाथपुर थाने में विशेष शाखा के तत्कालीन एडीजी सह वर्तमान सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता और तत्कालीन मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अजय कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बाद में इस मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को भी अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था। (शेष पेज 11 पर)

## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले होमगार्ड डीजी अनिल पालटा



रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को डीजी गृह होमगार्ड-सह-अग्निशमन अनिल पालटा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। बताते चलें कि हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद दो फरवरी को चंपई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर पद की शपथ ली थी। उनके साथ कांग्रेस नेता आलमगीर आलम और आरजेडी विधायक सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री पद की शपथ ली थी।

### जमीन घोटाला मामले में उप-निरीक्षक भानु की रिमांड अवधि खत्म, भेजा गया होटवार जेल

रांची। जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार बड़गाईं अंचल का निलंबित उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की रिमांड अवधि शनिवार को खत्म हो गई। इसके बाद उन्हें ईडी की विशेष अदालत में पेश किया और कोर्ट ने 22 फरवरी तक के लिए भानु को न्यायिक हिरासत में होटवार जेल भेज दिया। ईडी ने भानु प्रताप को रिमांड पर लेकर कुल 12 दिनों तक पूछताछ की। भानु प्रताप पहले से ही बरियातू की सेना की जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद है। ईडी ने उन्हें इस मामले में भी गिरफ्तार कर लिया है। मालूम हो कि ईडी हेमंत सोरेन एवं भानु प्रताप को आमने-सामने बैठकर पूछताछ कर रही थी, क्योंकि भानु प्रताप के आवास से ही बरामद दस्तावेज व उसके मोबाइल से मिली जानकारी के आधार पर ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6 /2023 दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है। इस मामले भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन और अज्ञात को आरोपी बनाया गया है।

### विज्ञापन में हुआ आंशिक संशोधन : सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास भी कर सकेंगे आवेदन

रांची। जेएसएससी के 26001 पदों पर होने वाली सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में अब सीटेट पास अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे। जेएसएससी ने परीक्षा के लिए निकाले गये विज्ञापन में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित विज्ञापन के मुताबिक, अभ्यर्थी जिस सब्जेक्ट या सब्जेक्ट ग्रुप में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) पास होंगे, उसी सब्जेक्ट या सब्जेक्ट ग्रुप में राज्यस्तरीय मेधा सूची के आधार पर सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति के पात्र होंगे। जिन अभ्यर्थियों ने सीटेट के अलावा पड़ोसी राज्यों से टेट की परीक्षा पास की है, वे भी इस परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। लेकिन शर्त यह है कि उन्हें नियुक्ति के तीन साल के अंदर जेटेट पास करना होगा। जेएसएससी जल्द ही नये अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन लेने के लिए वेबसाइट पर लिंक प्रकाशित करेगा।

### यौन अपराध मामलों में अनुसंधान के लिए सीआइडी आयोजित करायेगा प्रशिक्षण

रांची। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराध से संबंधित अनुसंधान के लिए सीआइडी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराएगा। यौन अपराध से संबंधित अनुसंधान में सहयोग देने के लिए चयनित महिला पुलिस पदाधिकारी/महिला पुलिस कर्मियों का चार सप्ताह का प्रशिक्षण अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, होटवार 19 फरवरी से शुरू किया जायेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार को जस्टिस एसएन प्रसाद के द्वारा किया जायेगा। इस दौरान डीजीपी अजय कुमार सिंह, सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित रहेंगे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
WATER WAYS DIVISION, RANCHI
(Room N0-503, Jal Bhawan, Doranda- 834002)

e-Procurement Notice [3rd Call, PR-316515]
Re e-Tender Reference No. –WRD/WWD/RANCHI- 12/2023-24.
Date-16.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Demarcation & RCC Pillaring for Both Banks of Harmu River from Bajra (Hehal Anchal) to Baraghaghra (Argora Anchal) of Ranchi District. |
| 2 | Estimated Cost (Rs) | Rs. 46,92,305.04 |
| 3 | Bid Security (Rs.) | Rs. 94000=00 (Online mode) |
| 4 | Cost of Tender Document | Rs. 5,000=00 ( Non-Refundable) (Online mode) |
| 5 | Time of Completion | 12 (Twelve) Months. |
| 6 | Availability of Tender On Line | 20.02.2024 From 02:00 PM |
| 7 | Bid Submission | From 20.02.2024, 02:00 PM to 11.03.2024 upto 05:00 PM |
| 8 | Date & Time of Opening of Bid | 13.03.2024, 02:00 PM |
| 9 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Water Ways Division, Ranchi. |
| 10 | Contact No. of Procurement Officer | 7004715652 |

Note :-
1. Only e-tender will be accepted. Details available on website https://jharkhandtenders.gov.in
2. Estimated Cost May vary. Online BOQ amount shall prevail.
3. Tender Fee and Earnest Money should be deposited through online mode only as per WRD, Jharkhand letter no-907 dated-04.10.2023 and I.T. & e-Governance Dept. Jharkhand Letter no-120 dated-03.10.2023

Executive Engineer
PR 319293 Water Resource (23-24)_D Water Ways Division, Ranchi

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची**

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना
T. Reference No. :- Shifting 30/2023-24
Date 16.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Shifting of Existing Water Pipelines coming across different changes of under Construction 4-Lane Road between Ranchi- Purulia Road (Namkum ROB to Angara Section) Under D.W.& S. Division, Ranchi East, Ranchi. |
| 2 | Estimated Cost (LAKH.) | 456.35781 Lakh |
| 3 | Cost of BOQ (Rs.) | 10,000.00 Rs. |
| 4 | Bid Security (LAKH) | 9.12800 Lakh |
| 5 | Time of Completion | 180 Days |
| 6 | Date of Tender Uploading on Website | 26.02.2024/04.00 PM. |
| | Document Download / Sale Start Date | 26.02.2024/04.00 PM. |
| 7 | Date of Prebid Meeting | 28.02.2024 (Time 12.30 P.M.) in the Office of Regional Chief Engineer, Drinking Water & Sanitation Department, Ranchi Region, Ranchi. |
| 9 | Bid Submission Start Date | 28.02.2024/04.00 PM. |
| 10 | Document Download / Sale End Date | 05.03.2024/04.00 PM. |
| 11 | Bid Submission End Date | 05.03.2024/04.00 PM. |
| 12 | Date of Opening of Tender | 07.03.2024/11.00 AM. |
| 13 | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. |
| 14 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. |
| 15 | Email id | eedwsd.ranchieast@gmail.com |
| 15 | Contact No. Of Procurement Office | 0651-3560890 |

नोट :– 1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट –http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।
PR.NO.319343 Drinking Water and Sanitation(23-24):D


## दिल्ली जाने से पहले विधायक इरफान अंसारी समेत कई नाराज विधायकों ने दी चेतावनी

# चारों मंत्री नहीं हटे तो किसी भी हद तक जा सकते हैं कांग्रेस के सभी नाराज विधायक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। चंपई मंत्रिमंडल के विस्तार के पहले से मंत्री पद को लेकर प्रदेश कांग्रेस में जारी आंतरिक घमासान रूकने का नाम नहीं ले रहा है। मंत्री पद नहीं मिलने से नाराज विधायक अब कांग्रेस आलाकमान से आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गये हैं। इसी कड़ी में शनिवार कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्णय से नाराज चल रहे विधायक बिरसा चौक स्थित होटल रासो में आगे की रणनीति तैयार कर रात्रि आठ बजे के विमान से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गये। दिल्ली गये विधायक रविवार को कांग्रेस आलाकमान से मुलकात कर उन्हें अपनी नाराजगी से अवगत करायेंगे।

इधर दिल्ली जाने से पूर्व नाराज विधायकों ने कहा कि वर्तमान राजनीति परिस्थिति में वह आलाकमान के निर्णय से संतुष्ट नहीं हैं। इधर विधायकों की नाराजगी को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने उनकी शिकायत दूर करने के लिए झारखंड कांग्रेस के पूर्व सह प्रभारी उमंग सिंघार को विधायकों से बातचीत करने के लिए अधिकृत किया है।



**पहले सभी मंत्रियों को हटाए जाने की थी बात** : दरअसल, चंपई मंत्रिमंडल के विस्तार की जब बात शुरू हुई थी तो कांग्रेस कोटे के चार मंत्रियों में से कुछ को बदले जाने की भी चर्चा शुरू हुई थी। बादल पत्रलेख को हटाए जाने की बात तो करीब-करीब तय मानी जा रही थी। लेकिन इसी बीच खेला हो गया। नाराज विधायकों को जब लगा कि उनकी अनदेखी हो रही है तो उन्होंने खुलकर विरोध करना शुरू किया। इसका नतीजा हुआ की 8 फरवरी को होनेवाले कैबिनेट विस्तार को टालना पड़ा।

**बजट सत्र में सरकार के सेहत पर प्रभाव पड़ सकता है** : मालूम हो कि कांग्रेस विधायकों ने ऐसे समय पर आवाज बुलंद की है जब राज्य में बजट सत्र शुरू होने जा रहा है। मनी बिल के दौरान वोटिंग की जरूरत होती है, लिहाजा 12 विधायकों की नाराजगी सरकार को बैकफुट पर ला सकती है। अब देखना है कि इसको कांग्रेस आलाकमान कितनी गंभीरता से लेता है।

### क्या कहा नाराज विधायकों ने

कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने साफ शब्दों में कहा है कि अगर कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों को नहीं हटाया गया तो कांग्रेस के 12 विधायक किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल सभी विधायक आलाकमान से बात करने के लिए दिल्ली जा रहे है। आलाकमान से बात नहीं बनने पर विधायक कुछ भी निर्णय ले सकते हैं। इधर दिल्ली जानेवाले विधायकों में दीपिका सिंह पांडेय, अंबा प्रसाद, डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप, भूषण बारा, उमाशंकर अकेला, सोना राम सिंकू, कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह शामिल है।

इरफान अंसारी ने कहा कि यह नाराजगी झारखंड सरकार या कांग्रेस आलाकमान के प्रति नहीं है बल्कि यह नाराजगी कांग्रेस कोटे से शपथ लेने वाले चारों मंत्रियों को लेकर है। उनके मुताबिक, चारों मंत्रियों का परफॉर्मेंस बेहद निराशाजनक रहा है। इसका खामियाजा क्षेत्र में विधायकों को उठाना पड़ रहा है। सरकार में होते हुए भी उन्हीं की पार्टी के मंत्री उनकी बातें नहीं सुनते हैं।

महगामा से कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा है कि सभी विधायकों ने प्रभारी को लिखित में अपनी भावना से अवगत करा दिया है। उनका कहना है कि कांग्रेस कोटे के चारो मंत्रियों को बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि नाराज विधायकों के दूसरे स्टेट में जाने और बजट सत्र के बहिष्कार का ऑप्शन खुला हुआ है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि आलाकमान क्या फैसला लेता है।

रांची के खिजरी से कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने कहा है कि उनके साथ छलावा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस दिन एससी कोटे से 12वें मंत्री को शपथ दिलाई जाए, उसी दिन कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों को हटाकर नए मंत्री बनाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीति परिस्थिति में क्षेत्र में लोगों का सामना करना मुश्किल हो रहा है। प्रदेश प्रभारी को लिखित में सभी बिंदुओं से अवगत करा दिया गया है। अब उनकी कोशिश है कि यह मामला राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल तक पहुंचे।

विधायक सोना राम सिंकू ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के साथ हुई बैठक में कोई हल नहीं निकला। हल तो निकालना पड़ेगा। अगर हाईकमान चाहेगा तो वह कुछ भी संभव है। पहले भी चारों मंत्रियों को हटाने की बात चल रही थी। नए चेहरे को लेकर बात हुई थी। लेकिन अचानक से 16 फरवरी को पुराने लोगों को मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया जो मंजूर नहीं है।

विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सारी बातें हम लोग मीडिया के सामने पहले ही रख चुके हैं। हमारे सभी साथी इकळा हुए हैं। हम लोग एक साथ बाहर जायेंगे। पहले दिल्ली जाकर आलाकमान से बात करेंगे। उसके बाद कहीं और जाने की तैयारी है।

## सीएम चंपई से मिला बीआरपी-सीआरपी का प्रतिनिधिमंडल

# बीआरपी-सीआरपी की मांगों पर बहुत जल्द काम होगा: मुख्यमंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बीआरपी-सीआरपी, एसएससंघ झारखंड प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात कर अपनी लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। सीएम को बताया कि पिछले 5 वर्षों से बीआरपी सीआरपी का मानदेय नहीं बढ़ा है। उन्हें पारा टीचर से भी कम मानदेय मिल रहा है। संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। इस दौरान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बीआरपी सीआरपी संघ के प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया कि आप लोगों का काम जल्द हो जाएगा। इसके पूर्व माननीय चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनने पर बीआरपी सीआरपी संघ ने शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री से मिलने के बाद बीआरपी सीआरपी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमें भरोसा दिलाकर बीआरपी सीआरपी को उम्मीद को रौशनी से जगा दिया है। हम सभी को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में सरकार बीआरपी-सीआरपी के लिए जल्द ही सकारात्मक कदम उठाएगी। उधर मुख्यमंत्री से मिलने पर बीआरपी सीआरपी संघ के सदस्यों ने कृष्णा प्रसाद और उनकी टीम के सदस्यों के प्रति आभार जताया और कहा कि टीम सही दिशा में काम कर रही है। जिस प्रकार से माननीय मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया उससे सीआरपी बीआरपी में एक नई ऊर्जा का संचार हो गया है। प्रतिनिधिमंडल में नितिन कुमार, रोहित कुमार, कौकब फिरदौस, विनिता कुमारी, पवन तिवारी, कमलाकांत मेहता, रविंद्र ठाकुर, कुमार सिकंदर, मंटु कुमार साहु, कुलदीप सुरीन थे।



## कांग्रेसी मंत्री एवं विधायकों के अंतर्कलह का शिकार न हो जाए झारखंड: अविनेश कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। चंपाई सोरेन सरकार के नय कैबिनेट के शपथ ग्रहण के पूर्व ही मुख्य सहयोगी पार्टी कांग्रेस के विधायकों के द्वारा अपने ही मंत्रियों के खिलाफ प्रचंड विरोध इस बात का संकेत है कि आने वाले दिनों में झारखंड सरकार की चाल ढाल कैसी होगी। यह अंतर्कलह कहीं झारखंड सरकार को महंगा न पड़ जाये। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कही। पिछले हेमंत सरकार में कांग्रेस के मंत्रियों का क्रियाकलाप एवं परफॉर्मेंस कैसा रहा यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। अकेले स्वास्थ्य विभाग को ही उठा कर देख लें तो इसका हाल इतना बत्त से बत्तर हो गया है कि न्यायपालिका को संज्ञान लेते हुए इनके कार्य शैली पर प्रश्न उठाना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पर्याय भ्रष्टाचार के अलावा अब कुछ और रह नहीं गया है। जहां-जहां कांग्रेस सत्ता में है वहां भ्रष्टाचार के अलावा कुछ और की चर्चा करना भी बेमानी होगा। हम सबों को यह ज्ञात होगा कि पिछली हेमंत सोरेन की सरकार जो कांग्रेस के सहयोग से चल रही थी उसने भ्रष्टाचार की नई-नई परिभाषा गढ़ दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कहा कि हम सभी को पता है कांग्रेस पार्टी आलाकमान एवं एक परिवार के द्वारा संचालित होने वाली पार्टी है। पार्टी में दूर-दूर तक प्रजातांत्रिक व्यवस्था नजर नहीं आती है। झारखंड का बजट सत्र तुरंत होने वाला है। रामेश्वर उरांव स्वयं वित्त मंत्री हैं। उनका भी विरोध हो रहा है, राज्य का क्या छवि बनेगा कल्पना किया जा सकता है।

## स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करना प्राथमिकता में शामिल: बन्ना गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को नेपाल हॉउस स्थित अपने विभागीय कार्यालय कक्ष में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर बन्ना गुप्ता ने बताया कि दूसरी पारी में सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्था पर सरकार का ध्यान केंद्रित होगा, आधारभूत संरचना दुरुस्त हो, मैन पावर की कमी ना हो, ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष फोकस रखा जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यानंद शर्मा पंकज, माधवी मिश्रा, ललित शुक्ला, एड्स कंट्रोल सोसाइटी के परियोजना निदेशक पवन कुमार, ध्रुव प्रसाद, सीमा उदयपुरिया, अलोक त्रिवेदी, जय किशोर प्रसाद उपस्थित रहे।

## सीएम चंपई सोरेन मंत्रिमंडल के गठन में पार्टी हाईकमान का निर्णय स्वागत योग्य: आलोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं ने मंत्रिमंडल के गठन में पार्टी हाई कमान के निर्णय का स्वागत किया है। पार्टी से निष्कासित नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू एवं रमेश उरांव ने कहा कि चारों मंत्रियों को दोबारा मौका देना सही और स्वागत योग्य कदम है। जिस प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक दल नेता के चेहरे पर हमने 2019 का विधानसभा चुनाव लड़ा, अलग राज्य बनने के बाद पहली बार हमने 16 विधायकों के साथ मजबूत गठबंधन की सरकार बनाई। आज वो चेहरा राज्य की जनता को पसंद है। झारखण्ड का कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, राहुल गांधी एवं केसी बेणुगोपाल के निर्णय के साथ खड़ा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा मंत्रिपरिषद के गठन को लेकर प्रदेश कांग्रेस की कार्यशैली से पूरी पार्टी को नुक्सान पहुंच रहा है। विधायकों को भड़काया जा रहा है, गुमराह किया जा रहा है।



**कांग्रेस प्रभारी का काम कबिले तारीफ** : झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने जिस दिन से झारखंड में पार्टी के प्रभारी के तौर पर पदभार ग्रहण किया है। उसी दिन से झारखंड में राजनीतिक अस्थिरता एवं उथल पुथल रही, इसके बावजूद उन्होंने जितनी संजीदिगी से सब कुछ हैंडल किया वो काबिले तारीफ है। अपनी राजनीतिक सूझ-बूझ से भारतीय जनता पार्टी के हर साजिश को नाकाम किया।

## पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर आजसू पार्टी का राजभवन के समक्ष प्रदर्शन

# एसआइटी गठन से छात्र संतुष्ट नहीं, उच्च अधिकारियों की संलिप्तता को उजागर करने के लिए सीबीआइ जांच जरूरी

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू पार्टी) ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच समेत अन्य मांगों को लेकर शनिवार को राजभवन के समक्ष एकदिवसीय प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद आजसू ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। राज्य के सभी जिलों से आये आजसू पार्टी के सैकड़ों सदस्यों के साथ कई छात्रों और अभ्यर्थियों ने भी इस प्रदर्शन में हिस्सा लेकर मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआइ से कराने को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। मौके पर आजसू पार्टी के छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि उनकी पार्टी छात्रों के हक, अधिकार और हित से जुड़े सभी विषयों को मुखरता से उठाते आयी है। जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में घोर निद्रा में सोयी सरकार को उठाने का काम आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने किया था। उन्होंने विधानसभा के विशेष सत्र में राज्य के लाखों छात्रों के हित में पेपर लीक मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। इसके बाद सरकार ने आनन-फानन में एसआइटी का गठन किया। राज्य के सभी छात्र इस एसआइटी से संतुष्ट नहीं हैं। इस मामले में उच्च अधिकारियों की संलिप्तता भी सामने आयी है, इसलिए इसकी निष्पक्ष जांच सीबीआइ से करानी आवश्यक है।

आजसू पार्टी के प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने कहा कि सरकार ने अपनी गलत नीति से राज्य के युवाओं के भविष्य को बर्बाद किया है। युवाओं के हक की नौकरी का 27-27 लाख रुपये में सौदा करने वाली सरकार कभी न झुकने का दंभ भर रही है। इन्होंने सिर्फ नौकरी ही नहीं, हम जैसे लाखों युवाओं के सपनों और उनके परिश्रम को भी बेच दिया है। युवा इन्हें झुकायेंगे भी और सत्ता से हटायेंगे भी। जमीन पर आंदोलन कर रहे छात्रों से नजर नहीं मिला पा रही है, इसलिए झुकने में असमर्थ है यह सरकार।

राज्य के लाखों छात्रों को न्याय मिले, इसके लिए जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर आजसू ने चरणबद्ध आंदोलन किया। इसके तहत 12 फरवरी को सभी कॉलेज/ विश्वविद्यालय मुख्यालय पर हस्ताक्षर अभियान, 13 फरवरी की संध्या में मशाल जुलूस और प्रदर्शन, 15 फरवरी को सभी उपायुक्त को सीबीआइ जांच की मांग के लिए पत्र सौंपा गया और अब राजभवन के समक्ष एकदिवसीय प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

प्रदर्शन में आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव राम चन्द्र सहिस, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव, रविशंकर मौर्य, अभिषेक शुक्ला, अभिषेक राज, अनुराग भारद्वाज देवा महतो, हेमंत पाठक धर्मराज प्रधान, अध्यक्ष निर्मल मंडल समेत कई छात्र भी शामिल हुए।

## खबर एक नजर में

### चेक बाउंस में प्रमोद को छह महीने की सजा

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी शंभू महतो की अदालत ने चेक बाउंस होने पर प्रमोद कुमार सिन्हा को छह माह की सजा सुनाई है। दस हजार का जुर्माना भी लगाया है। राशि जमा न करने पर दो माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। कोर्ट ने आदेश दिया है कि शिकायतकर्ता को 1.16 करोड़ चेक बाउंस की राशि का भुगतान भी किया जाए।

### वित्त मंत्री को चैंबर अध्यक्ष ने दी बधाई

**रांची।** वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव कसे पुन: कैबिनेट मंत्रिमंडल में शामिल होने पर शनिवार को चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में सह सचिव शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार ने मिलकर बधाई दी। माननीय मंत्री ने राज्य के विकास कार्यों में व्यापारियों को विश्वास में लेकर कार्य करने का भरोसा दिलाया।

### जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा ने मंत्री हफीजुल हसन को दी बधाई

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा रांची जिला अध्यक्ष फरीद खान ने शनिवार को झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी को शॉल और बुके देकर मंत्री बनने पर बधाई दी। मौके पर फरीद खान ,पप्पू गद्दी,अमन खान , नवाब समेत कई लोग मौजूद थे।

### पांच इंस्पेक्टरों की हुई पोस्टिंग, अभय कुमार बने गोंदा थाना प्रभारी

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को पांच इंस्पेक्टर की पोस्टिंग की। जारी अधिसूचना के मुताबिक, जयप्रकाश राणा को मांडर अंचल निरीक्षक बनाया गया। फागु होरो को बेड़ो अंचल निरीक्षक, इम्तियाज एहसान को यातायात थाना प्रभारी लालपुर, अजय कुमार को यातायात थाना प्रभारी कोतवाली, और अभय कुमार को गोंदा थाना प्रभारी बनाया गया।

### टेफी की ओर से चैंबर भवन में लाइव ड्रेस डिजाइनिंग प्रतियोगिता आज

**रांची।** ट्रेलब्लेजिंग इंटरप्रेन्योर फेडरेशन ऑफ इंडिया (टेफी) की ओर से रविवार को एफजेसीसीआई, चेंबर भवन में फैशन एग्जीबिशन सह लाइव ड्रेस डिजाइनिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। उद्घाटन आरयू की पूर्व कुलपति कामिनी कुमार करेंगी। टेफी की डायरेक्टर आस्था किरण ने बताया कि लाइव ड्रेस निर्माण में चयनित विजेताओं को कैश प्राइज दिया जाएगा।

### विश्वकर्मा अधिकार रैली आज

**रांची।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की ओर से रविवार को दिन के दस बजे से मोरहाबादी मैदान में आठ सूत्री मांग को लेकर विश्वकर्मा अधिकार रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली में रांची समेत राज्य के सभी जिलों से समाज के लोग शामिल होंगे। रैली में सीएम चंपाई सोरेन के भी शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में गिरिडीह सदर विधायक सुदीप्य कुमार सोनू, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा समेत अन्य की भागीदारी होगी। संगठन के महासचिव संतन शर्मा व राजकुमार शर्मा ने बताया कि रैली की पूर्व संध्या पर शनिवार को बाइक रैली निकाली गई। रैली के आयोजन में शंकर विश्वकर्मा, रामजतन शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, राजू शर्मा, मनबोध, अवधेश शर्मा जुटे हुए हैं।

### बैद्यनाथ राम को कैबिनेट में जगह नहीं मिलने पर सीएम का पुतला जलाया

**रांची।** अनुसूचित जाति समन्वय समिति की ओर से शनिवार को कांके रोड में विधायक वैद्यनाथ राम को अनुसूचित जाति कोटा से झारखंड सरकार में मंत्री नहीं बनाए जाने के विरोध में सीएम चम्पई सोरेन का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में उपेंद्र कुमार रजक, राम लगन राम, योगेन्द्र लाल, छोटू पासवान, जगदीश दास, संतोष रवि, रणधीर रजक, करण नायक, संदीप राम, प्रदीप, राजेश रजक, रंजीत भुईयां, भोला राम, सूरज राम शामिल थे।

### हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर पूजा-अर्चना



**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जल्द रिहाई के लिए झामुमो छात्र इकाई ने शनिवार को पहाड़ी मंदिर में संकल्प, पूजा–अर्चना और आरती की। झामुमो छात्र इकाई के अमन तिवारी ने कहा कि न्यायालय पर पूर्ण भरोसा है कि हेमंत सोरेन के साथ न्याय होगा। पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना में सचिव असद टिंकू, संगठन सचिव इरफान खान, संगठन, उपाध्यक्ष अमन ठाकुर, उपाध्यक्ष भास्कर महतो, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, कोषाध्यक्ष राहुल मुंडा, अंकित कुमार महतो, रोशन गाड़ी, स्मृति, क्रिस्टल सोनी, गणेश शर्मा आदि आस पास लोग उपस्थित हुए थे।

### समाजसेवी जितेंद्र सिंह आजसू में होंगे शामिल



**रांची।** समाजसेवी व कारोबारी जितेन्द्र सिंह रविवार को आजसू पार्टी में शामिल होंगे। समारोह में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के समक्ष वे पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उनके सैकड़ों समर्थक भी आजसू की सदस्यता लेंगे। बता दें कि श्री सिंह जेके इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं। छठ पूजा समिति, लाइन टैंक रोड चडरी तालाब के मुख्य संरक्षक हैं। इनका दलादिली स्थित अगडु में जेके इंटरनेशनल स्कूल और क्रिकेट एकेडमी भी है। वहीं, नगड़ी में जेके इंटरनेशनल स्कूल तथा चडरी रांची में जेके इंटरनेशनल का प्ले स्कूल है।

# कल से तापमान में 4 डिग्री तक की वृद्धि, 20 से छायेंगे बादल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आने वाले दो-चार दिनों में राज्य के मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखा जायेगा। इस संबध में मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जानकारी दी गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 19 फरवरी तक राज्य का मौसम शुष्क रहेगा। वहीं आज रविवार को सुबह और शाम कोहरा छाये रहेंगे। इसके बाद दिन के समय मौसम साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहने से लोगों को दिन के समय धूप मिलेगी। वहीं, 19 फरवरी से फिर से मौसम में बदलाव देखा जायेगा। जहां 20 फरवरी से राज्य में आंशिक बादल छाये रहेंगे। इस दौरान 22 फरवरी तक राज्य के अलग अलग हिस्सों में बादल छाये रहने की जानकारी दी गयी है। हालांकि बादल छाये रहने के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहेगा।

तापमान की बात करें तो आज 18 फरवरी तक तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। जिससे लोगों को सुबह शाम ठंड का एहसास होगा। हालांकि दिन में आसमान साफ रहने और धूप के कारण लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। इसके बाद 19 फरवरी से बादल छाये रहने के कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। जो चार डिग्री तक की वृद्धि होगी। राजधानी रांची की बात करें तो 20 फरवरी से राजधानी रांची समेत आस पास हिस्सों में भी बादल छाये रहेंगे।

पिछले 24 घंटों में राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 28.2 एमएम चाकुलिया (पूर्वी सिंहभूम) में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस लोहरदगा में दर्ज किया गया। इस दौरान सुबह में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा भी देख गया।

## सत्र के दौरान अनुपस्थित रहने से सदन में पेश होनेवाले मनी बिल में फंसेगा पेंच

# बजट सत्र तक नाराज विधायकों को नहीं मनाया गया तो चंपई सरकार की बढ़ सकती है परेशानी !

कुबेर सिंह

**रांची।** कांग्रेस के नाराज विधायकों के कारण झारखंड की राजनीति एक बार फिर उफान पर है। इन नाराज विधायकों ने न सिर्फ कांग्रेस की बल्कि राज्य की चंपई सरकार की भी चिंता बढ़ा दी है। इनकी मांग है कि चंपई सरकार में कांग्रेस कोटे से बनाये गये सभी चार मंत्रियों को हटाया जाये। नहीं, तो वे लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं। नाराजगी ऐसी की पार्टी के प्रदेश प्रभारी और प्रदेशा अध्यक्ष के मनाने से भी नहीं माने और सभी 12 विधायकों में से आठ दिल्ली चले गये। नाराज विधायकों के इस तेवर को देखकर कांग्रेस आलाकमान भी सकते में है। उसने तत्काल इस स्थिति से निपटने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं झारखंड के पूर्व सह प्रभारी रह चुके उमंग सिंगार को इस संकट से उबारने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये तबतक राज्य से बाहर रहेंगे और किसी भी राजनीतिक या दलीय कार्यक्रमों से दूर रहेंगे, जब तक इनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता। इन विधायकों की नाराजगी की वजह से पूरे राज्य में ऊहापोह की स्थिति बन गई है। बताया जा रहा है कि यदि इन नाराज विधायकों की नाराजगी आनेवाले बजट सत्र से पहले दूर नहीं किया गया, तो सत्र के दौरान सत्ता पक्ष की परेशानी बढ़ सकती है।

बता दें कि आगामी 23 फरवरी से बजट सत्र आरंभ होने वाला है। यदि बजट सत्र के नाराज विधायक सदन में नहीं आते हैं तो वर्तमान सरकार पर खतरा मंडरा सकता है। चूंकि सत्र बजट सत्र है। कई मनी बिल सदन में सरकार को पेश करना है। कोई भी बिल बहुमत के आधार पर ही पास किये जाते हैं। यदि ऐसे में सदन में ये सभी 12 विधायक अनुपस्थित रह गये, तो सरकार के समक्ष संकट की स्थिति पैदा हो जायेगी। यदि सरकार मनी बिल के समय अल्पमत में आ गयी, तो सरकार फ्लोर पर ही गिर सकती है।

### विधानसभा में सत्ता पक्ष की मौजूदा स्थिति क्या होगी

अभी वर्तमान में सत्ताधारी गठबंधन के पास पूर्ण बहुमत है। उनकी कुल संख्या 48 है। इसमें झामुमो, कांग्रेस, राजद के साथ माले का बाहर से समर्थन है। यदि बजट सत्र के दौरान इन 48 विधायकों में 12 विधायक अनुपस्थित हो जाते हैं और झामुमो के नाराज विधायक वैद्यनाथ राम भी उपस्थित नहीं होते हैं, तो विधानसभा नें सत्ता पक्ष की स्थिति विकट हो जायेगी। 48 में से यदि नाराज 13 विधायकों की संख्या को इस आधार पर यदि हम घटा देते हैं, तो सदन मे सत्ता पक्ष के विधायकों की संख्या घटकर 35 हो जायेगी। यदि अंदर से नाराज झामुमो विधायक सीता सोरेन और लोबिन हेंब्रम ने भी इन विधायकों का साथ दे दिया, तो पूरी स्थिति ही पलट जायेगी। यही वजह है कि झामुमो भी इस संकट से चिंतित है और इस संकट को भांपकर ही झामुमो विधायक बसंत सोरेन इन नाराज विधायकों को मनाने रासो होटल पहुंचे थे।



सत्ताधारी दल की स्थिति

| | |
|---|---|
| झामुमो | 29 |
| कांग्रेस | 17 |
| राजद | 01 |
| भाकपा माले | 01 |
| कुल | 48 |

### झामुमो से लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम भी हैं नाराज



चंपई मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह में एक और महत्वपूर्ण घटना घटी। झामुमो के लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम का नाम मंत्री पद की शपथ ग्रहण समारोह से ठीक पहले काट दिया गया। इससे पहले बैद्यनाथ राम का नाम शपथ लेनेवाले मंत्रियों की सूची में शामिल था। शपथ के चंद मिनट पहले नाम काट दिये जाने से बैद्यनाथ राम खासे नाराज हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि इस मामले को लेकर वे किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने इस पूरे मामले को सम्मान और प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है। उन्होंने कहा है कि आनेवाले समय में वे कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। यदि उनका इशारा पार्टी छोड़ने को लेकर होगा, तो सत्ता पक्ष की परेशानी बढ़ सकती है।

# नवनियुक्त मंत्रियों ने किया पदभार ग्रहण

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** चंपई सोरेन सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए गए कांग्रेस और झामुमो कोटे के कुछ मंत्रियों ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने वाले कांग्रेस कोटे के आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख और झामुमो कोटे से हफीजुल अंसारी शामिल हैं। बादल ने नेपाल हाउस स्थित अपने कार्यालय में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का पदभार ग्रहण किया। विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दीक ने उनका बुके देकर स्वागत किया। मौके पर बादल ने विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वित्त वर्ष 2023-2024 समाप्त होना है, ऐसे में बजट में मिली राशि का सही तरीके से खर्च किया जाए। उन्होंने आगामी बजट 2024-2025 की तैयारी को लेकर भी चर्चा की।

आलमगीर आलम ने प्रोजेक्ट भवन में जाकर संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य सहित पंचायती राज विभाग का पदभार संभाला। ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव अजय कुमार सिंह ने बुके देकर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद आलमगीर आलम ने अपने विभागों के कार्यों की समीक्षा भी की।

हफीजुल हसन ने भी प्रोजेक्ट भवन स्थित अपने कार्यालय में अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन और पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग का पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर खेल, पर्यटन, कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, कल्याण विभाग सचिव अरवा राजकमल, खेल निदेशक सुशांत गौरव, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। पदभार ग्रहण के पश्चात विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## डीलिस्टिंग को लेकर दिल्ली में धरना-प्रदर्शन व संसद के घेराव की तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जनजातीय समाज से धर्मांतरित लोगों को एसटी आरक्षण की सूची से बाहर करने को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में धरना-प्रदर्शन और इसके बाद संसद भवन का घेराव किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में पांच लाख से अधिक जनजातीय समाज के लोग शामिल होंगे। हकमारी करने वालों को मिल रहे आरक्षण से वंचित करने की मांग करेंगे। इससे पूर्व पांच अप्रैल को रायपुर में बड़ी बैठक होगी। इसमें दिल्ली कूच करने की तारीख तय होगी। जनजाति सुरक्षा मंच की शनिवार को बरियातू रोड के आरोग्य भवन में हुई बैठक में इसको लेकर चर्चा हुई और विरोध को लेकर तैयारी में जुट जाने का निर्णय लिया गया।

प्रांतस्तरीय विशेष बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव, पंचायत और अखड़ा में बैठक कर जनजातीय समाज को अपनी धर्म, संस्कृति, परम्परा, प्रथा, हक-अधिकार, धरोहर, सरना, मसना, हड़बोड़ी गांवा देवता व जतरा स्थल की जानकारी दी जाएगी। साथ ही संगठन का विस्तार किया जाएगा।

## ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मिलेगा मुआवजा : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने 14 फरवरी 2024 को हुई ओलावृष्टि से किसानों को हुए फसल क्षति से संबंधित रिकॉर्ड उपलब्ध कराने का निर्देश सभी अंचल अधिकारी को दिया। उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि से किसानों को हुए फसल क्षति से संबंधित रिकॉर्ड जल्द उपलब्ध कराया जाये, ताकि किसानों को सही समय पर मुआवजा दिया जा सके। डीसी ने इसे लेकर निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने अंचल क्षेत्र में एक सहायता डेस्क बनाकर ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का आवेदन दिया जाये। इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर उप समाहर्ता भूमि सुधार, सदर / बुंडू रांची के माध्यम से 20 फरवरी 2024 तक भेजने को कहा है।

## मोरहाबादी स्थित रुइन हाउस के बाहर दो पक्षों में झड़प के बाद फायरिंग

**बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान स्थित रुइन हाउस बार के बाहर दो पक्षों के बीच झड़प के बाद फायरिंग की घटना घटित हुई। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। गोलीबारी की घटना को लेकर बरियातू थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रुइन बार एंड रेस्टोरेंट में दो पक्षों के बीच विवाद के बाद एक पक्ष की ओर से फायरिंग की गयी। हालांकि इस फायरिंग में किसी को गोली नहीं लगी, लेकिन कुछ देर के लिए मौके पर भगदड़ मच गई

**धनबाद से कुछ युवक अपना जन्मदिन मनाने पहुंचे थे रेस्टोरेंट**

जानकारी के अनुसार धनबाद से कुछ युवक अपना जन्मदिन मनाने रेस्टोरेंट में आये थे। उसी रेस्टोरेंट में रांची के कांके रोड के कुछ युवक पहले से मौजूद थे। पार्टी के दौरान ही दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामला पहले गाली-गलौज से शुरू हुआ, जिसके बाद नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। इस बीच बार में मौजूद बाउंसर ने दोनों पक्षों को समझाया और बार से बाहर कर दिया, लेकिन बाहर आते ही दोनों पक्ष आपस में भिड़ गये। इसी बीच कांके रोड के एक युवक, जिसका नाम अमित सिंह है, उसने लाइसेंसी हथियार से फायरिंग कर दी। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी। मामले की सूचना पाकर जब तक बरियातू पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक एक पक्ष के लोग जिन्होंने फायरिंग की थी, वे भाग चुके थे। पुलिस ने रेस्टोरेंट के बाहर से एक खोखा भी बरामद किया है। धनबाद से आये युवक भाष्कर कुमार के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। इसके पूर्व एसएसपी ने रूइन हाउस में छापेमारी कर संदिग्ध चीजों को बरामद किया था। एसएसपी ने उसे हिदायत भी दी थी।

## सभी नाराज विधायक पुराने चेहरों को रीपिट नहीं करने की कर रहे हैं मांग

# कांग्रेस के 12 नाराज विधायकों में आठ ही दिल्ली हुए रवाना, चार निजी काम से रुके

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के नाराज आठ विधायक कल रात दिल्ली रवाना हो गए। दिल्ली जाने वालों में अनूप सिंह, दीपिका पांडे, इरफान अंसारी, अंबा प्रसाद, भूषण बाड़ा, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाडी, सोनाराम सिंकू और उमाशंकर अकेला हैं। ये सभी विधायक दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं लेकिन सभी के मन में अब सवाल यह है कि कल तक नाराज 12 विधायक थे, तो आखिर आठ ही विधायक दिल्ली क्यों गए? इस सवाल का जबाब खबर मन्त्र ने खोजा है।



### नमन विक्सल कोंगाडी



कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी दिल्ली नहीं गए। जबकि कल देर रात तक प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के आवास पर हुई बैठक में वे नाराज विधायकों के साथ शामिल थे। दिल्ली नहीं जाने से ऐसा बिल्कुल नहीं है कि नमन विक्सल कोंगाडी अब नाराज नहीं हैं। विक्सल कोंगाडी ने फॉलोअप से बात करते हुए बताया कि उनकी तबीयत बहुत खराब है। यही वजह है कि वह दिल्ली नहीं जा पाए।

### शिल्पी नेहा तिर्की



मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी दिल्ली नहीं गई। जानकारी के अनुसार मांडर इलाके में ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। अपने क्षेत्र के किसानों की समस्या को देखने के लिए वह लगातार क्षेत्र का दौरा कर रही हैं।

### पूर्णिमा नीरज सिंह



झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह मां की अस्वस्थता को देखते हुए दिल्ली नहीं गयीं। वह मंत्रिमंडल विस्तार के कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हो पाई। वह नाराज विधायकों के साथ ही हैं।

### रामचंद्र सिंह

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह भी दिल्ली नहीं गए हैं। जानकारी के अनुसार रामचंद्र सिंह के क्षेत्र में कोई घटना घट गई है। यही वजह है की अंतिम समय में वह दिल्ली नहीं जा पाए। पर, उन्होंने कहा कि वे नाराज विधायकों की मांग को लेकर उनके साथ हैं।

## भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच की तैयारियों में जुटी पुलिस, सुरक्षा को लेकर दिशा निर्देश जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच रांची के जेएससीए स्टेडियम में 23 फरवरी से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। स्टेडियम और उसके बाहर की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन, रांची पुलिस और जेएससीए प्रबंधन समिति की संयुक्त बैठक लगातार जारी है। सूचना के अनुसार दोनों टीमें 20 फरवरी को ही रांची पहुंचेगी, 21 को स्टेडियम में अभ्यास करेंगी। इस दौरान खिलाड़ियों की होटल से लेकर स्टेडियम तक कि सुरक्षा का खाका तैयार किया जा रहा है। इस बार खिलाड़ियों की तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की जायेगी। एयरपोर्ट, होटल और स्टेडियम के लिए 15 हजार से अधिक पुलिसफोर्स की तैनाती की जायेगी।

रांची रेंज के डीआइजी अनूप बिरथरे ने बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले टेस्ट मैच में सुरक्षा को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। मैच के दौरान छह आईपीएस, 10 से ज्यादा डीएसपी और 1500 से ज्यादा पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। ट्रैफिक रुट में किस तरह का बदलाव होगा, पार्किंग और होटल के बाहर किस तरह की सुरक्षा घेरा बनाया जाएगा सभी बातों पर निर्णय लिया जा रहा है। जिस होटल में भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ी ठहरेंगे उसकी सुरक्षा का जिम्मा डीएसपी स्तर के अधिकारी पर होगी।

**टिकट काउंटर पर भी रहेगी पुलिस की निगरानी :** रांची डीआईजी ने बताया कि टेस्ट मैच को लेकर टिकट काउंटर पर भी सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। टिकट को लेकर किसी तरह की अफरा तफरी न मचे, कोई टिकट ब्लैक न करे इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

**एक्स्ट्रा सीसीटीवी की व्यवस्था :** सुरक्षा के मद्देनजर स्टेडियम और उसके बाहर अलग से सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है. साथ ही धुर्वा में ही कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है. कंट्रोल रूम में 20 से अधिक कर्मचारियों को पुलिसकर्मियों के साथ तैनात करने की योजना बनाई गई है।

## आज का राशिफल
### 18 फरवरी 2024

मेष : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-२-४-६

वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-३-५-७

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-२-४-६

कर्क : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-१-५-६

सिंह : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-३-५-७

कन्या : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-३-४-७

तुला : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-३-५-६

वृश्चिक : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें। शुभांक-३-५-७

धनु : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-२-४-६

मकर : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-१-५-८

कुंभ : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-३-५-७

मीन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-१-३-५

# डीएसपीएमयू के विद्यार्थियों का 'मूव फॉर अर्थ' सिंपोजियम में उत्कृष्ट प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) रांची और स्विच ऑन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मूव फॉर अर्थ सिंपोजियम 2024 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) को एक प्रतिभागी के तौर पर आमंत्रित किया गया था। यह संगोष्ठी 16 फरवरी 2024 को आयोजित की गई थी, जिसका विषय था, पर्यावरण और उनसे संबंधित चुनौतियों का समाधान। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माझी थीं। इस प्रतियोगिता में डीएसपीएमयू के माइक्रोबायोलॉजी, जूलॉजी और पर्यावरण विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दिखाई और पर्यावरण से संबंधित विषयों पर कई अनूठे प्रयोग और अपने मॉडलों का प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएसपीएमयू के प्रतिभागियों ने सीवेज अपशिष्ट प्रबंधन विधि, माइक्रोबियल ऊर्जा उत्पादन और गियरलेस पावर ट्रांसमिशन का प्रदर्शन किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डीएसपीएमयू के प्रतिभागियों को सस्टेनेबल मॉडल डिस्प्ले प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार और प्रथम रनर अप के रूप में सम्मानित किया गया था। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने बधाई दी। कुलपति डॉ शांडिल्य ने प्रतिभागियों को कहा अपने विश्वविद्यालय की परिधि से बाहर जाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करने के लिए आप सामूहिक तौर पर बधाई के पात्र है। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने भी इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। यह दल विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी अंकित तिवारी के साथ एक्सआईएसएस, रांची में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुआ था। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## कृषि विज्ञान केंद्र में बागवानी के प्रति किसानों को किया जागरूक



**खूंटी (हि.स.)।** कृषि विज्ञान केंद्र दियांकेल में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर एनएचबी के कार्यक्रम और कृषि योजनाओं को लेकर शनिवार को सैकड़ों किसानों की मौजूदगी में किसान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बागवानी उप निदेशक सीपी गांधी, अशोक कुमार और एसएस पूर्ति ने किसानों को झारखंड राज्य में बागवानी को बढ़ावा देने और किसान समुदाय की आय दुगुनी ने विषय पर जानकारी साझा की। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने प्रगतिशील किसानों को कम लागत में ज्यादा अनाज उपज करने के तरीकों को विस्तृत तरीके से बताया।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण किसान जानकारी के अभाव और ज्यादा उपज की उम्मीद में रासायनिक उर्वरक का उपयोग अंधाधुंध कर रहे हैं। साथ ही किसानों को खेती में जैविक और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने पर जोर दिया। प्रखंड प्रमुख रोहित सुरीन ने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करके प्रखंड क्षेत्र के किसान आय दोगुनी कर सकते हैं।

## झाप्रसे संघ का विदाई समारोह नवप्रोन्नत आइएएस सम्मानित

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) की ओर से शनिवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीते साल राज्य प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए पदाधिकारियों के सम्मान में विदाई सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत होने वाले पदाधिकारियों का स्वागत-सह-सम्मान भी किया गया। साथ ही उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को रेखांकित करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता भी ज्ञापित की गई। जिन पदाधिकारियों को विदाई देते हुए सम्मानित किया गया उनमें राम कुमार सिंह, संजय कुमार, अशोक कुमार खेतान, अभय कुमार सिंहा, सलन भुइयां, रंजना मिश्रा, राकेश रोशन, रंजीत कुमार सिंहा, सरिता दास, विलसन भेंगरा, अशोक कुमार शाह, डॉक्टर संजय सिंह, सुरेंद्र कुमार वर्मा, इंद्रदेव मंडल, अभिषेक श्रीवास्तव, राजेश रंजन वर्मा, नरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नंद किशोर गुप्ता और अरविंद मिश्रा शामिल हैं। झारखंड प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत जिन पदाधिकारियों का स्वागत सह सम्मान हुआ उनमें विधान चंद्र चौधरी, शैलेंद्र कुमार लाल, राजीव रंजन, सुनील कुमार, सुनील कुमार सिंह, विजय कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, रंजीत कुमार लाल, मनोज कुमार रंजन शामिल हैं। सम्मानित होने वाले अधिकारियों ने कहा कि एसोसिएशन की तरफ से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने से साथी अधिकारियों में समूह भावना प्रगाढ़ होती है तथा उनमें एकता और बंधुत्व का भाव बढ़ता है। झासा की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम ने कहा कि उन्हें आज सम्मानित हो रहे अपने सभी वरीय पदाधिकारियों के द्वारा किए गए कार्यों पर गर्व है। झासा ही नहीं पूरा राज्य उनके द्वारा राज्य के विकास में दिए गए योगदान के प्रति कृतज्ञ है।

## प्लास्टिक सर्जरी की मदद से मरीज को आत्मविश्वास भी मिलता है : डॉ कुलदीप

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्लास्टिक सर्जरी की मदद से मरीज को नए जीवन के साथ-साथ अपनी जिंदगी के प्रति आत्मविश्वास भी मिलता है। ये बाते शनिवार को अपोलो अस्पताल के सौंदर्य, प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जरी विभाग के सीनियर सलाहकार डॉक्टर कुलदीप सिंह ने संवाददाताओं से बात-चीत में दी। उन्होंने प्लास्टिक सर्जनों द्वारा अपनाए जा रहे नैतिक मानकों, सुरक्षा प्रोटोकॉल और अग्रणी तकनीकी तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कुशल डॉक्टर को तैयार करने के उद्देश्य से इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में ट्रेनिंग सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टरों को नैतिक, योग्यता केंद्रित प्रशिक्षण के साथ बढ़ती मांग और पहुंच के साथ इंद्रप्रस्थ अस्पताल पूरे भारत में लोगों को उन्नत उपचार प्रदान करने के लिए तैयार है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर रोगी केवल सुंदर दिखे बल्कि आत्मविश्वास से भरपूर महसूस करें। हमारा मिशन केवल सर्जिकल प्रक्रियाएं करना नहीं बल्कि मरीजों को उनकी अनूठी यात्राओं पर साथ देना है।

## जेवीएम श्यामली में सहोदय की हुई एजीएम परमजीत अध्यक्ष व सचिव बने एसके मिश्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेवीएम श्यामली में शनिवार को सहोदय स्कूल कॉम्पलेक्स जनरल बॉडी मीटिंग की बैठक हुई। बैठक में राजधानी के विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य शामिल हुए। बैठक में पिछले तीन वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियों की समीक्षा की गई। साथ ही पाठ्यचर्या संवर्धन,क्रेडिट स्कोर प्रणाली का परिचय, फीस संरचना संशोधन,वार्षिक कैलेंडर जारी करना और नई वेबसाइट का शुभारंभ करना सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर सहोदय स्कूल कॉम्पलेक्स की नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष परमजीत कौर, प्रिंसिपल, सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल, सचिव एस के मिश्रा,प्राचार्य एसआर डीएवी पुंदाग,- कोषाध्यक्ष राजेश पिल्लई, प्रिंसिपल, कैराली स्कूल, उपाध्यक्ष जीतेन्द्र तिवारी, सरस्वती विद्या मंदिर,संयुक्त सचिव सुभाष पाटनी, प्राचार्य, साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल, बुंडू,सहायक कोषाध्यक्ष किरण यादव, प्राचार्या, नीरजा सहाय डीएवी कांके को चुना गया। बैठक का समापन नवनिर्वाचित अध्यक्ष परमजीत कौर द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

## खबर एक नजर में

### पुण्यतिथि पर याद किये गये भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर



**रांची।** भारत रत्न कपूरीं ठाकुर की 36वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन नेहरू युवा केंद्र में किया गया। राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कांके के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत कपूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पअर्पित कर किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता संत जेवियर कॉलेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश पाण्डेय ने भारत रत्न कपूरीं ठाकुर के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर डॉ रमण कुमार झा,डॉ ओम प्रकाश, गौरव अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**रांची।** स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन शनिवार को अमन यूथ सोसाइटी, मोजाहिद नगर, हिंदपीढ़ी वार्ड न0 22 में किया गया। इस जांच शिविर में 150 लोगो का नि:शुल्क चर्म एवम सौंदर्य रोग से संबंधित सभी रोगो का जांच किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, के अध्यक्ष संतोष सोनी का योगदान रहा। मौके पर तेजस स्कीन एंड चिल्ड्रेन क्लीनिक के डायरेक्टर डा0 स्वेता,नरेंद्र महतो,एवम वार्ड न0 22 के निर्वतमान पार्षद नाजिया असलम,मो0 शकील राही, मो0 असलम,अब्दुल बारी, विलियम टोप्पो, मो0 इरशाद मौजूद थे।

### भूमि अधिकार चुनौतियों पर कार्यशाला का आयोजन




**रांची।** एमएचटी और क्राई अमेरिका के द्वारा शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय झारखंड में तीव्र शहरी विकास में आवास और भूमि अधिकार चुनौतियों को नेविगेंट,करना था। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आवास और भूमि अधिकारों का पता लगाना, पीएमएवाई के प्रभाव का आकलन करना, रांची की भूमि स्वामित्व चुनौतियों से निपटना और सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करना था।

### नाई ट्रेड यूनियन ने कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** अखिल भारतीय नाई संघ, ट्रेड यूनियन की ओर से शनिवार को जननायक कपूरीं ठाकुर चौक, हिनू में कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई। संगठन के अवधेश ठाकुर व मनोज शर्मा के नेतृत्व में समाज के लोगों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह में पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, रामसेवक तिवारी समेत अन्य शामिल हुए। आयोजन में अनुज कुमार, अनिल शर्मा, दिलीप ठाकुर, प्रिंस ठाकुर, उदय शंकर शर्मा, बाबूलाल ठाकुर, छेदी ठाकुर, मनोज ठाकुर, प्रकाश, दीपक, विजय समेत अन्य की भागीदारी रही।

### टेंडर हार्ट की छात्राओं ने नेशनल क्विज में किया प्रतिनिधित्व

**रांची।** टेंडर हार्ट स्कूल की छात्रा साक्षी और कृतिका ने आईएचएम नेशनल क्विज में देश के पूर्वी जोन का प्रतिनिधित्व किया। अखिल भारतीय होटल प्रबंधन संस्थान द्वारा आईएचएम, नोएडा में आयोजित नेशनल क्विज में पूरे देश के 6 विभिन्न हिस्सों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। क्विज के फाइनल राउंड में टेंडर हार्ट की टीम को 10,000 रुपये के कैश प्राइज से पुरस्कृत किया गया। साक्षी व कृतिका की सफलता पर टेंडर हार्ट के चैयरमैन सुधीर तिवारी और प्राचार्या उषा किरण झा ने उन्हें बधाई दी।

### रातू रोड दुर्गा मंदिर का 37वां वार्षिकोत्सव आज से



**रांची।** दुर्गा मंदिर, रातू रोड का 37वां वार्षिकोत्सव इस बार भी धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। आज उत्सव की शुरुआत सुबह मां के अभिषेक-पूजन और श्रृंगार से होगी। गणपत्यादी देवताओं आदि का पूजन किया जायेगा। इसके बाद दिन के नौ बजे गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। यात्रा मंदिर से निकल कर राणी सती मंदिर लेन, पहाड़ी मंदिर रोड, गाड़ीखाना चौक, जेजे रोड, शहीद चौक से मुड़कर गांधी चौक, महावीर चौक के रास्ते न्यू मार्केट चौक, रातू रोड होते हुए आयोजन स्थल पहुंच कर संपन्न होगी। दूसरे दिन 19 फरवरी को शाम साढ़े छह बजे से भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू होगा। आरआर स्पोर्टिंग क्लब के मुख्य संरक्षक विक्की यादव और अध्यक्ष राहुल यादव ने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है।

## झारखंड के वीर शहीद हमारे आज के रोल मॉडल : डॉ एसएम अब्बास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) रांची के जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में वीर बुधु भगत की जयंती मनायी गयी। इस कार्यक्रम में विभाग के डॉ विनोद कुमार एवं कुड़माली भाषा विभाग के अध्यक्ष डॉ पीपी महतो के द्वारा वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया और संथाली विभाग के छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष डॉ एसएम अब्बास ने वीर बुधु भगत के बलिदान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर शहीद हमारे आज के रोल मॉडल हैं। इनके बताये मार्ग पर हमें चलना चाहिए क्योंकि ये जल, जंगल, जमीन के लिए अंग्रेजों, साहूकारों एवं महाजनों से लड़े और अपनी सभ्यता संस्कृति की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। डॉ विनोद कुमार ने झारखंड के महापुरुष बुधु भगत के बारे विस्तृत जानकारी छात्रों को दी। उन्होंने कहा कि हमारे वीर महापुरुषों ने बल से ज्यादा बुद्धि का प्रयोग किया और अपने अधिकार को बरकरार रखा। डॉ पीपी महतो ने कहा कि आज हम स्वतंत्र हैं तो इसका सारा श्रेय झारखंड के वीर महापुरुषों को जाता है, जिन्होंने स्वतन्त्रता के लिए अपना बलिदान दिया। कार्यक्रम का मंच संचालक डॉ युगेश कुमार महतो ने किया। इस कार्यक्रम में विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ डुमिनी माई मुर्मू, डॉ सीता उरांव, डॉ दशमी ओरेया, डॉ मालती वागीसा, लक्ष्मीकांत प्रमाणिक, सुनीता, शांति, सुशीला, संतोष कुमार मुर्मू, एवं रिसर्च स्कॉलर अशोक, रूपेश, राजेश, प्रवीण ,धनेश्वर आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ सीता कुमारी उरांव द्वारा किया गया।

## गोस्सनर कॉलेज रांची के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में मनी वीर शहीद बुधु भगत की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गोस्सनर कॉलेज रांची में शनिवार को जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की ओर से वीर शहीद बुधु भगत की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। अमर शहीद वीर बुद्ध भगत का जन्म 17 फरवरी 1792 में सिलागाई गांव में हुआ था। 13 फरवरी 1832 को शहीद हुए थे। इस अवसर पर गोस्सनर कॉलेज के शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर अमरदीप टोपनो ने कहा कि जिस तरह से शहीदों ने अपना जीवन समाज के लिए कुर्बान कर दिया।

उसी तरह हमें भी एकजुट और संगठित होकर समाज हित में काम करने की जरूरत है। वीर बुधु भगत ने हमें अपने जीवन से जो सीख दी है उससे प्रेरणा लेने की जरूरत है। डॉ योताम कल्लू ने कहा कि जो समाज अपने इतिहास को नहीं जानता वह बिखर जाता है। आज हमें अपने इतिहास को जानने की जरूरत है।

नागपुरी विभाग के डॉ कोरनेलियुस मिंज ने कहा कि बच्चों को वीर शहीदों के बारे में बताने की जरूरत है। मौके पर कुडुख के प्रोफेसर हेमंत टोप्पो ने भी वीर बुधु भगत के जीवन पर प्रकाश डाला। संथाली विभाग के प्रोफेसर फ्रांसिस मुर्मू, मुंडारी विभाग की प्रोफेसर मीना सुरीन, योग टीचर नीलांजना ने भी अपने विचार रखे।

## श्याम भंडारे का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** भजन से शनिवार को हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 100 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित करने का। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमानश्री मंडल के पूर्व अध्यक्ष पूर्व महामंत्री स्मृतीशेष हरि प्रसाद श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल ,शालिग्राम, शिव परिवार, हनुमान व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। पेडीवाल परिवार ने खाटूनरेश को भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को पूरे परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का वितरण समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से भर गया था। हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारो जय घोष से संपूर्ण छेत्र गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश महाराज की जयकारों के बीच जैन परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग 2500 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी,महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ,पूर्व सांसद अजय मारू ,राजीव रंजन मित्तल ,प्रमीला पेडीवाल, शशांक पेडीवाल ,शांतनु पेडीवाल,ा स्वेता पेडीवाल ,सोनी पेडीवाल, आयुस्मान, अर्थव पेडीवाल,मनीष वर्मा, झूलन मुंडा ,उपेंद्र पांडे, कृष्णा शर्मा, शीतल घोष ,अमित महतो , तरुण शर्मा, नकुल मुंडा सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

स्पीड न्यूज

## विवाहिता ने की आत्महत्या

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के पैका हरा बेड़ा गांव में सीमा देवी नामक विवाहिता 24 वर्ष ने शनिवार की सुबह अपने ससुराल में घर की बल्ली में साड़ी बांध कर गले में फांसी लगा कर अत्महत्या कर ली। बताया गया कि पिछले 10 अगस्त 2023 से ही वह अपने पति अनिल मुंडा को छोड़ कर अपने प्रेमी राजू पंडित के साथ फरार थी। रात में ही वह अपने ससुराल आई थी। बताया गया कि घटना के समय उसका पति अनिल मुंडा अपने घर पर नहीं था। वह पास के ही गांव से अपने मां-बाप को लाने के लिए गया था। सीमा देवी के दो बच्चे अशीष छह वर्ष तथा प्रीतम तीन वर्ष का है। सीमा देवी का मायका बानपुर गांव में है। सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## हुंकार महारैली में शामिल होंगे मनातू के ग्रामीण

**कांके।** 25 फरवरी को आहूत हुंकार महारैली में मनातू गांव के हजारों लोग शामिल होगेंण्महारैली को सफल बनाने को लेकर शनिवार को किसान भवन मनातू में कुरमीध्कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले बैठक हुयीण्बैठक में कुरमीध्कुड़मी विकास मोर्चा के संगठन सचिव अनुप महतो ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार पिछले 25 वर्षे से कुरमी के अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे है। मौके पर रुपलाल महतो बेनी महतो रोशन महतो रतनलाला महतो कृष्णा महतो निरंजन महतो सहित कई थे।

## इडी के विरोध में झामुमो की न्याय यात्रा

**कांके।** केंद्र सरकार के इशारे पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर इडी द्वारा की गयी कारवाई के विरोध में झामुमो कांके प्रखंड समिति ने न्याय यात्रा निकाला। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में न्याय यात्रा की शुरूआत प्रखंड से उरगुटू पंचायत से शुरू हुई, जो 32 दिनों तक प्रखंड के 32 पंचायतों तक जायेगी। मौके पर केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर सज्जाद अंसारी मोइन अंसारी जीतलाल पाहन शाहाबुदीन मो चांद सहित कई थे।

## डीडीसी से मिला जिला प्रमुख संघ

**नामकुम।** रांची जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष सोमनाथ मुण्डा के नेतृत्व में शनिवार को सभी प्रखण्ड प्रमुखों ने उपविकास आयुक्त रांची से मुलाकात की। इस दौरान सभी ने अबुआ आवास योजना में हुई अनियमितता की जांनकारी देते ग्रामसभा द्वारा चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर आवास योजना का लाभ देने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में आशा कच्छप, दीपा उरांव, मधुवा कच्छप, राजकुमार बिंझिया,नीलमणि देवी आदि मौजूद थे।

## भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन में विदाई समारोह

**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के अंतर्गत सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छवि सिन्हा, नितिन पराशर एवं दिपाली पराशर आदि उपस्थित थे।

# 65 हजार साल पुरानी है आदिवासी सभ्यता

## सिलागाईं में मनी वीर बुधू भगत की 232वीं जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो।** अमर शहीद वीर बुधू भगत की 232वीं जयंती उनके पैतृक गांव प्रखंड के सिलागाई में धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, स्मारक समिति के संरक्षक डॉ परमेश्वर भगत उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि हम आदिवासियों को हमेशा से विश्वास रहा है कि हमारी सभ्यता 65 हजार साल पुरानी है। लोकतंत्र का सिख आदिवासी समाज ने सिखाया है। हम अपनी जरुरत भर से खुश रहते हैं। हम सोना-चांदी नहीं पहनते हैं तो कहते हैं हम गरीब हैं, हम गरीब नही संतुष्ट है। वीर बुधू भगत को स्वतंत्रता संग्राम का जननायक बताते हुए उनके बताए आदर्शों पर चलने की बात कही। कुछ लोग हमलोगों को आदिवासी बोलने से कतराते है और हमे वनवासी और जनजाति बोलते है ऐसे लोगों से सावधान रहना होगा। हम अपने पूर्वजों में विश्वास करते है। आज के खतरनाक विकास के दौड़ में अगर आज हम बचे हुए हैं तो इसके पीछे भगवान बिरसा मुंडा और वीर बुधु भगत जैसे पूर्वजों का आदर्श है। आदिवासियत में कोई जाति प्रथा, छुआछूत, ऊंच नीच नहीं है। हम एक साथ खाते हैं, नाचते हैं। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि वीर बुधु भगत जैसे महान योद्धाओं से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज संविधान खतरे में है, लेकिन संविधान को बचाने के लिए कोई आदिवासी पीछे नहीं हटेगा। स्मारक समिति के संरक्षक डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि वीर बुधु भगत की शहादत हमे शोषण और अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करता है। शनिवार सुबह जलयात्रा के साथ जयंती समारोह का शुरूआत हुआ। दक्षिण कोयल नदी से जल लेकर स्मारक स्थल पहुंचे सैकड़ों लोगों ने पूजा अर्चना किया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया।

### कार्यक्रम में ये लोग हुए शामिल

कार्यक्रम को समिति के उपाध्यक्ष भउवा उरांव और सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट हेमंत गुप्ता ने भी संबोधित किया। मंच संचालन गोपाल भगत ने किया। मौके पर स्मारक समिति के अध्यक्ष शिवपूजन भगत, महासचिव गोपाल भगत, दिलीप सिंह, अजीत सिंह, मोजीबुल्लाह, महादेव भगत, मोरहा उरांव, शभू भगत, अल्फ्रेड मिंज, भउवा उरांव, प्रोफेसर रामकिशोर भगत, रामधनी भगत, बीडीओ अशोक कुमार, सीओ संजीव कुमार, जौनी उरांव, पूर्व प्रमुख अनिता देवी, जुल्फेकार अली, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तियाक, अब्दुल्लाह अंसारी आदि मौजूद थे।

# देश के विकास में सदानों का महत्वपूर्ण योगदान

**ओरमांझी।** सदान विकास पार्टी द्वारा 25 फरवरी को जयपाल सिंह स्टेडियम रांची में आहूत सदान एकता महारैली को लेकर राष्ट्रीय उपध्यक्ष डा प्रदीप कुमार द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में जन जनसंपर्क जागरूकता अभियान चलाकर महारैली को सफलता बनाने की आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा एक गहरी साजिश के तहत सदानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। 70 प्रतिशत सदानों द्वारा देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जब भी सदान हित की बात आती है तो सभी पार्टी के नेता खामोश हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक झारखंड में सदन विकास पार्टी की सरकार नहीं बनेगी तब तक सदानों का कल्याण नहीं होगा। राज्य के सभी सदान मूलवासी, सर्वजाति, सर्व धर्मावलंबियों सदानों, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, दलित, मुस्लिम, बैकवर्ड व फारवर्ड सहित सभी सदानों से महारैली में शामिल होकर रैली को सफल बनाने की अपील की गई। डॉ प्रदीप कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया ओरमांझी के अलावा अनगड़ा और नामकुम प्रखंड के विभिन्न गांव में कार्यकर्ता संपर्क अभियान चला रहे हैं।

# नगड़ी में पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी में मेन रोड स्थित मस्जिद के पास शुक्रवार को सरस्वती प्रतिमा का विसर्जन कर लौट रहे जुलूस में पथराव की घटना के बाद शनिवार की सुबह नगड़ी में तनाव व्याप्त रहा। स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। वहीं दिन भर घटना को लेकर लोगों के बीच चर्चा होती रही। शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस प्रशासन नगड़ी सहित आसपास के गांव और मुहल्लों में लगतार पेट्रोलिंग करता रहा। सदर अनुमंडल दंडाधिकारी उत्कर्ष कुमार, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने नगड़ी में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च नगड़ी थाना से शुरू होकर कुडला, साहेर गांव, केसरी मुहल्ला तक गया। इधर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने कहा कि प्रशासन शांति व्यवस्था के लिए हर कदम उठाएगी। इधर नगड़ी, रांची एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने कहा कि नगड़ी में धारा 144 जारी रहेगी। लाउड स्पीकर से क्षेत्र के सभी गांवों में धारा 144 लागू होने की सूचना दी गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस 22 लोगों को गिरफ्तार की है, वहीं पांच खोखा बरामद हुई है। फ्लैग मार्च में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह नगड़ी थाना प्रभारी अरमान उल हक, नगड़ी प्रखंड पदाधिकारी दीपाली भगत, नगड़ी सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार, प्रदीप कुमार केसरी सहित पुलिस जवान शामिल थे।

## सोनाहातू में आदिवासी जन परिषद का जनसंपर्क

**सोनाहातू।** आदिवासी जन परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल सदस्य सोनहातू प्रखंड के कई गांव का दौरा किया। आदिवासी जन परिषद के तत्वावधान 25 फरवरी 2024 को पतराहातू स्कूल मैदान मे आदिवासी अधिकार महासम्मेलन आहूत की गयी है। इसको सफल बनाने के लिए गांव में जनसम्पर्क किया गया। महासम्मेलन में आदिवासियों के धर्म कोड एवं संविधानिक अधिकार लागु करने हेतु संघर्ष तेज करने की संकल्प ली जाएगी। जनसंपर्क अभियान के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि पूरे पांच परगना क्षेत्र में आदिवासियों के हालात पर सुधार की जरूरत है। अभी भी ट्राइबल सब प्लान की राशि गांव तक नहीं पहुंच पाती है।

# ओरमांझी में भाजपा की गांव परिक्रमा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



गोमाता की पूजा करते भाजपा कार्यकर्ता।

**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता गांव परिक्रमा यात्रा शुरू कर किसानों का उत्साहवर्धन के लिए गौ माता व कृषि यंत्रों की पूजा की जाएगी। शनिवार को ओरमांझी में भाजपा किसान मोर्चा के तत्वावधान में गौ माता की पूजा कर ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ किया गया। वहीं वरिष्ठ किसान व पुरोहितों को सम्मानित किया गया। बाद में स्थानीय किसानों व ग्रामीणों के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किसानहित में चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर ग्राम परिक्रमा यात्रा शुरू की गई है। कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ता गांव में जाकर लाभार्थी ग्रामीण किसानों से संपर्क स्थापित कर गौ माता की पूजा व कृषि कार्य में उपयोग में होने वाले ट्रेक्टर व अन्य कृषि यंत्रों का पूजन करेगी। साथ ही देश के अन्नदाता की समस्याओं को जानने का प्रयास भी करेंगे।

### कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

कार्यक्रम में ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, पंचायत समिति सदस्य ललित मेहता, वार्ड संघ प्रखंड अध्यक्ष सत्यमराज कुशवाहा, कामेश्वर महतो, अलखनाथ महतो, शशि मेहता, आनंद महतो, राजकीशोर साहू, अरविंद महतो, किरण देवी, ममता देवी, किरण मेहता, सालो देवी, नारायण महतो, चन्द्र महतो, धीरज पांडे सहित कई किसान आदि उपस्थित थे।

## उरुगुट्टू पंचायत से न्याय मार्च शुरू

**ठाकुरगांव।** झामुमो कमेटी द्वारा शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी के नेतृत्व में उरुगुट्टू पंचायत से न्याय मार्च शुरू हुई।

## सोनाहातू में 11वां चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट आज

**सोनाहातू।** प्रखंड स्थित थाना मैदान में रविवार को 11 वां चैम्पियंस ट्रॉफी एक दिवसीय फुटबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में आठ टीमें भिड़ेंगी। विजेता टीम को नगद 1 लाख 31 हजार रुपए व ट्रॉफी, उपविजेता टीम को नगद 81 हजार रुपए व ट्रॉफी एवं तृतीय व चतुर्थ स्थान रखने वाले दोनों टीमों को क्रमश: 31-31 हजार रुपए दिये जायेंगे।

# लक्ष्मी प्रिया अध्यक्ष और अभिलाषा बनीं सचिव

## समर्पणदीप बीएड कॉलेज में प्रशिक्षु शिक्षक संसद का किया गया गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** समर्पणदीप बीएड कॉलेज में छात्र कल्याण समिति की ओर से प्रशिक्षु शिक्षक संसद के लिये कराये गये वार्षिक चुनाव में लक्ष्मी प्रिया अध्यक्ष और अभिलाषा कुमारी सचिव चुनी गयीं। इसके अलावा अनुशासनए, वर्कशॉप व सेमिनार, सांस्कृतिक, मैगजीन, लाइब्रेरीए आर्ट एवं क्राफ़्ट, क्लेननेसए खेल तथा एनएसएस वोलंटरी सचिव के लिये भी प्रशिक्षुओं का चयन किया गया। कॉलेज के सचिव नवलकिशोर गुप्ता ने उन्हें पद की शपथ दिलायी। इससे पूर्व छात्र-छात्राओं ने सभी पदधारियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस बीच बधाई और शुभकामनाओं का दौर चला और मिठाईयां भी बंटी। संचालन आनंद कुमार भगत ने किया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

सीमा कुमारी, लीना, कुमारी संगीता, शांति कुमारी, आकृति, साक्षी कुमारी, आलिया, पल्लवी कुमारी, शिवानी, सुनीता, ऐश्वर्या, साक्षी, श्रुति, श्रेया, सुधा, विकास, पंकज, राजकुमार, कार्तिक, अतुल, संदीप, अजित, मो आमीर, बबलू और कुंदन कुमार आदि।

### चुनाव में थे शामिल

अभिषेक सिंह, नवल किशोर गुप्ता, विकास पोद्दार, जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंहए दशरथ महतो, आनंद भगत, शशि कुमारी तिर्की, लीना कुमारी, वासिफ शाह, कन्हैया लाल केशरी, अच्युतानंद मिश्र, हरजीत कौर, ऋतु जया करकेट्टा, शालिनी सिन्हा, कन्हाई महतो, अनिल साहु, दिनेश महतो व शिवराज भगत।

# सत्संग वह जल है जिसमें कौआ स्नान कर हंस बनकर निकलता है : पंकजजी महाराज

प्रवचन

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** संतों, महापुरुषों का सत्संग वह जल है जिसमें कौआ स्नान करके हंस बनकर निकलता है। उक्त बातें संत पंकज जी महाराज ने शनिवार को इटकी प्रखंड के कुल्ली गांव स्थित जतरा मैदान में आयोजित सत्संग समारोह में कही। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के मुख्यालय मथुरा से चली 82 दिवसीय आध्यात्मिक वैचारिक जनजागरण यात्रा के 53वें पड़ाव में उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति के लिये शाकाहारी सदाचारी व नशा मुक्त होना जरूरी है। सत्संग में किसी व्यक्ति विशेष, जाति, सम्प्रदाय की आलोचना नहीं की जाती बल्कि यहां तो भगवान की भक्ति के प्रति प्रेम व श्रद्धा पैदा की जाती है। समाज में व्याप्त हिंसा, अपराध जैसे अमानवीय कार्यों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि अमानवीय कार्यों से प्रकृति नाराज है। यदि समय से आपने अपने को नहीं बदला तो भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सत्संग में शामिल लोगों से गांव-गांव में भजन केन्द्र स्थापित करने और लोगों को शाकाहारी व नशा मुक्त बनाने का अपील किया।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर जयगुरुदेव संगत झारखंड अध्यक्ष रामचन्द्र, मृत्युन्जय झा, अविनाश कुमार, सोमा उरांव, राम सेवक महली, अर्जुन उरांव, अमित उरांव, मन बहाल गोप, योगेन्द्र गोप, ऋषिदेव श्रीवास्तव, ब्रजमोहन यादव, राम प्रसाद, बाबूराम यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

## बेड़ो में घर और फसल तहस-नहस कर रहे गजराज, ग्रामीणों में दहशत का माहौल



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के कोकड़े गांव में शुक्रवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे पांच जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए प्रकाश उरांव के घर को ध्वस्त कर दिया। वहीं हाथी ने जहाना गांव में महावीर गोप, धर्मा मुंडा, लक्ष्मण मुंडा के आलू, मटर व सरसों के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इधर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खासकर वन क्षेत्र से सटे गांवों में हाथियों के आतंक से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।आए दिन यहां जंगली हाथियों द्वारा किसानों की हाड़ तोड़ मेहनत व खून पसीने से सिंचित की गई फसलों को पैरों तले रौंदकर बर्बाद किया जा रहा है। साथ ही जंगली हाथियों का झुंड गरीब किसानों व मजदूरों के आशियाने को ध्वस्त कर अनाज को चट कर जा रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से क्षतिपूर्ति के एवज में मुआवजा का भुगतान करने की मांग किया है।

## डीएवी बेड़ो में विद्यार्थियों का आशीर्वाद समारोह



**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में शनिवार को मैट्रिक की परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों का आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ स्कूल प्रबंध समिति की ओर से स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार, सेक्रेट्री श्रवण कुमार एवं शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों से कहा कि आज आप उस पड़ाव पर पहुंच गए हैं, जहां से आपको अपने कॅरियर को लेकर सोचना है। शिक्षकों ने बच्चों को परीक्षा के लिए टिप्स भी दिए और उन्हें बिना किसी मानसिक दबाव के परीक्षा देने का सुझाव दिया। समारोह में बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिका व विद्यार्थी मौजूद थे।

## अधिकारियों ने किया अंतरराज्यीय सीमा का निरीक्षण



**सोनाहातू।** प्रखंड से लगने वाली अंतरराज्यीय सीमा का निरीक्षण शनिवार को किया गया। बुंडू एसडीएम संदीप अनुराग टोपनो, एसडीपीओ रतिमान सिंह, बीडीओ खगेश कुमार, थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल की टीम ने सोनाहातू से लगने वाली बंगाल की सीमा दुलमी स्वर्णरेखा नदी के डांगडुंग घाट पर जाकर कई बिंदुओं का अध्ययन किये। अपराध को प्रभावित करने वाले तत्वों की जानकारी ली गयी। इसके अलावा बंगाल सीमा जो पुरुलिया जिला के अंतर्गत आता है सभी घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अन्य जिला से लगने वाला सीमा मिलन चौक जो सरायकेला खरसावां जिला के बॉर्डर है उनका भी निरीक्षण किया गया।


कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया, जिला-कोडरमा
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

पत्रांक ................ दिनांक ................

आम सूचना

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार रांची के पत्र के ज्ञापांक 01/न0प्र0नि0/NULM/SUSV–चुनाव/82/2017 2312 दिनांक– 21.12.2023 के निर्देश के अनुपालन में आज दिनांक– 06.02.2024 को नगर परिषद अंतर्गत दिनांक– 05.09.2018 को गठित टाउन वेंडिंग कमिटि को निरस्त किया जाता है।

विभागीय पत्र के अनुसार टाउन वेंडिंग कमिटि के पाँच वर्ष के अवधि पूर्ण होने के उपरान्त नए सिरे से गठन किया जाना है। नए सिरे से गठन हेतु अखबार में चुनाव संबंधी सूचना प्रकाशन किया जाएगा।

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 319350 Urban Development (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–34/2023–.24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम — कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 23.02.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 26.02.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.02.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work for UMV Nawada Block Katkamdag, Hazaribag for the year of 2023-24 | 4732650/- | 95000/ | 5000/- | 04 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 319322 Building(23-24)D

झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ0एफ0पी0 भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (5th Call)
PR No. -309843 dated 25.10.2023

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 326/2023-24 दिनांक :- 17.02.2024

मुख्य अभियंता, जे0एस0आर0आर0डी0ए0, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-KHU-05 /2023-24 | मुरहू | 1 | L041 घनसांरा से टेंगरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0 –3.870 कि0मी0) | 1313.847 | तेरह करोड़ तेरह लाख चौरासी हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 महीना |
| | | मुरहू | 2 | L043 दुदरी से तुम्बुकेल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0 –1.117 कि0मी0) | | | |
| | | मुरहू | 3 | ओएबुरा से ईटकेडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0 –5.800 कि0मी0) | | | |
| | | मुरहू | 4 | एटकेडीह तजना नदी से जेउरी भाया कुदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0 –2.800 कि0मी0) | | | |
| | | मुरहू | 5 | L046 बाला से घघारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0 –3.430 कि0मी0) | | | |
| | | मुरहू | 6 | L047 ओस्केया से गनगीरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0 –3.559 कि0मी0) | | | |
| | | मुरहू | 7 | सिरका सिमाना मुख्य सड़क से कोजरंग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0 –2.770 कि0मी0) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–20.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 26.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–27.02.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे0एस0आर0आर0डी0ए0, राँची, एफ0एफ0पी0 भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– ..................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे0एस0आर0आर0डी0ए0, राँची।

PR 319382 (Rural Work Department) 23-24 (D)

**समय संवाद**

ध्यान देने योग्य बात यह है कि यदि हम किसी चीज के बारे में नहीं जानते या उसका अनुभव नहीं किया है, तो इसका मतलब यह नहीं कि वह अस्तित्व में नहीं है। इस राह पर पहला कदम हमारे पिछले कर्मो के अनुभवों का विश्लेषण करना है, जो सुखद कर्मफल के लिए किये गटये थे और उनमें से अधिकांश कर्म से दुख मिले। दूसरे, कर्म के फल की अपेक्षा किये बिना छोटे-छोटे कर्म करना शुरू करें, श्रीकृष्ण के आश्वासन पर श्रद्धा के साथ किए ऐसे कर्म सम्भव हैं।

# श्री कृष्ण से जानें, निष्काम भाव से कर्म के क्या हैं लाभ

श्री कृष्ण कहते हैं, जिसको शास्त्र संन्यास कहते हैं, उसी को तू योग जान क्योंकि संकल्पों का त्याग न करने वाला कोई भी पुरुष योगी नहीं होता। योग में आरूढ़ होने की इच्छा वाले मननशील पुरुष के लिए योग की प्राप्ति में निष्काम भाव से कर्म करना ही हेतु कहा जाता है और योगारूढ़ हो जाने पर उस योगारूढ़ पुरुष का जो सर्वसंकल्पों का अभाव है, वही कल्याण में हेतु कहा जाता है। जिस काल में न तो इन्द्रियों के भोगों में और न कर्मों में ही आसक्त होता है, उस काल में सर्वसंकल्पों का त्यागी पुरुष योगारूढ़ कहा जाता है। हमारी मान्यता है कि कर्म मनोवांछित कर्मफल प्राप्त करने से प्रेरित होते हैं, नहीं तो कोई कर्म क्यों करेगा। ध्यान देने योग्य बात यह है कि यदि हम किसी चीज के बारे में नहीं जानते या उसका अनुभव नहीं किया है, तो इसका मतलब यह नहीं कि वह अस्तित्व में नहीं है।

इस राह पर पहला कदम हमारे पिछले कर्मों के अनुभवों का विश्लेषण करना है, जो सुखद कर्मफल के लिए किये गटये थे और उनमें से अधिकांश कर्म से दुख मिले। दूसरे, कर्म के फल की अपेक्षा किये बिना छोटे-छोटे कर्म करना शुरू करें, श्रीकृष्ण के आश्वासन पर श्रद्धा के साथ किए ऐसे कर्म सम्भव हैं। अंत में प्रशंसा और आलोचना जैसे ध्रुवों को पार करना (द्वंद्वातीत होना) है, जिससे आनंद प्राप्त होता है। श्रीकृष्ण बार-बार निष्काम कर्म और इन्द्रिय विषयों के प्रति अनासक्ति को सुझाते हैं। यह सुझाव हमें बाहरी दुनिया से जोड़ने और भौतिक अस्तित्व सम्बन्धी बुनियादी निर्णय लेने के लिए इंद्रियों को केवल उपकरणों के रूप में उपयोग करने के बारे में है। इससे इतर कोई भी आसक्ति कर्मबंधन है। उदाहरण के लिए, जब हम किसी सुंदर वस्तु को देखते हैं और उसकी सुंदरता की सराहना करके आगे बढ़ जाते हैं, तो यह अनासक्ति है। उससे जुड़ने से उसे पाने की इच्छा पैदा होती है और बाद में प्रेरित कार्यों के लिए अग्रसित करती है।



# भाव ही भगवान और सरलता ही भक्ति

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**धर्म** की कथा मनोरंजक होने के साथ प्रेरणादाय होती है। कथाओं में जो गूढ़ रहस्य होते हैं उन्हें समझने की आवश्यकता है। राम कथा में जितने भी पात्र है उनके गुणों को अपने अंदर उतारने की आवश्यकता है। हनुमान के भाव को समझाने के लिए जिस प्रकार हनुमान के दिल में राम, लक्ष्मण और सीमा को बताया जाता है वह एक बड़ा उदाहरण है। राम त्याग के प्रतिक थे, लक्ष्मण बैराग्य के प्रतिक और सीता सेवा की प्रतिक थी। हनुमान के ह्दय में त्याग, बैराग्य और सेवा कूट-कूट कर भरा था यही इस बात का संकेतात्मक उदाहरण है। आज समाज में त्याग, बैराग्य और सेवा भाव की कमी है। हनुमान की पूजा का अर्थ इन सभी गुणों का अपने अंदर स्थापना करना है। यह कैसे संभव है? यह तब संभव है जब हम इन गुणों से युक्त संत-महात्माओं की संगत करें। उनका अनुसरण करें। त्याग के बिना समाज नहीं चल सकता है। जीवन के क्रम में वैराग्य भाव आना भी आवश्यक है। लक्ष्मण जैसा वैराग्य जिन्हें कोई आवश्यकता नहीं थी कि जंगल जाये लेकिन वे राम की त्याग और सीता की सेवा का सम्मान किया। भारतीय परम्परा में भक्ति और बैराग्य का महत्व है। सामाजिक जीवन में आज भी पुरानी परम्परा ज्यादा मान्य हैं। विवाह परम्परा में लड़की को पिता लड़का के लिए अपनी पुत्री दान करता है और वह सब कुछ छोड़कर पति के घर आ जाती है। भारतीय महिलाओं के इसी त्याग के कारण समाज को मजबूती मिली है। बैराग्य परम्परा में भी सन्यासी सब कुछ छोड़कर गुरु आश्रम में आ जाते हैं। भक्ति और ज्ञान भी समय काल और स्थितियों के अनुसार बदला है। ब्रंहम विद्यालय की चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि छपरा से यह भक्ति परमहंस दयाल जी के माध्यम से टेरी वर्तमान पंजाब तक प्रसारित हुई। पंजाब में विकसित हुई और फिर काशी होती हुई बक्सर आ गई। अठारहवीं सदी के मध्य से अब तक लगातार संत महात्माओं, ब्रंहम ज्ञानियों की परम्परा में सन्यासी बनते रहे। भक्ति का सबसे सरल और सुगम मार्ग होने के साथ काई भी कर्म कांड स्वीकार नहीं किया गया। सन्यास का अर्थ समाज से दूर होना या भागना नहीं है। सन्यास का अर्थ समाज में भक्ति, ज्ञान और बैराग्य का प्रचार प्रसार करते हुये जीव की मुक्ति के लिए उन्हें प्रेरित करना है।

पूरी दुनिया में भारत से ही संत परम्परा फैली है। भौतिक साधनों का अंत नहीं है लेकिन जीव और जीवन का अंत होता है। इसलिए जीवन के अंत को भयहीन और चिंता से ज्ञान के बल पर ही मुक्ति पायी जा सकती है।

**(ब्रह्म विद्यालय एवं आश्रम छोटाका राजपुर, बक्सर, बिहार शाखा कुटी रांची)**

# सर्दी में सूप का मजा

**जीवीएस शास्त्री**

**बाहर** कड़कड़ाती सर्दी और कोहरा हो और रजाई में दुबक कर रहने का मन हो तो गर्मागर्म सूप हमें खूब ताजगी और गर्मी का अहसास देता है। सूप केवल पश्चिमी संस्कृति वाली थाली से पहले परोसा जाने वाला व्यंजन नहीं है अलबत्ता यह एक ऐसा शोरबा है जो सर्दी में गर्मी का अहसास तो कराता है साथ में अच्छी सेहत का राज भी इसमें छुपा है।अब बात करते हैं दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में बनने वाले सूप की। हंगरी में गोलश तो रूस में बोर्स्ट स्वादिष्ट भोजन का एक प्रकार है। अमेरिका में चौडर्स को बहुत पसंद किया जाता है । जबकि जापान और चीन जैसे देशों में शरीर को पोषण और मन को ताजगी देने के लिये सूप बनाने का चलन है। गडुआ शूरवा उत्तराखंड में प्रसिद्ध है तो तिब्बत के साथ लगने वाले इलाकों में थुपका (सूप वाली डिश) खूब चाव से खाया जाता है।

आमतौर पर हम खाने का कोई शॉर्टकट ढूंढ़ लेते हैं। जल्दबाजी में हम सब्जियों को काटने और धोने पर वक्त खर्च नहीं करना चाहते। रंग बिरंगी, ताजी सब्जियां सूप में न केवल स्वाद भरती हैं बल्कि इसे देखने में भी काफी अच्छा बनाती हैं। चाहें तो इसमें फ्लेवर जोड़ने के लिये पनीर या टोफू का इस्तेमाल कर सकते हैं। नूडल्स और वेजीटेबल्स को मिलाकर पकाने से आधे घंटे में वन बाउल मील बन सकता है। यानी एक कटोरी सेहत, स्वाद और खुशियों से भरी। आवश्यक सामग्री- हरे फल

फ्रेंच बीन्स- एक मुट्ठी, गोभी- 1/2 कप, स्वीट कॉर्न -1/2 कप

हरी मटर- 1/2 कप दाने

मशरूम -1/2 कप

टमाटर -1, पनीर / टोफू -50 ग्रा

नूडल्स / पास्ता -1/4 कप

ब्रोकली -1-2 फूल, छोटे

आलू -1 (उबला और छिला हुआ)

सिरका -1-2 चम्मच

चीनी -इच्छानुसार डालेंनमक - स्वादानुसार, मक्खन- 50 ग्राम

मसाले- तेज पत्ता-1, लौंग 1-2, काले पेपरकोर्न- 6-8 एक मोटे पैन में थोड़ा मक्खन गरम करें। मक्खन पिघलने लगे तो इसमें एक तेजपत्ता और लौंग डालें। अब इसमें सब्जियां भी मिलाएं। गाजर, बीन्स, मटर, स्वीट कॉर्न, मशरूम और ब्रोकली मिलने के लगभग 2-3 मिनट के लिए मध्यम आंच पर ढककर पकाएं। उबलते पानी के 3-4 कप डालें और 15-20 मिनट तक पकने दें।

# फरवरी में क्यों निकल आते हैं ज्यादे मुंहासे रखें ध्यान

फरवरी का महीना अपने साथ ठंडी हवाओं और खुशनुमा मौसम की सौगात लाता है, लेकिन इसी के साथ कई लोगों को स्किन की समस्या से भी जूझना पड़ता है। फरवरी का मौसम काफी खूबसूरत और रोमांटिक होता है। प्रकृति में हरियाली आ जाती है, फूल खिलते हैं, मौसम में नई रौनक आ जाती है। लेकिन यह हमारी स्किन के लिए कई समस्याएं भी लेकर आती है। तापमान में उतार-चढ़ाव और मौसमी बदलाव होते रहते हैं। इस वजह से स्किन पर असर पड़ता है। स्किन ड्राईनेस, दाने-धब्बे और मुंहासे जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।



**मॉइस्चराइजिंग :** सबसे पहले, अपनी त्वचा को अच्छे से मॉइस्चराइज करें। एक अच्छा मॉइस्चराइजर आपकी त्वचा की नमी को बनाए रखने में मदद करेगा। दिन में दो बार, सुबह और रात को सोने से पहले, मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें।

**हाइड्रेटेड रहें :** सर्दियों में भी खूब पानी पीना जरूरी है, क्योंकि हम अक्सर कम पानी पीते हैं। यह आदत त्वचा को नुकसान पहुंचाती है। रोजाना कम से कम 8-10 गिलास पानी पीने से त्वचा हाइड्रेटेड और स्वस्थ रहती है। इसलिए, पानी पीना कभी न भूलें।

**सनस्क्रीन लगाएं :** फरवरी में भले ही धूप कम हो, सूरज की किरणें त्वचा को हानि पहुंचा सकती हैं। इसलिए, जब भी बाहर जाएं, सनस्क्रीन लगाना न भूलें।

**त्वचा की सफाई :** अपने चेहरे को धोने के लिए, ऐसे फेसवास का चुनाव करें जो कोमल हो और त्वचा को नम रखे। यह त्वचा की नमी को बचाए रखेगा, जिससे चेहरा स्वस्थ और ताजा नजर आयेगा।

# बदलते मौसम में अपने लाडले रखें विशेष ख्याल

**इस** मौसम में उन्हें कई बीमारियां होने का खतरा रहता है। ऐसे में हेल्थ एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि बच्चों का ख्याल सही तरह से रखना चाहिए। जरा सी लापरवाही उनकी समस्याओं को बढ़ा सकता है। अब ठंड धीरे-धीरे जा रही है और गर्मी का मौसम दस्तक दे रहा है। इस बदलते मौसम और तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। सुबह-शाम ठंड और दोपहर का मौसम गर्म हो रहा है। ऐसे में तबीयत खराब होने की समस्याएं देखी जा रही हैं। बच्चों के लिए तो यह मौसम ज्यादा ही खराब माना जाता है। इस मौसम में उन्हें सर्दी-जुकाम, वायरल या बैक्टीरियल इन्फेक्शन ही नहीं लूज मोशन और फीवर जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

अब ठंड धीरे-धीरे जा रही है और गर्मी का मौसम दस्तक दे रहा है। इस बदलते मौसम और तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। सुबह-शाम ठंड और दोपहर का मौसम गर्म हो रहा है। ऐसे में तबीयत खराब होने की समस्याएं देखी जा रही हैं। बच्चों के लिए तो यह मौसम ज्यादा ही खराब माना जाता है। इस मौसम में उन्हें सर्दी-जुकाम,



वायरल या बैक्टीरियल इन्फेक्शन ही नहीं लूज मोशन और फीवर जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**बच्चों की खानपान का रखें ख्याल :**
बदलते मौसम में बच्चे तेजी से बीमार होते हैं। इसका सबसे प्रमुख कारण उनके शरीर में पोषक तत्वों की कमी होना माना जाता है। ऐसे में बच्चों के खानपान का सही तरह ख्याल रखना चाहिए। एक्सपर्ट्स से जानना चाहिए कि बच्चों को क्या खिलाना चाहिए और क्या नहीं। कोशिश करें बच्चों को घर पर बना हेल्दी खाना ही खिलाएं।

**बच्चों की खानपान का रखें ख्याल :** बदलते मौसम में बच्चे तेजी से बीमार होते हैं. इसका सबसे प्रमुख कारण उनके शरीर में पोषक तत्वों की कमी होना माना जाता है। ऐसे में बच्चों के खानपान का सही तरह ख्याल रखना चाहिए. एक्सपर्ट्स से जानना चाहिए कि बच्चों को क्या खिलाना चाहिए और क्या नहीं। कोशिश करें बच्चों को घर पर बना हेल्दी खाना ही खिलाएं।

**उबालकर पिलाएं पानी :**
बदलते मौसम में बच्चों की सेहत का ख्याल रखना चाहती हैं तो उन्हें पानी उबालकर ही पिलाना चाहिए। इससे वह बैक्टीरियल इंफेक्शन से बच सकता है, उसकी इम्यूनिटी मजबूत होती है। बच्चों को खाने के लिए फल और सब्जियां भी दें।

**पंखा चलाने से बचें:** यह ऐसा समय है, जब सुबह-शाम ठंडक और दिन में गर्मी है। ऐसे में अगर आप पंखा चलाने की गलती कर रहे हैं तो तुरंत बंद कर दें, वरना यह आपको ही नहीं आपके बच्चे को भी बीमार बना सकती है।

**पंखा चलाने से बचें:** यह ऐसा समय है, जब सुबह-शाम ठंडक और दिन में गर्मी है। ऐसे में अगर आप पंखा चलाने की गलती कर रहे हैं तो तुरंत बंद कर दें, वरना यह आपको ही नहीं आपके बच्चे को भी बीमार बना सकती है।

**गर्म कपड़े पहनाना न छोड़ें :** अभी ठंडी पूरी तरह गई नहीं है। तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। ऐसे में इस बदलते मौसम में बच्चों को गर्म कपड़े पहनाना न छोड़ें। बच्चों की हलेथी और तलवों को हमेशा ढककर ही रखना चाहिए।

बच्चों को ठंडी चीजों से बचाएं : मौसम बदल रहा है, ऐसे में ठंडी चीजें बच्चों से दूर रखने में ही भलाई है. कई बार गर्मी महसूस होने पर बच्चे आइस्क्रीम, ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक जैसी चीजों की जिद करते हैं। उसकी इस जिद को न मानें, उन्हें समझाएं, वरना तबीयत बिगड़ सकती है।

# नये भारत में सनातन परंपरा के एकीकरण का अभिनव प्रयास

**संजय तिवारी**

**यह** नया भारत है। सनातन के महायोद्धा नरेन्द्र मोदी के सपनों का भारत। पिछले तीन दिनों से मोदी के संसदीय क्षेत्र और भगवान विश्वेश्वर की नगरी काशी में भारत की संत परंपरा के दर्शन हो रहे हैं। काशी में संस्कृति संसद-2023... अद्भुत है यह दृश्य। कश्मीर से कन्याकुमारी तक सनातन की गहरी जड़ों के प्राण तत्व संतों के सभी 127 संप्रदायों का प्रतिनिधित्व एक साथ एक मंच पर दिख रहा। यह वास्तव में सनातन भारत का आधार है। निमित्त हैं अखिल भारतीय संत समिति, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, अखिल भारतीय गंगाहासभा और काशी विद्वतपरिषद। दंडी स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती का यह भगीरथ प्रयास। वास्तव में यह भारत को विश्वगुरु की भूमिका में खड़ा करने में प्रधानमंत्री मोदी को बहुत आशान्वित करने वाला है। ऐसे समय में जब कि अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर अब लोकार्पण की अवस्था में है, काशी से सनातन का यह संकल्प और उद्घोष बहुत गंभीर और आशानुकूल संदेश देने जा रहा है।

संस्कृति संसद के संयोजक और काशी विद्वतपरिषद के संगठन मंत्री गोविंद शर्मा बताते हैं कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक के सभी संप्रदायों के प्रमुख संत और महामंडलेश्वर एक साथ एक मंच पर हैं। संकल्प एक है, सनातन के विरुद्ध जहर उगलने वालों और साजिश करने वालों को अपनी शैली में प्रत्युत्तर देना और सनातन समाज को जागृत करना।

यदि राज्यवार विवरण पर गौर करें तो आंकड़ा भी बहुत संतोष देने वाला है। इससे यह आश्वस्ति होती है कि सनातन धर्म और संस्कृति के विरुद्ध कोई साजिश कामयाब नहीं हो पाएगी। इस समय काशी में इस आयोजन में ओडिशा से 91, पश्चिम बंगाल से 86, कर्नाटक से 14, तमिलनाडु से 43 , केरल से 26, झारखंड से 8, बिहार से 57, आंध्र प्रदेश से 19 और तेलंगाना से 4 बड़े संत, मंडलेश्वर और महामंडलेश्वर उपस्थित हैं। इनके अलावा उत्तर भारत और अन्य प्रांतों से लगभग डेढ़ हजार संत संस्कृति संसद में हिस्सा ले रहे हैं।

इस आयोजन की खास बात यह है कि सनातन के विरुद्ध जारी विश्वव्यापी षड्यंत्र, ग्लोबल डिसमेंटलिंग ऑफ हिंदुत्व , सनातन उन्मूलन जैसे अभियानों को भारत के संतों ने अब चुनौती के रूप में लेकर ऐसे सभी सनातन विरोधी साजिशों का भंडाफोड़ करने और उत्तर देने का संकल्प ले लिया है। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती का मानना है कि सनातन हिंदू समाज को बांट कर रचे जाने वाले प्रत्येक कुचक्र का हम सामना करने और जवाब देने के लिए तैयार हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# क्या आपको चापलूसी की कला आती है?

**व्यंग्य**

**प्रफुल्ल सिंह**

**एक** जमाना था जब चापलूसी बस जीभ तक ही सिमट के रहा करती थी। समस्त शरीर में सिर्फ मुंह ही चापलूसी का उद्गम और अधिकेंद्र हुआ करता था। कालांतर में फिर समय के साथ साथ बाह्य ताप और दाब के परिणामस्वरूप ये जीभ से हाथ और हाथ से पैर तक आ गया। किसी कूट भाषा में आजकल लोग उसे 'उठाना' बोल रहे हैं। अब चूंकि हर चीज का डिजिटलीकरण हो रहा है तो यह बड़ा ही यक्ष प्रश्न है कि फिर चापलूसी का डिजिटलीकरण क्या है ? कोई लिखित साक्ष्य है जो चापलूसी का साइलेंट फीचर्स बता सके?

अंतराष्ट्रीय संस्था ने जारी नहीं की है जिससे कि चापलूसी का मानकीकरण किया जा सके। फिर भी किसी पदार्थ में परमाणु की भांति ही हमारे आस पास परिवेश में चापलूसी का अणु पाया जाना कोई नई खोज नहीं है। ये तो मध्यकालीन इतिहास का तत्व रहा है जब मुगल राजाओं का श्रेय और आश्रय पाने के लिए बड़े बड़े गद्य और पद्य का सृजन किया जाता था। चापलूसी के ऐसे किस्से गढ़े जाते थे कि मानो चापलूसी से बड़ा कोई कार्य नहीं है धरा पे। पहले चापलूसी में लोग वचन और जबान दिया करते थे। लेकिन चूंकि अब फेसबुक का जमाना है तो फेंकने के लिए इससे भी बड़ा उपमा चाहिए इसीलिए लोग अब रक्त, मांसपेशी, ह्रदय और किडनी से नीचे की बात ही नहीं करते। अब चूंकि कोई बॉन्ड पेपर पर तो लिखना है नहीं इसीलिए लोग चापलूसी को फेसबुकी अक्षरों में अंकित करने में थोड़ा सा भी संशय नहीं करते।ये द्रव, ठोस व गैस के बाद पदार्थ की चौथी अवस्था है जिसका रक मात्रक फिक्स नहीं है।

हालांकि सोशल मीडिया ने लोगों को आदर्श चापलूस बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। चापलूसी में आदर्शवाद यह एक नया रिसर्च है और यह अभी सिर्फ 10 प्रतिशत लोगों में विद्यमान हैं। ये लोग इतनी चतुरता से चापलूसी करते हैं कि चित्रगुप्त भी शरमा जाए इनकी चापलूसी लिखने में। मोटी चापलूसी तो सभी करते हैं अमूनन जीवन में। लेकिन महीन चापलूसी सबके वश की बात नहीं। इसके लिए बड़ी ही श्रद्धा और लगन की जरूरत होती है। एक हालिया रिपोर्ट में यह बात प्रकाशित हुई थी कि बढ़ते चापलुसिवाद मानव व समाज को गर्त की ओर ले जा रहा है। इसने न सिर्फ सीधे लोगों के विकास में रोड़ा का काम किया है अपितु आने वाली पीढ़ी के लिए एक नया प्रश्न खड़ा किया है कि 'क्या चापलूसी के बिना जीवन संभव है या नहीं?' क्या चापलूसी किसी व्यक्ति का मौलिक अधिकार है या सिर्फ आभासी परिकल्पना?

ऐसा नहीं है कि चापलूसी के बिना मानव समाज जी नहीं सकते लेकिन आज के प्रदूषित माहौल में थोड़ा सांस लेना मुश्किल है। एक तरफ जहां लोग चापलूसी के किसी भी स्तर पर गिरने को तैयार हैं वहां पर नैतिक मूल्यों का खड़ा रहना थोड़ा सा कठिन सा है। एक ओर जहां लोग उठाने में थोड़ा सा भी बाज नहीं आते वहीं सरलता से दो गज जमीन तलाशने में थोड़ी कठिनाई तो जरूर है।

चापलूसी ने एक नया प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया है जहां आगे आने की होड़ में लोग किसी के गर्दन पर पैर रखकर दौड़ने के लिए तैयार हैं। डार्विन का सिद्धांत चापलूसीवाद को आज भी प्रमाणित करता है कि जो सफल चापलूस होंगे वहीं अस्तित्व में बने रहेंगे।

**क्रूर, निर्दयी, हत्यारा...**



## स्पीड न्यूज

### पशु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**दारू।** दारू प्रखंड के दारू पंचायत के दारुडीह और दिग्वार पंचायत के आकाकुबा में जेएस एलपीएस के तहत ई टी वैक्सीनेशन हेतु पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पशु सखियों के द्वारा लगभग 100 लाभुको के यहां 250 से अधिक पशुओं को वैक्सीनेशन किया गया। पशु सखी उषा देवी ने बताया कि प्रखंड के हर पंचायत के गाँव मे जाकर पशुओं की जांच कर वैक्सीनेशन किया जाएगा जिससे पशु स्वास्थ्य रहे और पशु लाभुकों को इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर उषा देवी, सीएलएम चंचला देवी एवं दोनों पंचायत के मुखिया सुनील कुमार और महेंद्र मुर्मू उपस्थित थे।

### गुमटी में लगी आग समान जलकर राख

**दारू।** थानाक्षेत्र अंतर्गत डिपू चौक झूमरा में शुक्रवार के शाम करीब 5:30 शाम को एक गुमटी में आग लग गई। आग लगने से गुमटी में रखा सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गुमटी के मालिक रामदेव खरिका निवासी भुनेश्वर राणा ने 15 दिन पूर्व छोटा सा समोसा, पकौड़ी का होटल चालू किया गया था। इस होटल के कारीगर जिनगा निवासी बैजू महतो का निधन गुरुवार की रात में हो गई थी। जिसका अंतिम संस्कार करने गुमटी का मालिक गया हुआ था। अंतिम संस्कार करके लौटा तो वह अपने दुकान में देखा कि आग लग गई है। आग कैसे लगी पता नही चल पाया। स्थानीय लोगों ने आग को बुझाया।

### सीएम से मिले समाज सेवी आनंद सोरेन

**चरही प्रतिनिधि।** मांडू विधानसभा के चुरचू प्रखंड क्षेत्र के समाज सेवी आनंद सोरेन झारखंड के नए सीएम चंपाई सोरेन से मोरहाबादी स्थित आवास में मिले। उन्हे पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। नई गठित सरकार के सभी मंत्री मंडल को चुरचू प्रखण्ड, हजारीबाग सहित मांडू विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से बधाई दी है। समाज सेवी आनंद सोरेन ने कहा कि नए मुख्य मंत्री से काफी आत्मीय बात चीत हुई। मौके पर चुरचू प्रखण्ड, हजारीबाग सहित मांडू विधान सभा क्षेत्र की कई समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से धरातल पर उतारी जाएगी। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की सभी कार्यो को पूरा कराने में नई सरकार प्रतिबद्ध है।

### महिला और पुरुष को सुरक्षा और वृद्धा पेंशन को लेकर बैठक

**मांडू।** मांडू चट्टी पंचायत के सचिवालय मांडू में मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू के ज्ञापन 274 दिनांक 15,2,2024 के आलोक में 50-60 वर्ष के महिलाध पुरुष सामाजिक सुरक्षा पेंशन,मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन एवं 50-60 वर्ष के सभी समान वर्ग के महिला पुरुष को योजना का लाभ उठाने के लिए प्रचार प्रसार कराया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नियुक्त ज्ञानी प्रताप भारती,उप मुखिया पंकज कुमार,वार्ड सदस्य मनोज कुमार मोदी,चुरामन गंझू, गीता देवी,भानो देवी,देवंती देवी उपस्थित हुए।

### वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच करमा में किया गया भूमि पूजन व ध्वजारोहण

**कुजू।** करमा शिवालय परिसर में श्री श्री 1008 सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ को शनिवार को भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन मुख्य रूप से करमा परियोजना पदाधिकारी पवन कुमार शामिल हुए। इस दौरान यज्ञाचार्य त्रिदंडी सेवा आश्रम बक्सर बिहार से आए जगतगुरु श्री मधुसूदनाचार्य जी महाराज, शालिग्राम शास्त्री, पुरोहित महेंद्र तिवारी एवं जनार्दन तिवारी, मुकेश तिवारी, नीरज पांडेय, विष्णु पांडेय द्वारा मुख्य यजमान रोहन लाल महतो सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। इसके बाद यज्ञाचार्य एवं पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मुख्य अतिथि एवं पंचायत के जनप्रतिनिधियों के हाथों ध्वजारोहण कराया।

# आरा 96 नंबर कॉलोनी के एक क्वार्टर में गैस लिकेज होने से सिलेंडर में लगी आग

## कमरे में रखे करीब 5 लाख रुपए मूल्य के सामान जलकर राख, बाल-बाल बची महिला


क्वार्टर में आग लगने से निकलता धुंवा


जुटी भीड़


भुक्तभोगी महिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के आरा कोलियरी 96 नंबर कॉलोनी चांदनी चौक स्थित एक क्वार्टर में शनिवार करीब 11 बजे गैस सिलेंडर में आग लगने से करीब 5 लाख रुपए मूल्य के सामान जलकर राख हो गया। इस संबंध में क्वार्टर में रहने वाली अभिनंदन सिंह उर्फ बिक्कू सिंह की पत्नी प्रीति सिंह ने अग्निशमन पदाधिकारी रामगढ़ के समक्ष अपने बयान में कहा कि शनिवार 11 बजे खाना बनाने के दौरान अचानक रसोई गैस सिलेंडर में लिकेज होने से आग लग गई। अफरातफरी माहौल के बीच घर से बाहर निकल कर शोर मचाया। स्थानीय लोगों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन असफल रहे। करीब 1 घंटे मशक्कत के बाद रामगढ़ व घाटों से आये फायर ब्रिगेड कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। साथ ही सिलेंडर को खुले क्षेत्र में ले जाकर बुझाया गया। आग लगने से कमरे में लगी एलसीडी टीवी, दिवान, बिस्तर, कपड़े, रुपये समेत अन्य घरेलू सामग्री जल का राख हो गए। वही, गृहणी बाल बाल बच गयी। इस आग लगी घटना से भुक्तभोगी परिवार को लगभग 5 लाख रुपए मूल्य के साम्रगी नुकसान उठाना पड़ा है। इधर आस-पास के क्वार्टरों में रहने वाले भी डर से अपने घरों के सिलेंडर को निकाल खुला क्षेत्र में रख दिया। आग पर काबू पाए जाने के बाद क्वार्टर वासियों ने राहत की सांस ली। वही, मौके पर कुजू ओपी के सअनि एसके ठाकुर सदल बल पहुंचकर लोगों को आग लगी क्षेत्र से हटाने का कार्य किया। बताया जाता है कि क्वार्टर में महिला अपने नौ वर्ष पुत्र व चार वर्ष पुत्री के साथ रहती थी। वहीं उसका पति कुछ कार्य को लेकर गया बिहार गये हुए थे। घटना की सूचना पाकर कुजू ओपी के सअनि एसके ठाकुर भी पहुंचकर मामले की जानकारी लिया।

## जेएसएससी पेपर लीक मामला

## एक दिवसीय प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आजसू कार्यकर्ता रांची रवाना


रवाना होते छात्र संघ

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर राजभवन के समक्ष एकदिवसीय प्रदर्शन में शामिल होने को ले आजसू पार्टी एवं आजसू छात्र संघ के दर्जनों कार्यकर्ता शनिवार को रांची रवाना हुए। इस दौरान आजसू छात्र संघ जुबिली कॉलेज, जेएम कॉलेज एवं पीटीपीएस कॉलेज की टीम रांची प्रखंड सचिव सह वरीय छात्र नेता विश्वरंजन सिन्हा के नेतृत्व में राजभवन के लिए रवाना हुए। रवानगी से पूर्व पार्टी के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने बताया की राज्य सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। युवा छात्रों का भविष्य दांव पर है। उन्होंने कहा की पेपर लीक की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर शनिवार को राजभवन के समक्ष एकदिवसीय प्रदर्शन किया जा रहा है। रांची रवाना होने वालो में आजसू प्रखंड सचिव सह जुबिली कॉलेज प्रभारी विश्वरंजन सिन्हा, वरीय छात्र नेता सह पीटीपीएस कॉलेज प्रभारी दिलशाद रजा, छात्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार सिंह, युवा मोर्चा के सचिव जानकी मुंडा, चिप हाउस पंचायत के अध्यक्ष छोटू यादव, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राज नायक, किशन कुमार, रूपेश ठाकुर, दिनेश कुमार, विशाल कुमार, सत्यम कुमार, मोहित कुमार, ऋषि कुमार, रवि कुमार, राहुल सिन्हा, क्रिश कुमार, वीर प्रताप सिंह, सत्यवान कुमार, मनोज सिन्हा, बबलू कुमार, दिलीप महतो, विश्वनाथ भुंइया उर्फ अजय सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थें।

### बगैर खर्च के योग से पाएं उत्तम स्वास्थ्य : करुणा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शनिवार को योग के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका संचालन नरेन्द्र सिन्हा, प्रीति कौर एवं दिव्या कुमारी ने किया। कार्यशाला में बच्चों को योग एवं व्यायाम के विभिन्न आसानों के प्रशिक्षण के साथ-साथ योग का महत्व बताया गया। बताया गया कि योग से आत्मविश्वास, ध्यान, एकाग्रता बढ़ती है। शारीरिक लचीलापन आने के साथ मांसपेशियों को मजबूत बनाने में योग बेहद कारगर है। इससे तनाव व नकारात्मक व्यवहार दूर होता है। योग से शारीरिक संतुलन के साथ अच्छी नींद आती है। शैक्षिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने, शांत एवं रिलैक्स रहने में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम की संयोजिका करुणा राजगढ़िया ने योग के विभिन्न आसनों प्राणायाम, बालासन, ताड़ासन, सेतुबंधासन, वृक्षासन, सुखासन, भुजंगासन, धनुराषण, नटराजासन, वीरभद्रासन, उष्ट्रासन आदि की विधि व फायदे बताए। सभी से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की भी अपील की गई। प्रशिक्षक नरेन्द्र सिन्हा ने कहा योग ऐसी कला है, जिससे हम संपूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। यह शारीरिक व मानसिक अनुशासन का संतुलन बनाता है।

## सामाजिक कार्यकताओं ने कपूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनायी

## कर्पूरी ठाकुर समाजवादी व परिवर्तनकारी नेता थे : रमेश


कपूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाते नाई समाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही के एनएच डाक बंगला में नाई समाज के लोगों ने भारत रत्न सह पूर्व मुख्यमंत्री व महान स्वतंत्रता सेनानी जननायक कपूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर राष्ट्रीय नाई समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद थे। उन्होंने कपूरी ठाकुर के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लोगों को दिलाया। साथ ही उन्होंने कपूरी जी के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि कपूरी ठाकुर समाजवादी व परिवर्तनकारी नेता थे। कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर ने हमेशा गरीबों व अभिवंचितों के लिए लड़ाई लड़ी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न देकर गरीबों के ठाकुर के नाम से मशहूर संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को भारत रत्न दिया जाना समाज के अंतिम व्यक्ति का सम्मान है। उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और कुशल राजनीतिज्ञ थे।

उन्होंने अपने पूरे जीवन में देश दुनिया में समाज के शोषितों वंचितों और पिछड़ों को न्याय दिलाने के लिए काम किया। अपने परिवार के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया। कहा कि हमसबों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर पूर्व मुखिया रमेश ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, बिपिन सिन्हा, पिंटू ठाकुर, दीपक कुमार, किशोर ठाकुर, संतोष ठाकुर, ब्रजेश ठाकुर, बंटी ठाकुर, मनोज उपध्याय, दीपक जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अबुआ आवास में हेराफेरी को लेकर महिलाएं प्रमुख व बीडीओ से की शिकायत

## गरीब व दलित महिलाओं को किया जा रहा है, नजरंदाज : कार्तिक

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रखंड प्रमुख से बातचीत करती आक्रोशित महिलाएं

**बरही।** प्रखण्ड कार्यालय में दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने प्रखंड प्रमुख मनोज रजक से मुलाकात किया। इस दौरान एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक पासवान ने अबुआ आवास के लिए महिलाओं में नाराजगी जताते हुए कहा कि अबुआ आवास में गरीब और दलित महिला को नजर अंदाज किया जा रहा है। जिस कारण बरही पूर्वी की महिला वार्ड सदस्य विमला कुमारी, दिलीप रविदास, पंकज कुमार रवि, मनोज रविदास, प्रकाश रविदास, मनोज रविदास, विष्णु दास, उमेश दास, सावित्री देवी, सुनीता देवी, सीता देवी, अजय दास, विनय दास, अनुज दास, विक्रम दास, किरण देवी, पंकज पासवान, विकास रविदास, मुकेश रविदास, रीता देवी, संगीता देवी, फुलवा कुमारी, गीता देवी, महेश रविदास सहित अन्य महिलाएं सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर अपनी फरियाद प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रमुख को सुनाते हुए कहा कि उनकी मांग है कि गरीब, असहाय लोगों को चिन्हित करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ उनलोगों तक पहुंचे अन्यथा बाधित होकर अगले बार अंचल कार्यालय के पास धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष एससी विभाग कार्तिक पासवान ने कहा कि इसकी सूचना कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी केदार पासवान को दे दी गई है। जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### नियम के अनुसार कार्य करें ठेकेदार : सतीश

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ के महासचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सतीश सिन्हा ने शनिवार को बलकुदरा में सीसीएल प्रबंधन द्वारा कराए जा रहे इको पार्क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सतीश सिन्हा ने कहा की ठेकेदार द्वारा इको पार्क निर्माण का कार्य नियमानुसार नही किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा की अगर नियम के मुताबिक गुणवतापूर्ण काम नही होता है तो खानपूर्ति नही होने देंगे। किसी भी हाल में कंपनी का पैसा बर्बाद नही होना चाहिए। श्री सिन्हा ने कहा की पैसा का सही उपयोग करते हुए बेहतर कार्य हो, ताकि स्थानीय लोगो को इको पार्क से रोजगार मिल सके।

## धनवार मुखिया के साथ हुई मारपीट को लेकर मुखिया हुए गोलबंद

## संघ ने कहा - आरोपी की गिरफ्तारी नही होने पर निकाली जायेगी आक्रोश रैली

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में शामिल मुखियागण

**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित पूर्वी पंचायत भवन में मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता में धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के साथ हुए मारपीट को लेकर प्रखंड के सभी मुखिया के बीच बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुखिया संघ ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि आरोपी की अब तक गिरफ्तारी नही हो पाई है। बावजूद आरोपियों ने मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के ऊपर फर्जी केस दर्ज कराया है।सामूहिक निर्णय के तहत मुखिया संघ बरही, सामाजिक व राजनीतिक कार्यकताओं के साथ बरही थाना के समक्ष लोकतांत्रिक तरीके से धरना प्रदर्शन करेगा। संघ अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि पूर्व अनुमंडल कार्यालय के समीप बायपास के पास सभी लोग एकत्रित होकर आक्रोश मार्च निकालकर हजारों की संख्या में लोग बरही चौक पहुंचेंगे। इसके बाद बरही थाना में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा। इससे सम्बंधित एक ज्ञापन एसडीओ बरही को भी दिया है। इसकी प्रतिलिपि मुखिया संघ ने उपायुक्त हजारीबाग, एसपी हजारीबाग व एसडीपीओ बरही को भी दिया है। इस सम्बंध में मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि 13 फरवरी को राजेन्द्र प्रसाद धनवार मुखिया के साथ मारपीट की गई थी और हत्या करने का प्रयास किया गया था। जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है लेकिन इसके उलट राजेन्द्र प्रसाद धनवार मुखिया के उपर भी बरही थाना में फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। उन्होंने पुलिस से आग्रह किया है कि तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए।विधानिकरूप से मुखिया समाज का एक जिम्मेवार पद है। जिसकी मयार्दा का ध्यान सभी के लिए जरूरी है। यदि इस प्रकार की ओछी हरकत करके एक मर्यादित पद एवं व्यक्ति के साथ अमर्यादित व्यवहार करना निंदनीय है।

इसलिए निश्चित ही ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई जरूरी है। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, राजेन्द्र प्रसाद, सिकंदर राणा, यास्मीन तबसुम, मनोज कुमार, गोविंद साव, मंगलदेव यादव, राजन ओम, हरेंद्र गोप, विशेश्वर यादव, छोटन ठाकुर, मुकेश राम, खिरोधर यादव मौजूद थे।

## एक नजर में

### पंचायती राज विभाग में पदस्थापित कनीय अभियंता सुधांशु कुमार ने लगायी फांसी

**रजरप्पा।** गोला प्रखंड में पंचायती राज विभाग में पदस्थापित अभियंता सुधांशु कुमार 30 वर्ष द्वारा फांसी लगा लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है की सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट के 1बी/2 क्वार्टर से शनिवार को सुधांशु कुमार का शव फंदे से झुलता बरामद किया गया। मृतक भुरकुंडा के चिकोर के रहने वाले थे। 16 फरवरी को डयूटी से आने के बाद वे क्वार्टर में थे। सुबह जब काफी समय तक उनके क्वार्टर का दरवाजा नही खुला तो आस पास रहने वाले चिंतित दिखने लगे। बताया गया की उनके परिजन भी मोबाइल पर फोन कर रहे थे। लेकिन कॉल रिसीव नही हो रहा था। तब इसकी सूचना रजरप्पा थाना को दी गयी। इसके बाद थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे पुलिस बल के साथ पहुंचे। क्वार्टर के दरवाजे को तोड़कर पुलिस अंदर प्रवेश की। जहां अभियंता सुधांशु कुमार के शव को फंदे से झुलता पाया गया। घटना की जानकारी के बाद बीडीओ संजय कुमार सांडिल्य मौके पर पहुंचे। बीडीओ ने कनीय अभियंता के देहांत पर शोक संवेदना व्यक्त की । वहीं, पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### मणिपाल सिडलिंग्स प्ले स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत भरेचनगर सांडी स्थित मणिपाल सिडलिंग्स प्ले व इंटरनेशनल स्कूल मंल सरस्वती पूजा के मौके पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ एसडीओ शिलवन्त कुमार भट्ट,अति विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर संजय सिंह, मनोज कुमार मंडल, अमित कुमार सिन्हा, तिवारी महतो, शंकर मिश्रा उपस्थित हुए।आगत अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निदेशक गया प्रसाद रॉय के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना व सरस्वती वंदना के साथ की गई। विद्यालय के निदेशक श्री गया प्रसाद राय ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि व अति विशिष्ट अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक झांकियां व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।स्वागत भाषण में विद्यालय के निदेशक श्री रॉय ने उपस्थित लोगों को अपने विद्यालय प्रांगण में उपस्थित होने की खुशियां जाहिर करते हुए दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की सांस्कृतिक कार्यक्रम पठन पाठन की एक अहम हिस्सा है। इससे छात्रों के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होता है।ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को मंच के माध्यम से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक स्वर्णिम अवसर मिलता है। इन्होंने कहा बच्चों को प्रतिभावान बनाने में विद्यालय के साथ उनके माता पिता की भी अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिलवंत कुमार भट्ट ने विद्यालय परिवार और उपस्थित जन समूह को सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम दिल को छू लेने वाली प्रस्तुति रही।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**रामगढ़।** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में द्वितीय जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त को जानकारी दी गई मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी तक 1068687 लोगों को एल्बेंडाजोल एवं डीइसी की दवा खिलाने के लक्ष्य के विरुद्ध 5.7 लाख लोगों को अब तक फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु कुल 2392 ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं 131 सुपरवाइजर्स को चयनित किया गया है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर तैयार किए गए माइक्रो प्लान के अनुरोध कार्य करने का निर्देश दिया इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत अधिकारियों, कर्मियों को भी फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने फाइलेरिया रोग को लेकर आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान किए जा रहे कार्यों के नियमित निगरानी करने का भी निर्देश दिया।

### पांच दिवसीय श्री श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत रांची रोड मरार बरवांटांड़ स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में आगामी 19 फरवरी से 5 दिवसीय श्री श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ प्रारंभ होगा। इस महायज्ञ को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यज्ञ समिति अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 फरवरी को यज्ञ स्थल से भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली जाएगी। कलश यात्री महिलाएं व बच्चियां अपने अपने सिर पर कलश धारण टूटी झरना प्राचीन शिव मंदिर पहुंचेंगे जहां वैदिक मंत्रोंच्चारण, पूजा पाठ के पश्चात कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप पहुंचेंगे। जहां सर्व प्रायश्चित, पंचांग पूजन आचार्यदिवरण, मंडप प्रवेश, जलाधिवास, आरती, पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा। साथ हीं रात्रि में देवघर से आए कथावाचक द्वारा कथा श्रवण कराया जाएगा। वहीं 20 फरवरी को प्रातः वेद पाठ, बेदी पूजन, मंडप पूजन, अरणीमंथन, अग्नि स्थापन, हवन, अन्नाधिवास, घृताधिवास, पुष्पाधिवास, आरती पुष्पांजलि के पश्चात रात्रि में कथा वाचन होगा। यज्ञ के तीसरे दिन प्रातः वेद पाठ वेदी पूजन मंडप पूजन हवन फलाधिवास,धूपाधिवास, मिष्ठानाधिवास सहित विविध अधिवास स्नापन ,नगर भ्रमण, सय्याधिवास, आरती, पुष्पांजलि के बाद रात्रि में कथा वाचन होगा। यज्ञ के चौथे दिन प्रातः वेद पाठ, वेदी पूजन, मंडप पूजन, न्यास, प्राण प्रतिष्ठा, षोडशोपचार पूजन,हवन, आरती पुष्पांजलि व कथा वाचन तथा महायज्ञ के अंतिम दिन 23 फरवरी को अन्य दिनों की तरह धार्मिक कर्मकांड के पश्चात हवन, पूणार्हुति आरती पुष्पांजलि के बाद प्रसाद वितरण व भव्य भंडारा प्रारंभ होगा। महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर सचिव रोहित करमाली, कोषाध्यक्ष रामू रजवार सहित अन्य धर्म प्रेमी पूरी तन्मयता से लगे हुए हैं।

### हरियाली-खुशहाली के आगमन के लिए भक्ति आयोजन जरूरी : मनोज गुप्ता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सिमाना धौड़ा हाथी दाड़ी सेन्ट्रल सौन्दा में विद्यार्थी क्लब के तत्वावधान में पूरे भक्तिभाव से सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर शुक्रवार की शाम भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व भव्य पूजा पंडाल में स्थापित मां सरस्वती की पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान मां शारदे सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं हवन-पुणार्हुति के बाद मां सरस्वती की प्रतिमा का नम आंखों से विदाई देते हुए विसर्जन किया गया। इस अवसर पर भव्य भंडारा का भी आयोजन हुआ। भंडारा का शुभारंभ समाजसेवी मनोज कुमार गुप्ता व विजय सोनी ने श्रद्धालु महिला-पुरूष व सैंकड़ों बच्चों के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। मौके पर मनोज गुप्ता ने कहा की ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले श्रद्धालुओं की मां सरस्वती हर मनोकामना पूर्ण करती है। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में विजय सोनी, मनोज कुमार गुप्ता, पुटुल साव, विक्रन पासवान, विनोद यादव, रिकी सोनी, कुणाल यादव, बबलू सतनामी, नरेश सोनी, धर्मेन्द्र प्रसाद, सोनू भुंइया आदि का विशेष योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### गांधी मैदान में सुन्नत की इंसाफ माह सभा 23 को

**जमशेदपुर।** 23 फरवरी को तंजीम अहले सुन्नत जमात जमशेदपुर और ऑल इंडिया माइनोरिटी सोशल वेलफेयर फ्रंट द्वारा मानगो गांधी मैदान में इंसाफ माह सभा होगी। शाम चार बजे से होने वाली सभा की तैयारी को लेकर उलेमाओं की बेठक आजाद नगर में जिसमें हिंदुस्तान की दूसरी सबसे बड़ी आबादी के साथ लगातार हो रही ना इंसाफी का विरोध किया जायेगा।

### झामुमो नेता यासीन अंसारी सुपुर्द ए खाक

**जमशेदपुर।** जाकिरनगर गरीब नवाज कालोनी निवासी मोमिन कांफ्रेंस के पूर्वी जिला सिंहभूम के पूर्व महासचिव व झामुमो के वरिष्ठ नेता यासीन अंसारी (70) नमाज असर जाकिरनगर वक्फ मुस्लिम कब्रिस्तान मे सपुर्द खाक किये गये।

### सुधा डेयरी का वितरक मिलन समारोह संपन्न

**गम्हरिया।** सुधा डेयरी में साकची और भालूबासा के रिटेलर और वितरक के लिए मिलन समारोह किया गया। इसमें क्षेत्र के 50 से अधिक रिटेलर और वितरक शामिल हुए। डेयरी के मुख्य कार्यपालक अमित सुमन ने रिटेलरों से अपना व्यवसाय साझा किया।

### 11 हजार वोल्ट की चपेट में आने से राज का निधन

**गम्हरिया।** प्रखंड के बलरामपुर में बीते एक फरवरी को 11 हजार वाल्ट हाईटेंशन तार की चपेट में आकर बुरी तरह घायल राजकुमार राम की इलाज के दौरान बीते शुक्रवार की देर रात टीएमएच में मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने शव के साथ छोटा गम्हरिया स्थित एनकेएस पावर सब स्टेशन का घेराव कर प्रदर्शन किया।

### 20 को सजेगा बाबा श्याम का भव्य दरबार

**जमशेदपुर।** श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 35वॉ श्री श्री श्याम महोत्सव मंगलवार 20 फरवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी सभी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। 20 को दोपहर 2 बजे साकची शिव मंदिर से श्याम नाम की ध्वजा लिए निशान (शोभा) यात्रा निकलेगी।

### नूपुर सारस्वत कला सम्मान से हुईं विभूषित

**जमशेदपुर।** शनिवार शाम छह बजे से सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन/ तुलसी भवन ने संस्थान के मुख्य सभागार में दो दिवसीय वसंतोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नगर के सुप्रसिद्ध सुर साधिका नूपुर गोस्वामी को सारस्वत कला साधक शिरोमणि सम्मान – 2024 से सम्मानित किया गया।

### रैली से सुरक्षित यातायात का किया गया आह्वान

**जमशेदपुर।** यंग इंडियंस और ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने शनिवार को मानगो में सड़क सुरक्षा रैली निकाली। रैली आजाद नगर थाना से ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित एम ओ एकेडमी स्कूल पहुंची जहां स्कूल प्रागंण में बच्चों को रोड सेफ्टी के बारे में बताया कि किस प्रकार रोड सेफ्टी का पालन नहीं करने से हम दुर्घटना का शिकार होते हैं।

### जीने की कला सिखाती है भागवत कथा : विवेक

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री हरि गोबिन्द सेवा समिति के अष्टम सात दिवसीय भागवत ज्ञान सप्ताह कथा का शुभारंभ शनिवार की सुबह कलश स्थापना एवं भागवत पूजन के साथ भुइयांडीह स्लैग रोड स्थित नीतिबाग कॉलोनी (डीएवी स्कूल के पास) में किया गया। स्वर्णरेखा नदी में कलश पूजन के बाद 11 जजमान कलश में जल भरकर कथा स्थल लौटे। दोपहर एक बजे से चित्रकुट से आये कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज ने भागवत महात्म एवं मंगलाचरण से कथावाचन प्रारंभ किया। कहा कि भागवत कथा सुनने से हम में जीवन जीने की कला आती है।

## ब्रह्मर्षि मंच, मानगो के मिलन समारोह में जुटे आम और खास




**ब्रह्मर्षि मंच,मानगो का मिलन समारोह सह लिट्टी पार्टी का आयोजन बड़ा हनुमान मंदिर,दाईगुट्टू ,मानगो में शनिवार की शाम धूमधाम से संपन्न हुआ। मंच के मानगो शाखा के अध्यक्ष संजय सिंह की मेजबानी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते शिक्षाविद् और भाजपा के वरिष्ठ नेता डा जटाशंकर पांडेय। इस अवसर पर ब्रम्हर्षि विकास मंच (पांडेय गुट) के अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय, केएन ठाकुर, दीपू सिंह, बबुआ सिंह, ब्रम्हर्षि विकास मंच के महासचिव अनिल ठाकुर(विकास सिंह गुट), हरेंद्र पांडेय, रेणु सिंह का मंच पर अभिनंदन किया गया। मिलन समारोह में आपसी मतभेद भूला कर एकजुटता के जरिए राजनैतिक ताकत हासिल करने और समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने पर सहमति बनी। अंत में लिट्टी -चोखा का स्वाद उपस्थित 1000 ब्रह्मर्षियों ने लिया।**

# कलयुग में केवल राम नाम लेकर शुभ कार्य करें अवश्य सफलता मिलेगी : स्वामी हृदयानंद गिरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** माता वैष्णो देवी धाम, उलदा (गालूडीह) में हनुमान महायज्ञ के आठवें दिन शनिवार को प्रख्यात कथा वाचक स्वामी हृदयनंद गिरी जी महाराज ने कहा कि कलयुग में भक्तों को केवल राम का नाम लेकर कार्य को आगे बढ़ाने की जरूरत है इस नाम में इतनी शक्ति है कि केवल काम करने से पूर्व नाम लेकर ही सफलता की गुंजाइश रहती है।

उन्होंने हनुमान चालीसा व्याख्या के दौरान किष्किंधा में प्रभु श्री राम लक्ष्मण व वीर हनुमान की मुलाकात का भी जिक्र करते हुए कहा कि किस प्रकार हनुमान जी ने प्रभु श्री राम को अपने कंधों में उठाकर कई बाधाओं को पार किया उन्होंने विस्तार से हनुमान चालीसा के विभिन्न चौपाइयों पर विस्तार से चर्चा की।

हनुमान महायज्ञ का समापन रविवार को पुरवाहन 11 बजे होगा। इस संबंध में माता वैष्णो देवी धाम उल्दा के संस्थापक राजकिशोर साहू ने बताया कि रविवार को हनुमान चालीसा व्याख्या का समापन होगा। सुबह 8 बजे से पूजा अर्चना की जाएगी जबकि 9 बजे से लेकर 11 बजे तक प्रख्यात कथा वाचक स्वामी हृदयनंद गिरी जी महाराज के हनुमान महायज्ञ कथा का भी समापन होगा। उन्होंने कहा कि जो भी भक्त पिछले 9 दिनों का कथा नहीं सुन पाए हैं अगर वह दसवें दिन भी इस समापन समारोह में शामिल होते हैं तो 9 दिनों की कथा के बराबर पुण्य मिलेगा।

कथा समापन के बाद महा भंडारा का भी आयोजन मंदिर परिसर में किया गया है। शनिवार को हनुमान चालीसा व्याख्या में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे जिनमें मुख्य रूप से शैलेंद्र कुमार पंडित राहुल शास्त्री एस के गुलाटी के साथ-साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कलयुग केवल नाम अधारा...
### माता वैष्णो देवी धाम में हनुमान महायज्ञ का आठवां दिन




**कथा के पश्चात कत्थक नृत्य से भक्तों का मनोरंजन करते दीपक अरोड़ा और सुश्री शुभ्रा अरोड़ा और कथा के दौरान भजन पर करताल बजाते स्वामी हृदयानंद गिरी जी।**

# हाथी खेदा बाबा का दर्शन कर लौट रहे टाटा मोटर्स कर्मी की सड़क हादसे में मौत

## गोविंदपुर सामुदायिक मैदान के पास रहने वाले थे मृतक संतोष पांडेय

- गोविंदपुर सामुदायिक भवन मैदान के समीप रहते थे मृतक संतोष पांडेय
- जिप सदस्य डॉ परितोष सिंह ने घटना पर जताया गहरा शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे बोड़ाम थाना क्षेत्र में हुई सड़क हादसे में जमशेदपुर के गोविंदपुर को रहने वाले 45 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका एक साथी बुरी तरह घायल हो गया। मृतक की पहचान गोविंदपुर निवासी और टाटा मोटर्सकर्मी संतोष कुमार पांडे के रुप में हुई है। संतोष पांडे की मौत की खबर गोविंदपुर पहुंचते ही परिजन चित्कार कर उठे और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

घटना के बारे में घायल सोना मरदाना ने बताया कि वे और उसके एक दोस्त संतोष पांडे गोविंदपुर सामुदायिक भवन मैदान के समीप रहते हैं। दोनों बाइक से हाथी खेदा मंदिर गये थे। हाथी खेदाबाबा का दर्शन करने के बाद लौटने के क्रम में बोड़ाम मुख्य सड़क के चिमटी गांव के समीप, सामने से तेज रफ्तार से आ रही है हाइवा ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिसमे बाइक चला रहे संतोष पांडे की कुचलने से मौके पर ही मौत हो गई। वही स्थानीय वासियों के सहायता से घायल सोना को एमजीएम अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। इधर घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



**मृतक संतोष की फाइल फोटो।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष पांडे और उनका साथी हाथी खेदा मंदिर में पूजा करने के उपरांत वापस आ रहे थे बाली गुमा घाटी के नजदीक डंपर के चपेट में आने से दुखद देहांत हो गया। वे अपने पीछे तीन बच्चे छोड़ गये हैं जिनमें दो सुपुत्री और एक पुत्र है।

स्थानीय जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर इस दुख की घड़ी में परिवार के लोगों को हौसला प्रदान करें एवं ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे।

## खेल के क्षेत्र में भी युवा तलाशें अपना कैरियर: डॉ ईश्वर सागर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** गोदरमा प्रीमियर लीग (जीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार से आगाज हुआ। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन युवा क्रिकेट क्लब ने किया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। इसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया।



उद्घाटन समारोह में ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को खेल के क्षेत्र में भी कैरियर की तालाश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है युवा प्रतिभाओं को उचित प्लेटफार्म उपलब्ध करा कर उन्हे मंजिल तक पंहुचाने की। कहा कि हम यह कार्य कई वर्षों से लगातार कर रहे हैं। उद्घाटन मैच रेहला और गोदरामा टीम के बीच खेला गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण देवी, वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, दामोदर यादव, असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# संजीव तोमर ने स्वर्ण और सावित्री ने जीता सिल्वर मेडल

- पुणे में 44 वां राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप संपन्न
- झारखंड के एथलिटों ने जीता पांच गोल्ड समेत कुल 10 मेडल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** महाराष्ट्र प्रदेश के पुणे शहर में स्थित छत्रपति शिवाजी स्टेडियम में चल रहे पांच दिवसीय 44 वें राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप 2024 के तीसरे दिन झारखंड के लिए कामयाबी का रहा। आज प्रतियोगिता के पांचवें व अंतिम दिन के स्पधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन आफ झारखंड के महासचिव सह अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट संजीव कुमार तोमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने व्यक्तिगत स्पर्धा डिस्कस थ्रो के 55 प्लस आयु वर्ग में डिसकस को 42 मीटर की दूरी फेंक कर स्वर्ण पदक जीता। अब तक संजीव कुमार तोमर ने हैमर थ्रो में स्वर्ण डिस्कस थ्रो में स्वर्ण और शॉट पुट थ्रो में रजत पदक जीता है। वहीं दूसरी ओर 45 प्लस आयु वर्ग में महिला एथलीट सावित्री सवैया ने जैवलिन थ्रो की स्पर्धा में रजत पदक जीता। मौके पर मौजूद मास्टर एथलीटों ने शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी।




**संजीव कुमार तोमर और सावित्री सवैंया।**

# जमशेदपुर महिला विवि की छात्राओं को चुनाव के महत्व से अवगत कराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विमेंस यूनिवर्सिटी के सिदगोड़ा कैंपस में जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग ने मतदाता अवेयरनेस कॉन्टेक्स्ट के ऑर्गेनाइजर के साथ मिलकर छात्रों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई और झारखण्ड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट के बारे में भी बताया। कार्यक्रम की शुरूआत 2 मिनट के वीडियो प्रेजेंटेशन से की गयी। इस वीडियो ने कॉन्टेस्ट के सारे नियमों के बारे में जानकारी दी। जमशेदपुर विमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने छात्रों को मतदान का महत्व समझाया और अपने मत के अधिकार का उपयोग करने की प्रेरणा दी। झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट का शुभारंभ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 पर झारखंड के राज्यपाल के कर कमलों से किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ एक इंटरएक्टिव सेशन किया गया।



## पुण्यतिथि पर कुम्हार कल्याण संघ ने दी कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड कुम्हार कल्याण संघ के सोनारी मंडल के तत्वाधान में समाजिक नीति सम्मान दो सम्मान पाओ के अंतर्गत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, सामाजिक न्याय के पुरोधा जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि आदर्शनगर में मनायी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक सह प्रदेश अध्यक्ष इंद्र देव प्रसाद ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सामाजिक तौर पर पिछड़े, दलित, शोषित, पीड़ित, वंचित लोगों की हक की लड़ाई और व्यवस्था परिवर्तन के लिए जिंदगी भर संघर्ष करते रहे, कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देने के लिए संस्था ने पीएम मोदी के प्रति अपना आभार प्रकट किया।

# श्रीराम के बताये मार्गों से ही बेहतर समाज का निर्माण : नामधारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बारालोटा पांकी रोड स्थित जनकपुरी मंदिर प्रांगण में श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम लाल तिवारी व संचालन विनोद तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन रविंद्र तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम स्पीकर इंदर सिंह नामधारी वं विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद प्रो एससी मिश्र ने सायंकालीन सत्र का विधिवत उदघाटन किया। अतिथियों ने महायज्ञ के 48 वें अधिवेशन का उद्घाटन किया।




मुख्य अतिथि प्रथम स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि सदग्रंथ श्रीरामचरित मानस के संदेशों को आत्मसात करने से ही महायज्ञ आयोजन का सार्थक होगा। प्रभु श्रीराम के आदर्श जीवन चरित्र से सीख लेने की जरूरत है। जब लोग भगवान राम के बताये रास्ते पर चलेंगे,तभी सुंदर समाज का निर्माण होगा। विशिष्ट अतिथि प्रो एससी मिश्रा ने मानव जीवन के संपूर्ण विकास में श्रीरामचरित मानस की महत्ता पर प्रकाश डाला।

मौके पर अधिवक्ता रुचिर तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अधिवक्ता सच्चिदानंद तिवारी, धर्मराज तिवारी ने मंदिर ट्रस्ट समिति के कार्यों की सराहना किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष लव तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। मौके पर वशिष्ठ नारायनाचार्य,जगन्नाथ तिवारी, बुद्धनाथ तिवारी, यमुना तिवारी, अजीत तिवारी, प्रदीप तिवारी, शैलेश तिवारी, बृजलाल तिवारी, राकेश तिवारी, प्रेमचंद तिवारी,विद्या तिवारी, श्याम बिहारी तिवारी, संजय तिवारी उर्फ गुड्डू, अजय पांडेय, पंकज तिवारी, विजय तिवारी, आलोक तिवारी देव शुक्ला शेखर तिवारी , ओम प्रकाश तिवारी मौजूद थे।

**प्रभु श्रीराम के नाम लेने से सारे संताप दूर हो जाते हैं :** श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ के पहले दिन चित्रकूट धाम से पधारे हनुमत पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी धीरेंद्राचार्य ने प्रभु श्रीराम की पावन कथा का रसपान कराया। उन्होंने प्रभु श्रीराम के पावन नाम की महिमा का बखान किया। कहा कि प्रभु श्रीराम के पावन नाम के प्रताप से सारे संताप दूर हो जाते हैं और जीव भवपार हो जाता है। इस तरह प्रभु का नाम तारणहार है और सभी मंत्रों राजा है। उन्होंने मानव को भाग्यशाली और भगवान की भक्ति करने वाले को सौभाग्यशाली बताया।

## एक नजर में

### क्षत्रिय महासभा ने दी मलखान सिंह को बधाई

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ एम एस सिंह मानस के नेतृत्व मे शनिवार को पूर्व विधायक श्री मलखान सिंह का भाजपा मे शामिल होने के उपलक्ष्य पर अभिनंदन किया गया और बधाई दी गई। इस मौके पर टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व उपाध्यक्ष भगवान सिंह, क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह, बिजय सिंह, देवांशु शेखर, रवि राजू, संतोष सिंह, संतोष सिंह, रमेश राजू आदि उपस्थित थे।

### जेएफसी व ईस्ट बंगाल मैच के टिकट की बिक्री

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच अगला मुकाबला 22 फरवरी, गुरुवार को होगा। यह मुकाबला जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जायेगा। फुटबॉल कौशल का तमाशा देखने के लिए प्रशंसक उत्सुकता से तैयारी कर रहे हैं। इस मैच को देखने के लिए सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक, उत्साही लोग टिकटजेनी.इन पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से या कोविड वॉरियर पार्क के सामने स्थित जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बॉक्स ऑफिस पर जाकर अपनी सीटें सुरक्षित कर सकते हैं। टिकट की कीमतें मात्र 50 रुपये से शुरू होने के साथ, यह मैच समर्थकों को चतुर खालिद जमील के नेतृत्व में पुनर्जीवित जमशेदपुर एफसी टीम के पीछे रैली करने का एक किफायती अवसर प्रदान करता है। यह उत्साह हाल ही में पंजाब एफसी पर जमशेदपुर एफसी की जीत से उपजा है। 4-0 की शानदार जीत ने टीम की क्षमता और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित किया।

### प्रतिनिधियों के परिवार की तरह काम करूंगी : सुधा वर्मा

**जमशेदपुर।** बीडीओ बनकर नहीं बल्कि पंचायत प्रतिनिधियों के परिवार के सदस्य बनकर जमशेदपुर प्रखंड में कार्य करूंगी। उन्होंने समस्या के साथ समाधान का सुझाव भी लाने की बात कही ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके। उक्त बातें जमशेदपुर प्रखंड के प्रथम नव पदस्थापित बीडीओ सुधा वर्मा ने पंचायत प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान कही। वार्ड सदस्य सह उप मुखिया संघ के एक प्रतिनिधिमंडल पदभार ग्रहण करने के पश्चात उनके कार्यालय में सम्मानित करने पहुंचे थे। इसके पूर्व जमशेदपुर प्रखंड के वार्ड सदस्य सह उपमुखिया संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के अध्यक्ष राकेश चौबे के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ एवं भगवान का चित्र देकर बीडीओ सुधा वर्मा को सम्मानित किया गया। इस दौरान संघ के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक सुनील गुप्ता ने वार्ड सदस्य एवं उप मुखिया को हर बैठक की सूचना देने की बात कही और जिस पंचायत में पंचायत सचिव का पद खाली है उसे तत्काल पदभार देने की भी बात कही गयी। मौके पर संघ के उप मुखिया मुकेश सिंह, मैनुल खान, संतोष ठाकुर, आलम ताज, रतन टुडू, कुमोद यादव, अरुण शाणिडल, वार्ड सदस्य पूजा कुमारी, उषा कुमारी शर्मा, समाजसेवी अंजू सोरेन, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नीतीश कुमार उपस्थित थे।

### सुरक्षाकर्मियों के लिए खेल प्रतियोगिता संपन्न

**जमशेदपुर।** मनिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज कैंपस में एसआइएस के जवानों द्वारा रात्रि बॉलीबॉल टूर्नामेंट किया गया। इसमें कुल 4 टीमों ने भाग लिया था जिसमें टीम ए के कप्तान ब्रजेश सिंह, टीम बी के कप्तान राकेश सिंह (सुपरवाइजर), टीम सी के कप्तान दीनबंधु ओझा (सुपरवाइजर) एवं टीम डी के कप्तान अमरजीत सिंह (सुपरवाइजर) रहें। खेल के मध्यांतर में सभी दर्शकों एवम खिलाड़ियों के लिए उत्तम नाश्ता एवम चाय भी दिया गया। टीम ए के खिलाड़ी ने 3-1 की बढ़त से काफी अच्छी प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई तथा टीम डी के खिलाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद अपने टीम को फाइनल में पहुंच कर अपना स्थान बनायी। दोनों टीमों की कड़ी टक्कर में फाइनल के दौरान 3 बार मैच बराबर होते हुए टीम डी फाइनल मैच में विजयी हुई। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कामाख्या मिश्रा (एएसओ) ने टीमों को का हौसला बढ़ाते हुए सभी टीमों को पुरस्कार से सम्मानित किये।

### सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन कार्यक्रम संपन्न

**जमशेदपुर।** विनय आईएएस एकेडमी, आम बागान में सरस्वती पूजा पर स्थापित प्रतिमा का विसर्जन आज विधिवत कर दिया गया। आज दोपहर में 1 बजे पुराने व नये स्टूडेंट में मिलकर मूर्ति विसर्जन का जुलूस निकाला जिसमें लगभग 300 स्टूडेंट शामिल हुए। मूर्ति विसर्जन के दौरान पारंपरिक एवं भक्ति गाना में लड़कियों ने भी जमकर डांस किया। मूर्ति विसर्जन के उपरांत सभी स्टूडेंट एवं शिक्षकों को प्रसाद भी दिया गया और दोपहर में भोग भी खिलाया गया। आम बागान से लेकर जुबली पार्क होते हुए मानगो घाट पर मूर्ति विसर्जन किया गया। कार्यक्रम के दौरान यूपीएससी बैच की अलग-अलग छात्र-छात्राओं का दल शामिल रहा।

### आज पलामू में बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**मेदिनीनगर।** रविवार को पोलपोल 400 केवीए पावर ग्रीड में मरम्मत का काम होगा। इस कारण पोलपोल ग्रीड से सुदना स्थित 132 केवीए ग्रीड में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। मेदिनीनगर विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के शहरी क्षेत्र के सहायक अभियंता अमित कुमार ने बताया कि रविवार को सुबह 11 से 2 बजे तक पलामू में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

### कल से झामुमो शुरू करेगा न्याय मार्च

**मेदिनीनगर।** पलामू झामुमो न्याय मार्च निकाल कर भाजपा के कार्यों का पदार्फाश करेगी। उक्त बातें मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कही। जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि मोर्चा कार्यकर्ता 19 फरवरी से मेदिनीनगर नगर निगम के सभी वार्डों समेत पलामू जिले के सभी पंचायतों में न्याय मार्च से भाजपा के अलोकतांत्रिक तरीके से हेमंत सोरेन को पूर्व सीएम पद से इस्तीफा देने पर मजबूर करने और जेल में रखने का षड्यंत्र की है। इसे लेकर जिले के सभी स्तर के नेताओं और सभी प्रखंड अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गयी है। आम जनमानस को बताया जायेगा कि भाजपा हेमंत सोरेन से कैसे डरी हुई है और उनकी जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचने से रोकने में लगी है।

### उर्स और कव्वाली मुकाबला आज

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज के हजरत अनजान शाहदाता रहमतुल्लाह अलैह का 89वां उर्स रविवार को होगा। उर्स को लेकर अंजुमन मिलते इस्लामिया कमेटी के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गयी है। कव्वाली का मुकाबला बेलजियम कर्नाटक के प्लेबैक सिंगर व मशहूर कव्वाल आतिश मुराद एवं सैयदपुर उत्तर प्रदेश के फिल्म आर्टिस्ट प्लेबैक सिंगर व मशहूर कव्वाल आशिफ शाबरी के बीच होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह होंगे।

स्पीड न्यूज

## एग्यारकुंड में इलाज के अभाव में महिला ने दम तोड़ा

**कुमारधुबी।** एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के पुराना पानी टंकी के पास मिटी व खपरैल घर में अकेली गुजर बसर करने वाली लाचार गरीब बीमार विधवा 52 वर्षीय मीणा कर्मकार ने ईलाज के अभाव में शनिवार को दम तोड़ दिया। मीणा का समय पर बेहतर इलाज हो जाता तो उसकी जान बच सकती थी। बताया जा रहा है कि खान पान के अभाव में वह टीबी रोग से ग्रसित हो गई थी। खून की उल्टी कर रही थी। उसकी मदद को किसी का हाथ आगे नहीं बढ़ा। वह खुद मौत से जंग लड़ रही थी। तत्काल ईलाज की जरूरत थी। घर की चौखट पर रहनुमा की आस में टकटकी लगाये हुए मीना की संवेदनहीन समाज ने मदद नहीं की और समय से पहले उसने मौत को गले लगा लिया। स्थानीय युवकों की मदद से कुछ दिन पूर्व एसएनएमएमसीएच धनबाद में उसका इलाज हुआ था। लेकिन वहां के डाक्टरों ने हाथ खड़े कर दिये। रिम्स रांची में बेहतर इलाज कराने की बात कही थी। परंतु उसे रिम्स ले जाने वाला कोई नहीं था। वहीं जिला परिषद गुलाम कुरैशी ने दाह संस्कार के लिए 5 हजार दिये।

## ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक के उड़े परखच्चे, बचा युवक

**तोपचांची।** शनिवार को तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत तोपचांची बाजार स्थित नेशनल हाइवे में निमियाघाट की ओर से आ रही अनियंत्रित ट्रेलर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि ट्रेलर का पहिया बाइक के ऊपर चढ़ गया जिसमें बाइक का परखच्चे उड़ गए। हालांकि घटना के दौरान युवक अपनी बुद्धिमत्ता की उपयोग करके सड़क में बाइक छोड़ का दुर हट गया जिसे युवक को हल्की फुल्की भी चोट नहीं आई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर बाइक को जब्त कर ली है।

# प्रतिमा विसर्जन में मारपीट से क्षुब्ध युवक ने की आत्महत्या

### 'मेरे बेटे के हत्यारों को सजा दो' की गुहार लगा रहे थे पिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र में सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए विवाद के बाद डीएवी कुसुंडा के 10वीं कक्षा के एक छात्र राजकुमार दास ने शुक्रवार को अपने घर में आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि शाम में सरस्वती पूजा विसर्जन में कॉलोनी के लड़कों से झगड़ा और मारपीट के कारण डिप्रेशन में उसने घर पहुंचकर आत्महत्या कर ली। छात्र के पिता की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज करायी गयी है। इस वर्ष वह मैट्रिक की परीक्षा में शामिल होने वाला था। सरायढेला थाना क्षेत्र के कोचकुली निवासी किशोर कुमार दास उर्फ डब्लू दास ने बताया कि उनका पुत्र राजकुमार दास बस्ती में होने वाली सरस्वती पूजा की प्रतिमा विसर्जन करने गया था। रात करीब साढ़े दस बजे वह घर लौटा और अपने कमरे में चला गया। अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। बाहर से दरवाजा खुलवाने का काफी प्रयास करने पर उसने दरवाजा नहीं खोला। किसी अनहोनी की आशंका पर उन्होंने कमरे की खिड़की से झांककर देखा तो उनके बेटे ने आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद उन्होंने आनन.फानन में दरवाजा तोड़ा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### ऋषभ जेनरल स्टोर में मारपीट, चार के खिलाफ केस दर्ज



सिंदरी। सिंदरी के आरएमफोर रांगामाटी से बलियापुर की ओर जाने वाली सड़क किनारे मामु दुकान के समीप रिषभ राज जेनरल स्टोर में शुक्रवार की शाम सामान के बदले पैसे नहीं देने के कारण राजन निषाद सहित छः लोगों ने रिषभ ठाकुर की सिर पर चोट कर प्राणघातक हमला करने का मामला बलियापुर थाना में दर्ज किया गया है। इसकी लिखित शिकायत रिषभ के पिता धर्मेंद्र ठाकुर ने बलियापुर पुलिस को शनिवार को दी है। धर्मेंद्र ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार को उनके रिषभ राज जेनरल स्टोर में राजन निषाद सहित पाँच युवक सामान लेने के लिए पहुँचे। उस वक्त दुकान में रिषभ और उनकी पत्नी मौजूद थीं। सामान लेकर युवक जाने लगे तो रिषभ ने पैसे की माँग युवकों से की। इसपर युवक भड़क गए और हाँथापाई करते हुए सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। आनन फानन में उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहाँ गंभीर हालात देखते हुए रिषभ को एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है। राज और उसके साथ आए युवकों ने उस घटना के बाद घर में घुसकर सामान तोड़फोड़ किया और घर पर रखे दोपहिया वाहन को भी पलट दिया। उन्होंने बताया कि वे और उनकी पत्नी सिर्फ राजन निषाद को पहचानते हैं। अन्य युवक कौन हैंए इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि रिषभ के सिर पर आठ टाँके लगे हैं और उसके सिटी स्कैन कराया जा रहा है। बलियापुर थाना प्रभारी सूबेदार यादव ने बताया कि रिषभ के पिता धर्मेंद्र ने लिखित शिकायत दी है। इसपर राजन निषाद सहित अज्ञात चार युवकों पर 323, 324, 341, 379, 427, 452, 504, 34 धाराओं के तहत नामजद केस दर्ज कर लिया गया है।

### कॉलोनी के कुछ लड़कों से था विवाद

उन्होंने बताया कि उनके बेटे का कॉलोनी में ही रहने वाले कुछ लड़कों से पूर्व से विवाद चल रहा था। शुक्रवार को भी सरस्वती पूजा के दौरान उसके साथ मारपीट की गयी थी। जिसके कारण वह काफी डिप्रेशन में था। इसी डिप्रेशन के चलते उसने आत्महत्या की है। डब्लू दास ने बताया कि मामले की सूचना पुलिस को दे दी गयी है। पुलिस को लिखित आवेदन दिया गया है।

एक नजर में

## जिला प्रशासन ने किया बूथों का निरीक्षण



**शिकारीपाड़ा।** आगामी लोकसभा चुनाव के सफल संचालन को लेकर दुमका जिले में प्रशासनिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी संदर्भ में शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के अमड़ाडोभा में प्रशासनिक पदाधिकारियों का काफिला पहुंचा। काफिले में जिला से आए पदाधिकारी एलआर डीसी अब्दुस समद के अतिरिक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी शिकारीपाड़ा एजाज आलम, अंचलाधिकारी शिकारीपाड़ा कपिल देव ठाकुर एवं अन्य कर्मी शामिल थे। टीम ने अमड़ाडोभा, घुटकांदर, तालपामारा, हीरापुर दलदली के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और केन्द्रो की प्रकृति संवेदनशीलता के साथ साथ इन केंद्रो में सुविधाओं का जायजा लिया।

## शैक्षणिक भ्रमण पर छत्तीसगढ़ से पिछड़ी जाति के 30 विद्यार्थी बीआइटी सिंदरी पहुंचे



**सिंदरी।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर रामानुजगंज से ग्यारहवीं कक्षा में अध्ययनरत विशेष पिछड़ी जाति ;पहाड़ी कोरवाद्ध के 30 छात्र.छात्राओं का दल झारखण्ड में शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंचा है। इस दल में नोडल अधिकारी के रूप में विनोद कुमार पटेलए रितेश कुमार मिज एवं विबयानी बरवा शामिल हैं। इस कार्यक्रम के तहत शनिवार को बीआईटी सिन्दरी का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान निदेशक प्रो डॉ पंकज राय द्वारा स्वागत भाषण से की गई। इसमें उन्होंने सफल छात्र जीवन के मूलमंत्र पर प्रकाश डाला तथा संस्थान के विभिन्न पहलुओं से परिचय कराया। उसके बाद डॉ निर्मला सोरेन डॉ संग्राम हेम्ब्रमए डॉ प्रशांत कुमार सिंह एवं प्रो राजेश नारायण देव के मार्गदर्शन में बच्चों को पूरे संस्थान के दस विभागों का भ्रमण कराया गया एवं उनके महत्वपूर्ण प्रयोगशालाओं से अवगत कराया गया। बच्चों ने संस्थान के माइनिंग इंजीनियरिंग कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग प्रोडक्शन इंजीनियरिंग मेटलर्जी इंजीनियरिंग सिविल इंजीनियरिंग केमिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में भ्रमण कर जानकारी इकट्ठा की।

# हिलटॉप आउटसोर्सिंग की जांच करने पहुंची टीम

### शिकायत मिलने के बाद औचक निरीक्षण को पहुंची जिला प्रशासन की टीम

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बीसीसीएल के लिए कार्य कार्य कर रही आउटसोर्सिंग कंपनियों में लगातार नियम विरुद्ध कार्य किए जाने कि मिल रही शिकायत के बाद शनिवार को एसडीम धनबाद उदय रजकए खनन एवं प्रदूषण विभाग की टीम ने गोंदुडीह स्थित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी में औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तय मानकों के अनुसार हो रहे कार्यों से संबंधित कागजातों की जांच की। जिसमें कोयला उत्खननए ओबी डंप सहित अन्य पहलुओं पर जांच की गई। धनबाद एसडीएम ने बताया कि धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर आउटसोर्सिंग कंपनियों के कार्यों का जायजा लिया जा रहा है। इसमें दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य किए जा रहे हैं या नहींए ओबी डंप को लेकर नियमों का पालन हो रहा है या नहीं। इन सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल की गई है। जांच टीम में खनन विभागए प्रदूषण विभाग के भी अधिकारी शामिल थे। जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर ने बताया कि सभी आउटसोर्सिंग कंपनियों को पूर्व में उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया है। जिसमें कई मानकों का पालन को लेकर निर्देश दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरा का होनाए लगातार निगरानी करनाए ओबी डंप के लिए तय क्षेत्र के दायरे का पालन करनाए प्रदूषण के नियमों को पालन करना सहित अन्य बिंदुओं पर जांच पड़ताल की गई है। फिटनेस और इंश्योरेंस सहित कई अनियमितता पाई गई है। जांच रिपोर्ट बनाकर उपायुक्त को सौंप दिया जाएगा।

### ओबी डंप को लेकर रैयतों से हो रही है झड़प

बीसीसीएल के लिए कार्य कर रही आउट सोर्सिंग कंपनियों में ओबी डंप को लेकर कई बार रैयतों के बीच झड़प होने के कारण थाने में भी प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। जिसमें कई तरह की बातें सामने आयी थीं। दामोदर नदी में भी ओबी डंप के मामले तुल पकड़े थे। जिसके बाद विधायक सरयू राय ने मामले को गंभीरता से उठाया था। जिला प्रशासन ने पूर्व में ही आउटसोर्सिंग कंपनियों को भी कई मानकों के साथ नियमों का पालन करने के निर्देश दिए थे। इसी कारण जांच हुई। जांच टीम में एसडीएम उदय रजक जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर खान निरीक्षक विनोद प्रमाणिक एवं प्रदूषण विभाग की टीम मौजूद थी।

## इंस्पायर मानक अवार्ड से छात्रा दिव्या त्रिवेदी सम्मानित

**चिरकुंडा।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा इंस्पायर मानक अवार्ड नामक कार्यक्रम में अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा दिव्या त्रिवेदी को सम्मानित किया गया। पांच छात्रों में से एक छात्रा दिव्या त्रिवेदी को सम्मानित किए जाने को लेकर जानकारी देते हुए विद्यालय प्राचार्य डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा एक कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा विज्ञान से संबंधित मॉडल को प्रोजेक्ट के रूप में बनाकर प्रस्तुत करना था। इसमें क्लास 7 ए की दिव्या त्रिवेदी ने एरोप्लेन क्रैश प्रोटेक्शन नामक एक मॉडल तैयार किया। इसके तहत दस हजार रुपए नगद राशि प्रदान किया गया।

## मांगें नहीं मानी तो 25 से टासरा प्रोजेक्ट का होगा चक्का जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सेल की महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा प्रोजेक्ट के ग्रामीणों के 13 सूत्री मांगों को लेकर जनता मजदूर संघ कुंती गुट के शाखा अध्यक्ष बिरजू सिंह ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि 25 फरवरी तक सकारात्मक पहल नहीं हुआ तो प्रोजेक्ट का चक्का जाम किया जाएगा। गुट के समर्थकों ने शनिवार को सेल के चासनाला सेल कोलयरी के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्म का नेतृत्व कर रहे जमसं शाखा अध्यक्ष बिरजू सिंह ने कहा कि टासरा परियोजना में पिछले 6 वर्षों से ब्लास्टिंग के दौरान क्षतिग्रस्त प्रभावित ग्रामीणों के घरों को आरएनआर पॉलिसी के तहत पहले पुनर्वास किया जाए। उसके बाद उत्खनन कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि 1985 में बीसीसीएल द्वारा अधिगृहीत 36 एकड़ भूमि के रैयतों का पुनर्वास अभी तक नहीं किया गया है और ना ही उन्हें नियोजन दिया गया। उस पर प्रबंधन अपनी मंशा स्पष्ट करे। ग्रामीणों पर झूठे आरोप के तहत किए गए केस को वापस लिया जाए। एफसीआई द्वारा किए गए केस वाली भूमि पर कोई कार्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करती है। तो बाध्य होकर जनता मजदूर संघ टासरा प्रोजेक्ट में अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने को बाध्य होगी।

# शराब के नशे में पति ने पत्नी को गला दबाकर मार डाला, फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रानेश्वर।** शराब के नशे में पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और एक दिन तक शव को घर के अंदर ही छुपाकर रख दिया था। शनिवार को आसपड़ोस के ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मसानजोर थाना की पुलिस को सूचित किया। मसानजोर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और शव का फुलोझानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। यह घटना मसानजोर के दरवारपुर गांव में हुई। घटना के बाद आरोपी पति सनथ मुर्मू फरार हो गया है। जानकारी के अनुसार मृतका मकू मरांडी मसानजोर के नाराटोला गांव में अपने मौसी के साथ रहा करती थी। उसकी दो शादी हुई थी। पहले पति ने उसे छोड़ दिया था। उसने सनथ मुर्मू के साथ दूसरी शादी रचायी थी। दम्पति मजदूरी करते थे। हाल ही में दोनों पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान से मजदूरी कर दम्पति घर लौटे थे।

### पति-पत्नी में एक दिन पहले हुआ था विवाद

शुक्रवार को दिन में ही शराब के नशे में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। पति ने आवेश में आकर अपनी पति की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शव को एक कमरे में बंद कर रख दिया था। दूसरे दिन आसपड़ोस के लोगों को घटना की जानकारी मिली। गांव वालों ने शनिवार को दोपहर में मसानजोर थाना की पुलिस को सूचित किया। मसानजोर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पीजेएमसीएच में पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में पति के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया है। पुलिस आरोपी पति की तलाश करने में जुट गयी है।

## ऑटो के धक्के से एक की मौत, दूसरा घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी सिरसा मोड़ से ठाकुर गंगटी मुख्यालय मुख्य मार्ग में शुक्रवार की देर संध्या मिश्र गंगटी गांव में मिथुन कुमार दास टोटो चालक ने 75 वर्षीय बुजुर्ग मिश्र गंगटी ग्राम निवासी सरयुग रविदास को कुचल दिया। और इसी गांव के 60 वर्षीय बुजुर्ग सुनील कुमार झा को धक्का मार कर घायल कर दिया। बुजुर्ग सरयूग रविदास और सुनील कुमार झा दोनों अपनी साइट से सड़क किनारे बाई ओर से घर की ओर जा रहा था।तभी सिरसा मोड़ की ओर से टोटो लेकर आ रहा चालक मिथुन कुमार दास ने दोनों बुजुर्ग को पीछे से जोरदार धक्का मारा।धक्का लगने के बाद दोनों बुजुर्ग घटनास्थल पर गिर गए। बुजुर्ग सरयुग रविदास के शरीर पर टोटो का पिछला चक्का चढ़कर पार हो गया। बुजुर्ग सरयूग रविदास काफी गंभीर रूप से घायल हो गया और सुनील कुमार झा को भी सर और हाथ में चोट लगी।पता चलते ही मिस्त्र गंगटी पंचायत के आपदा मित्र दुर्गेश कुमार ठाकुर घटना स्थल पर पहुंचे। मोरडीहा पंचायत की आपदा मित्र रंभा देवी द्वारा 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया। आनंद.फानन में स्वजनों और ग्रामीणों द्वारा दोनों बुजुर्ग को घायल अवस्था में हरि देवी रेफरेल अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान कुछ ही देर में घायल बुजुर्ग सरयुग रविदास की मृत्यु हो गई। सुनील कुमार झा का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## पिकअप वैन-बाइक की टक्कर में एक की मौत 3 गंभीर रूप से घायल

**हुसैनाबाद पलामू।** मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पर बायो डीजल पेट्रोल पंप और नागबाबा मंदिर के बीच हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं तीन अन्य लोग घायल हो गये। घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार रात लगभग 9 बजे की है। बाइक सवार की सामने से आ रहे पिकअप सवारी गाड़ी से टक्कर हो गयी। बाइक पर चार लोग सवार थे जिसमें से एक युवक डाली गांव निवासी ब्रजेश कुमार (20) की मौके पर ही मौत हो गयी। घायलों को 108 एम्बुलेंस से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। घायल माली गांव निवासी दीपक कुमार को बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर रेफर कर दिया गया है।

### मात्र चार माह कार्य दिवस में त्वरित सुनवाई करते हुए सुनायी गयी सजा

# दुष्कर्म कर हत्या करने के आरोपी को कठोर आजीवन कारावास

### अपर जिला एवं सत्र न्यायााीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की आदालत ने सुनायी सजा

- 20 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया
- जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्तसजा भुगतनी होगी
- लगभग 18 वर्ष तक आरोपी रहा था फरार
- 28 जुलाई 2023 को पुलिस गुजरात से गिरफ्तार कर लाई थी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** यूवती से दुष्कर्म कर हत्या किए जाने के एक मामले की मात्र 4 माह कार्य दिवस में त्वरित सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को आरोपी 39 वर्षीय मुकेश कुमार पिता रक्षा सिंह शिवपुर सतगावां निवासी को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 20 हजार रूपये जुर्माना लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं अदालत में 376 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई एवं 20 हजार रूपये जुर्माना लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 449 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई एवं 10 हजार रूपये जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाऐं साथ-साथ चलेंगी। बताते चलें कि मामला वर्ष 2005 का है। इसे लेकर सतगावां थाना कांड संख्या 10/2005 एवं एसटी 93/2007 दर्ज किया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराा की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से एल ए डीसी डिप्टी चीफ किरन कुमारी ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। बताते चलें कि न्यायालय ने 15 फरवरी को आरोपी को दोषी ठहराया था। इसे लेकर करिता देवी ने सतगावां थाना में मामला दर्ज कराया था। थाना को दिये गये आवेदन में कहा था कि 4 मार्च 2005 को रात्रि में अपने कमरे में सोई थी। करीब 4:30 बजे सुबह में बचाओ बचाओ की आवाज पर नींद खुली और आवाज की ओर दौड़ कर गई तो देखा कि एक युवक उसके ननद के कमरे से निकल रहा है। उसे वह पीछे से पकडने का प्रयास की। चेहरा देखा तो बगल का मुकेश कुमार पिता रक्षा सिंह था। उसने मुझे धक्का देकर छत पर चढकर भाग गया। उसके बाद जब वह ननद के कमरे में गई तो उसे जमीन पर चित मृत पाया गया, वहीं सलवार का नारा खुला हुआ था। उन्होंने पड़ोसी मुकेश कुमार पर ही दुष्कर्म कर हत्या करने का आरोप लगाया था।

## झोला छाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन लगाने से बच्चे की मौत

**हेरहंज।** हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित घूरे ग्राम के भंडारचौक हरिजन टोला में झोलाछाप डॉक्टर अरुण यादव द्वारा गलत ईलाज करने से बच्चे की मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोषित परिजन द्वारा अरुण यादव के क्लिनिक पर हंगामा किया। पीड़ित परिजनो ने बताया कि घर के पास साजन कुमार एक वर्षीय बच्चा खेल रहा था खेलने के दौरान बच्चा को जीभ में हल्का चोट लगा था। जिसके बाद बच्चे की मां और दादी ने ईलाज के लिए अरुण डॉक्टर की क्लिनिक पर पहूंचे। जहां बच्चे को अरुण द्वारा दो इंजेक्शन लगाकर ईलाज किया गया। जिसके बाद बच्चा को छुट्टी दे दिया गया। घर पहुँचते ही बच्चे का हालत खराब होने लगा। जिसके बाद फिर से परिजनों द्वारा ईलाज के लिए अरुण के पास पहुंचे। बच्चों का स्थिति खराब होते देख डॉक्टर क्लीनिक छोड़कर फरार हो गया। बच्चे को देखते ही देखते मौत हो गई। जिसके बाद हेरहंज थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृत बच्चे का शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। आपको बताते चलें की मृतक साजन के पिता मंटू भुइयाँ बाहर मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है।

# पत्नी के साथ अवैध संबंध बना रहे युवक को पति ने कुल्हाड़ी से काट डाला



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के डेमू ग्राम में 14 फरवरी की रात्री को हुए हत्या का लातेहार पुलिस ने 48 घंटे में उद्भेदन कर दिया है। इस मामले को लेकर लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार, प्रशिक्षु आईपीएस ललीत मीना, पुनि सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 14 फरवरी की रात्री लातेहार थाना अंतर्गत ग्राम डेमू में उपेन्द्र सिंह उर्फ गाडून उम्र 25 वर्ष पिता दिनेश सिंह ग्राम डेमू टोला केलहारी के निवासी को टांगी एवं रॉड से हमला कर हत्या कर दिया गया था। इस संदर्भ में लातेहार थाना काण्ड सं0 24/2024 15 फरवरी को धारा 302/201 भा.द.वि. के अंतर्गत संदिग्ध अभियुक्तों के विरुद्ध काण्ड दर्ज किया गया था। काण्ड के उद्भेदन हेतु सहायक पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार परिवेक्ष्यमान ललित मीणा एवं अनु०पु०पदा० लातेहार अरविन्द कुमार के नेतृत्व में काण्ड के उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एक टीम का गठन किया गया। जिसके द्वारा संदिग्ध अभियुक्त संतोष कुमार पिता डिबरु उरावं ग्राम डेमू थाना व जिला लातेहार को पूछ-ताछ के लिए थाना लाया गया जिससे सख्ती से पूछ ताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार कर लिया। स्वीकार अपराध में बताया कि मृतक उपेन्द्र सिंह द्वारा अकसर मेरी पत्नी के साथ शारीरिक संबंध एवं रंगरेलिया किया करता था। जिससे तंग आकर उपेन्द्र सिंह की हत्या कर दिया। श्री कुमार ने आगे बताया कि मामले की तफ्तीश में ये भी जानकारी हुई की इन लोगों का कई दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था और 14 फरवरी की रात शराब की नशे में धुत होकर पति घर पहुंचा जहां पर पत्नी के साथ उपेंद्र सिंह नामक युवक रंगरोलिया मना रहा था जिसके बाद पति ने उसपर टांगी से दौड़ाकर हत्या कर दिया। इनके बतायें निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी, सरिया से बना खनती को बरामद किया। वही इस छापामारी दल में पु०नि० सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा, पुअनि रामप्रवेश सिंह, सअनि नागेश्वर महतो, सअनि कुबेर प्रसाद देव थे।

# यशस्वी के शतक से भारत ने कसा इंग्लैंड पर शिकंजा

- दूसरी पारी में भारत की कुल बढ़त 322 रन की
- शुभमन गिल ने भी खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी

एजेंसी

**राजकोट।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी तीसरे टेस्ट मैच का तीसरा दिन समाप्त हो गया। भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल के शतक के दम पर 322 रन की बढ़त हासिल कर ली। 104 रन बनाकर जायसवाल रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गये। इससे पहले इंग्लैंड ने पहली पारी में 319 रन बनाए। भारत ने दूसरी पारी की शुरूआत 126 रन की बढ़त के साथ की।

### 153 रन बनाकर पवेलियन लौटे डकेट

इंग्लैंड ने शुक्रवार को दो विकेट पर 207 रन से आगे खेलना शुरू किया और 112 रन बनाने में ही बाकी बचे आठ विकेट गंवा दिए। शुक्रवार को जैक क्राउली (15) और ओली पोप (39) आउट हुए थे। बुमराह ने शनिवार को विकेट का खाता खोला और उन्होंने जो रूट को पवेलियन भेजा। इसके बाद अगले ही ओवर में कुलदीप यादव ने जॉनी बेयरस्टो को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह खाता नहीं खोल सके। इस बीच बेन डकेट ने अपने 150 रन पूरे किए। हालांकि, इसके बाद वह ज्यादा देर नहीं टिक सके। कुलदीप ने फिरकी का जादू दिखाते हुए डकेट को शुभमन गिल के हाथों कैच कराया। वह 151 गेंद में 23 चौके और दो छक्के की मदद से 153 रन बना सके।

### भारतीय गेंदबाजों के आगे नहीं चला 'बैजबॉल' का जोर

शनिवार को लंच तक बेन स्टोक्स और बेन फोक्स नाबाद थे। लंच से वापस आते ही इंग्लिश टीम को लगातार दो गेंद पर दो झटके लगे। इंग्लैंड की पारी के 65वें ओवर की आखिरी गेंद पर रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स को जसप्रीत बुमराह के हाथों कैच कराया था। वह 41 रन बना पाए थे। इसके अगले ओवर यानी 66वें ओवर की पहली गेंद पर मोहम्मद सिराज ने बेन फोक्स को रोहित के हाथों कैच कराया। फोक्स 13 रन बनाकर आउट हुए। 314 के स्कोर पर इंग्लैंड को दो और झटके लगे। सिराज ने रेहान अहमद को क्लीन बोल्ड किया। वह छह रन बना सके। इसके अगले ही ओवर में जडेजा ने टॉम हार्टले को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों स्टंप कराया। इसके बाद सिराज ने जेम्स एंडरसन (1) को क्लीन बोल्ड कर इंग्लैंड की पारी को 314 रन पर समेट दिया। भारत की ओर से सिराज ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। वहीं, कुलदीप और जडेजा को दो-दो विकेट मिले। बुमराह-अश्विन ने एक-एक विकेट लिया।

### तीसरे दिन का खेल खत्म, भारत को मिली 322 रन की बढ़त

भारत ने दूसरी पारी की शुरूआत 126 रन की बढ़त के साथ की। जायसवाल ने अपने करियर का तीसरा टेस्ट शतक जड़ा। इससे पहले विशाखापत्तनम में खेले गए मैच में उन्होंने दोहरा शतक जड़ा था। वहीं, पहली पारी में शतक ठोकने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 19 रन बना सके। फिलहाल शुभमन गिल 120 गेंदों में 65 और कुलदीप यादव 15 गेंदों में तीन रन बनाकर नाबाद खेल रहे हैं। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 322 रन की बढ़त दर्ज कर ली है।



## हवा में छलांग और फिर फ्लाइंग किस, भारत के यशस्वी जायसवाल का शतक पर जश्न का जवाब नहीं

इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में जारी तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन यशस्वी जायसवाल ने 122 गेंद में अपना शतक पूरा कर लिया। सीरीज में यशस्वी का यह दूसरा शतक है। इस शतक को पूरा करने के बाद यशस्वी ने बेहतरीन अंदाज में अपने शतक का जश्न मनाया। यशस्वी ने हवा में छलांग लगाते हुए फ्लाइंग किस देकर ड्रेसिंग रूम में बैठे अपने कप्तान और कोच के सामने खुशी जाहिर की। यशस्वी के बैक टू बैक शतक पर टीम इंडिया के साथी खिलाड़ियों ने भी खड़े होकर इस युवा खिलाड़ी का अभिवादन किया।

**यशस्वी जायसवाल**
रन: 104 | गेंद : 133
चौका : 09 | छक्का : 02

## सिराज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किये 150 विकेट



**राजकोट।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने शनिवार को 150 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे कर लिए हैं। सिराज ने राजकोट में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। सिराज ने इंग्लैंड की पहली पारी में 21.5 ओवर में 84 रन देकर 4 विकेट लिए जिससे भारत को 126 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल हुई। उन्हें ओली पोप, विकेटकीपर-बल्लेबाज बेन फॉक्स, रेहान अहमद और जेम्स एंडरसन के विकेट मिले। सिराज ने अब तक 76 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 25.91 की औसत से 152 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 6/15 है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार बार पांच विकेट लिए हैं। सिराज ने 25 टेस्ट मैचों में 28.54 की औसत से 72 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 6/15 है। सिराज ने 41 एकदिवसीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उन्होंने 22.79 की औसत से 68 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/21 का रहा है। उनके नाम वनडे में एक बार पांच विकेट लेने का कारनामा दर्ज है। 10 टी20आई में उन्होंने 27.83 की औसत से 12 विकेट लिए हैं, जिसमें 4/17 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने घरेलू मैदानों, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में भारत की हालिया टेस्ट सफलता में मैच जिताने वाले स्पैल देकर अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने सफेद गेंद क्रिकेट में नई गेंद से भी अच्छा प्रदर्शन किया है।

## जॉनी बेयरस्टो ने बनाया अनवांटेड रिकॉर्ड

राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो चार गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए। इस आउट के साथ उन्होंने टेस्ट में भारत के खिलाफ किसी भी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने का अवांछित रिकॉर्ड बना दिया है। 40वें ओवर में जो रूट के आउट होने के बाद बैटिंग करने आए बेयरस्टो कुछ देर के लिए क्रीज पर रुके और इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 224 रन था। 41वें ओवर में बेयरस्टो ने स्पिनर कुलदीप यादव की 2 गेंदों का सामना किया और तीसरी गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। गेंद ऑफ के बाहर अच्छी लेंथ पर गिरी और तेजी से टर्न हुई। बेयरस्टो का बल्ला कहीं भी गेंद के पास नहीं था क्योंकि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि गेंद इतनी टर्न लेगी और गेंद उनके पैड पर लगी। कुलदीप की फिरकी से परेशान होकर बेयरस्टो बिना कोई रन बनाए मैदान से बाहर चले गए। यह टेस्ट में भारत के खिलाफ बेयरस्टो का 8वां शून्य था, जो टेस्ट में भारत के खिलाफ किसी भी बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक है। इंग्लैंड के बल्लेबाज के बाद दानिश कनेरिया और नाथन लियोन हैं जिनके नाम अवांछित सूची में 7 शून्य हैं।

## एंडरसन टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाज बने, टूट गया अनिल कुंबले का रिकॉर्ड

टेस्ट क्रिकेट में जेम्स एंडरसन से पहले सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर अनिल कुंबले थे। कुंबले ने अपने टेस्ट क्रिकेट करियर के दौरान 132 टेस्ट मैच की 236 पारियों में 40,850 गेंदें फेंकी थी और इस दौरान कुल 18,355 रन दिए थे। अब जेम्स एंडरसन उनसे आगे निकल गए और टेस्ट में सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में अनिल कुंबले को नीचे धकेल कर पहले स्थान पर काबिज हो गए। जेम्स एंडरसन की बात करें तो उन्होंने 185 टेस्ट मैचों की 344 पारियों में 39,577 गेंदें फेंकी है। इस दौरान उन्होंने कुल 18,371 रन दिए हैं। इन मैचों में एंडरसन ने 696 विकेट लिए हैं साथ ही उन्होंने 32 बार फोर विकेट हॉल, 32 बार ही फाइव विकेट हॉल और 3 बार 10 विकेट लेने का कमाल किया है। एंडरसन का एक पारी में बेस्ट गेंदबाजी रिकॉर्ड 42 रन देकर 7 विकेट रहा है। कुंबले का टेस्ट की एक पारी में बेस्ट गेंदबाजी 74 रन देकर 10 विकेट था।

| टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाज |
|---|
| जेम्स एंडरसन- 18,371 रन (खबर लिखे जाने तक) |
| अनिल कुंबले- 18,355 रन |
| मुथैया मुरलीधरन- 18,180 रन |
| शेन वॉर्न- 17,995 रन |
| स्टुअर्ट ब्रॉड- 16,719 रन |

## टी20 सीरीज से बाहर हुए मार्कस स्टोइनिस

एजेंसी



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस पीठ की समस्या के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। ऑलराउंडर आरोन हार्डी को जून में टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया की आखिरी सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया के उप-कप्तान और विकेटकीपर मैथ्यू वेड भी अपने तीसरे बच्चे के जन्म के कारण बुधवार को वेलिंगटन में श्रृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे, लेकिन उनके शुक्रवार और रविवार को ऑकलैंड में होने वाले अंतिम दो मैचों के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद है। पिछले रविवार को एडिलेड में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से पहले अभ्यास के दौरान स्टोइनिस की पीठ में चोट लग गई थी लेकिन फिर भी वह खेल सके। उन्होंने बल्ले से 15 गेंदों में 16 रन बनाए, इसके अलावा उन्होंने 36 रन देकर 3 विकेट भी लिए। लेकिन पर्थ की लंबी उड़ान के बाद, वह मंगलवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे मैच में नहीं खेल पाए और बाद में पीठ की समस्या से पूरी तरह से उबर नहीं पाने कारण उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर कर दिया गया। उम्मीद है कि मार्च के अंत में शुरू होने वाले आईपीएल के लिए स्टोइनिस फिट हो जाएंगे। हार्डी वर्तमान में होबार्ट में तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहे हैं और उन्होंने शनिवार को टीम के साथ यात्रा नहीं की, लेकिन शुरूआती मैच से पहले वह टीम में शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलिया के अन्य हरफनमौला खिलाड़ियों को भी चोट की चिंता सता रही है क्योंकि कप्तान मिशेल मार्श के टखने को लगातार प्रबंधन की जरूरत है और मैक्सवेल का पैर पहले टूट चुका है।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे अनुराग ठाकुर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर 19 फरवरी को गुवाहाटी में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। खेल उत्तर-पूर्व के सात राज्यों में खेले जाएंगे और 29 फरवरी को समाप्त होंगे। अनुराग ठाकुर असम की मुख्यमंत्री हिमता बिस्वा सरमा के साथ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी एक वीडियो संदेश के जरिए एथलीटों को प्रेरित करेंगे। खेलों का चौथा संस्करण है जिसमें 200 विश्वविद्यालयों के करीब 4500 एथलीट भाग ले रहे हैं। असम की खेल और युवा कल्याण मंत्री नंदिता गारलोसा ने कहा कि अंगराग महंत, जिन्हें पापोन के नाम से जाना जाता है, के शामिल होने से उद्घाटन समारोह में ग्लैमर जुड़ जाएगा। पापॉन भारत के युवा आइकन हैं और गुवाहाटी उन्हें लाइव सुनेगा। हमारे पास भूपेन हजारिका जैसे महानतम संगीतकार हैं लेकिन अच्छा संगीत किसी भी पीढ़ी को समझ में नहीं आता है। हजारिका और पापोन दोनों अपने-अपने तरीके से अद्वितीय हैं और जुबीन गर्ग को नहीं भूलना चाहिए। खेलो इंडिया मिशन जमीनी स्तर के खेलों को बढ़ावा देने और देश भर से युवा प्रतिभाओं की पहचान करने पर केंद्रित है।

## शार्दुल ठाकुर ने मुंबई को दिलाई जीत



**मुंबई।** मुंबई में शार्दुल ठाकुर की तूफानी गेंदबाजी की बदौलत मुंबई की टीम ने एलीट ग्रुप बी में असम को पारी और 80 रन से हरा दिया। असम ने पहली पारी में 84 रन बनाए थे। वहीं, मुंबई ने पहली पारी में 272 रन बनाए थे। इस तरह उसे 188 रन की बढ़त मिली थी। असम की टीम दूसरी पारी में 108 रन पर सिमट गई। पहली पारी में छह विकेट लेने वाले शार्दुल ठाकुर ने दूसरी पारी में भी कातिलाना गेंदबाजी की। उन्होंने चार विकेट लिए। इस तरह शार्दुल ने मैच में 10 विकेट झटके।

## तेंदुलकर के दौरे से कश्मीरी बल्ला निमार्ताओं में उत्साह



**श्रीनगर।** महान सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को दक्षिण कश्मीर में एक बल्ला निर्माण इकाई का दौरा किया, जिससे उद्योग को काफी बढ़ावा मिलने की संभावना है। तेंदुलकर, उनकी पत्नी अंजलि और बेटी सारा ने शनिवार को चारसू अवंतीपोरा में एमजे स्पोर्ट्स बैट निर्माण इकाई का दौरा किया और लगभग एक घंटा बिताया।

## न्यूजीलैंड के गेंदबाज जैमीसन चोट के कारण बाहर

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को पीठ की चोट के कारण कम से कम अगली गर्मियों तक टीम से बाहर कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड के पहले टेस्ट के बाद तेज गेंदबाज को स्कैन के लिए भेजा गया था जहां उनकी पीठ के उसी हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर मिला जहां पिछले साल जैमीसन का ऑपरेशन किया गया था। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें दूसरी सर्जरी कराने की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन चोट को ठीक होने के लिये आराम और पुनर्वास की जरुरत होगी।

## अलकराज अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज ने इतालवी क्वालीफायर एंड्रिया वावसोरी पर 7-6 (1), 6-1 से जीत के साथ अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब की आउटडोर क्ले पर एक घंटे 40 मिनट के खेल में जीत हासिल करने के लिए 27 रिटर्न पॉइंट जीते।

## बिहार के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कहेंगे मनोज

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय और बंगाल क्रिकेटर मनोज तिवारी ने बिहार के खिलाफ चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। 2004 में बंगाल के लिए पदार्पण करने वाले तिवारी ने 48.56 की औसत से लगभग 10,000 प्रथम श्रेणी रन बनाए हैं, जिसमें 29 शतक और 45 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं उन्होंने 42.28 के औसत से 169 लिस्ट ए गेम्स में 5581 रन बनाए हैं। मनोज तिवारी ने शनिवार को एक्स पर लिखा, सभी को नमस्कार, तो... संभवतः अपने प्रिय 22 गज की पिच पर यह एक आखिरी समय है! मुझे इसकी हर चीज याद आएगी! इतने वर्षों तक मुझे प्रोत्साहित करने और प्यार करने के लिए धन्यवाद। अगर आप सभी कल और परसों मेरे पसंदीदा ईडनगार्डन में बंगाल का उत्साह बढ़ाने आएंगे तो बहुत अच्छा लगेगा। क्रिकेट का एक वफादार सेवक, आपका मनोज तिवारी। 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच में भारत के लिए पदार्पण करने के बाद तिवारी को तीन साल इंतजार करना पड़ा।

## पुजारा ने रणजी सीजन में जड़ा तीसरा शतक, प्रथम श्रेणी में 63वां

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चेतेश्वर पुजारा रणजी सीजन के दौरान शानदार लय में दिखे हैं। पुजारा ने मनीपुर के खिलाफ राजकोट के सनोसारा क्रिकेट ग्राऊंड में खेले जा रहे मुकाबले में महज 102 गेंदों पर शतक जमाकर अपनी उपयोगिता साबित कर दी। पुजारा का सीजन में तीसरा तो प्रथम श्रेणी फॉर्मेट में 63वां शतक है। पुजारा ने रोनाल्डो की गेंद पर किशन के हाथों स्टंप आऊट होने से पहले 105 गेंदों पर 12 चौके और एक छक्कों की मदद से 108 रन बनाए। इसके अलावा सौराष्ट्र की ओर से कप्तान ए वासुदेवा 148 तो प्रेरक मांकड़ बड़ा शतक लगाने में सफल रहे। मुकाबले की बात करें तो सौराष्ट्र ने पहले गेंदबाजी करते हुए मनीपुर को महज 142 रन पर ही रोक दिया था। मनीपुर के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज बशीद 85 गेंदों पर 51 तो कप्तान लैंग्लोन्याम्बा 115 गेंदों पर 67 रन बनाने में सफल रहे। सौराष्ट्र की ओर से जडेजा ने 62 रन देकर 4 तो चेतन सकारिया ने 29 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में सौराष्ट्र की ओर से कप्तान वासुदेव ने 197 गेंदों पर 148, प्रेरक मांकड़ ने 173 गेंदों पर 173 तो चेतेश्वर पुजारा ने 108 रन बनाकर स्कोर 500 पार करवा दिया।

| रणजी सीजन में पुजारा |
|---|
| 243* बनाम झारखंड |
| 49 और 43 बनाम हरियाणा |
| 43 और 66 बनाम विदर्भ |
| 91 बनाम सर्विस |
| 3 और 0 बनाम महाराष्ट्र |
| 110 और 25 बनाम राजस्थान |
| 108 बनाम मनीपुर |

| भारत के लिए प्रथम श्रेणी में सबसे ज्यादा शतक |
|---|
| 81 सुनील गावस्कर |
| 81 सचिन तेंदुलकर |
| 68 राहुल द्रविड़ |
| 63 चेतेश्वर पुजारा |
| 60 विजय हजारे |
| 57 वसीज जाफर |

## महिला प्रीमियर लीग 23 फरवरी से

**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा सीजन 23 फरवरी को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले जाने वाले पहले मैच के साथ शुरू होगा। शनिवार को कहा गया कि टूनार्मेंट का पहला चरण बेंगलुरु में खेला जाएगा, इसके बाद दूसरा चरण और प्लेऑफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।

## यूपी की आकांक्षा भारतीय टीम में चयनित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की साइकिलिस्ट आकांक्षा वर्मा का चयन आगामी एशियन ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में कर लिया गया है। एशियन ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप आगामी 21 से 26 फरवरी 2024 तक नयी दिल्ली के आईजी स्पोर्टस काम्पलेक्स में बने साइकिलिंग वेलोड्रम में होगी।

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप: जापान को हराकर पहली बार फाइनल में पहुंची भारतीय महिला टीम

एजेंसी



**शाह आलम।** भारतीय महिला टीम ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) 2024 में शनिवार को यहां सेमीफाइनल में जापान को 3-2 से हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। एक मजबूत जापानी पक्ष का सामना करते हुए, भारतीय टीम ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया और एक यादगार जीत हासिल की। सेमीफाइनल के पहले मुकाबले में भारतीय शीर्ष शटलर पीवी सिंधु को अया ओहोरी के हाथों 17-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे भारत 0-1 से पीछे हो गया। इसके बाद ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जोड़ी को कड़े मुकाबले में 21-17, 16-21, 22-20 से हराकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर लिया। इसके बाद अश्मिता चालिहा ने अनुभवी नोजोमी ओकुहारा को सीधे गेम में 21-17, 21-14 से हराकर सभी को चौंकाते हुए भारत को 2-1 से बढ़त दिला दी। चौथे मुकाबले में भारत चोटिल तनीषा क्रैस्टो की अनुपस्थिति में सिंधु और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी के साथ उतरा। हालांकि जापानी जोड़ी रेना मियाउरा और अयाको सकुरमोटो को भारतीय जोड़ी को 21-14, 21-11 से शिकस्त देने में कोई कठिनाई नहीं हुआ और जापान ने 2-2 से बराबरी ककर ली। मंच एक रोमांचक समापन के लिए तैयार था, जिसमें 17 वर्षीय अनमोल खरब ने टूनार्मेंट में अपने सीमित अनुभव के बावजूद चुनौती के लिए कदम बढ़ाया। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन खरब ने मजबूत इरादों और त्रुटिहीन कौशल का प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 29वें नंबर के खिलाड़ी नात्सुकी निदाइरा को सीधे गेम में 21-14, 21-18 से हराकर भारत की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित की और फाइनल में जगह पक्की की।

## ज्योति याराजी ने 60 मीटर बाधा दौड़ में जीता स्वर्ण, राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी

### एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप




**तेहरान।** ज्योति याराजी ने शनिवार को एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में 60 मीटर बाधा दौड़ में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। याराजी ने फाइनल में आश्चर्यजनक रूप से 8.12 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण हासिल किया। याराजी ने फाइनल में 8.12 का समय लेकर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा और प्रतियोगिता में भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। याराजी अब 60 मीटर बाधा दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड छह बार तोड़ चुकी हैं। ज्योति ने पिछले साल 8.20 सेकंड का समय लेकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था और अब तक इसे चार बार तोड़ चुकी हैं। इससे पहले, हरमिलन बैंस ने भी 1500 मीटर फाइनल में 4:29.55 के समय के साथ फिनिश लाइन पार करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने पिछले साल पहले ही बेहतर प्रदर्शन किया है, जब केवल ज्योति याराजी स्वर्ण पदक लेकर लौटीं, पहले दिन दो स्वर्ण पदक जीते। मैदानी स्पधाओं में शैली सिंह और नयना जेम्स ने लंबी कूद के फाइनल में अपना कौशल दिखाया और सराहनीय प्रदर्शन करते हुए क्रमशः पांचवां और छठा स्थान हासिल किया।

# बेबी देवी को पुन: मंत्री बनाए जाने पर कार्यकताओं ने मनाया जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** डुमरी विधानसभा में विकास की रफ्तार होगी और तेज। उक्त बातें मंत्री देवी ने कही साथ ही पूर्व सीएम हेमंत सोरेन व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के प्रति आभार जताई। राज्य के चंपई सोरेन की सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में दिवंगत स्कूली शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की धर्मपत्ति सह पूर्व उत्पाद एवं मध निषेध मंत्री बेबी देवी को कैबिनेट मंत्री के महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग दिए जाने पर शुक्रवार को नावाडीह, चिरुड़ीह, भलमरा, आहारडीह, भेणडरा, सुरही, सहित विभिन्न गांव में झामुमो कार्यकताओं ने जश्न मनाया साथ ही दोबारा मंत्री बनाए जाने पर पूर्व सीएम सह झामुमो युवा सम्राट हेमंत सोरेन एवं मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष गणेश महतो ने कहा कि राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ महतो के निधन के बाद हेमंत सोरेन की सरकार में तीन जुलाई 2023 को मंत्री बनाकर सम्मान देते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की वही उपचुनाव में डुमरी की जनता ने भारी बहुमत से विजय बनाकर मंत्री पद बरकरार रखने पर मोहर लगाई। इसके बाद मंत्री बेबी देवी ने निरंतरण क्षेत्र का दौरा कर पूर्व मंत्री जगन्नाथ महतो के अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लेकर विकास कार्य की रफ्तार दी। जिसे चंपई सोरेन की सरकार में पुन मंत्री बनाकर डुमरी की जनता को झामुमो ने तोहफा दी है। डुमरी,नावाडीह का विकास की रफ्तार नहीं रुकेगा। वही युवा नेता भरत दास ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा झारखंडी जनता के हित में कि जा रही विकास कार्य एवं बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर विपक्षी ने साजिश के तहत उन्हें जेल भेजने का काम किया। परंतु राज्य की जनता इसका जवाब चुनाव में देगी। वहीं मुखिया संघ अध्यक्ष विश्वनाथ महतो ने कहा कि मंत्री बेबी देवी जनता के हर सुख दुख में साथ रहती हैं। नावाडीह में करोड़ की राशि से डिग्री महाविद्यालय चिरुडीह में आईटीआई कॉलेज नावाडीह से गोमो मुख्य पथ को पीडब्ल्यूडी में स्थानांतरण कर करोड़ों की राशि से चौड़ीकरण का तोहफा इस वर्ष जनता को दी है। आने वाले दिनों में स्वर्ग जगन्नाथ महतो की हर सपना साकार करेगी। इस मौके पर बधाई देने में झामुमो जिला सचिव जय नारायण महतो, प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो, सचिव सोनाराम हेंब्रम, शहिद अंसारी, मुरलीधर सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष बृजलाल हंसदा, भुवनेश्वर महतो, पूर्व मुखिया राम पुकार महतो, आदि शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### अवैध कब्जा वाले आवास कराये गए खाली



**बोकारो।** सम्पदा न्यायालय बोकारो के आदेश पर अनाधिकृत कब्जे वाले बीएसएल के 10 आवासों से अवैध कब्जा हटाया गया और उनके सामान भी जब्त कर लिए गए। मजिस्ट्रेट के रूप में चास बीडीओ प्रदीप कुमार की मौजूदगी में होमगार्ड के जवानों की मदद से सेक्टर 4 जी में आवास संख्या 3177, 4084 सेक्टर 6ए में आवास संख्या 2084 व 3496 सेक्टर 8 डी में 2156, 2142, 2144, 1013 व 1191 सेक्टर 8 सी में 2217 को खाली कराया गया।

### स्वदेशी मेला में लोगों ने स्वदेशी सामानों की खरीदारी की

**बोकारो।** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से नगर के सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला में लोगों ने अपने पसंदीदा स्वदेशी सामानों की खरीदारी जमकर की। जिला स्वावलम्बन प्रमुख शशांक शेखर ने बताया कि इस बार स्वदेशी मेला पूर्ण रूप से स्वावलंबन पर आधारित है। उन्होंने कहा कि मेला के माध्यम से युवाओं को नौकरी करने वाला नहीं वरन नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए अलग से स्वावलंबी भारत अभियान का स्टॉल लगाया गया है। शशांक ने बताया कि जो भी स्वावलम्बन भारत अभियान से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहते हैं वो माई एसबीए पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं जो पूरी तरह निशुल्क है। आयोजन को सफल करने में विनोद चौधरी राकेश रंजन सुजीत श्रीवास्तव प्रेम प्रकाश सौरभ जायसवाल विवेकानंद झा आदि लगे हुए हैं।

### संत जेवियर्स मध्य विद्यालय में खेल प्रतियोगिता



पुरस्कार देते अतिथि।

**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत टाटीदीरी के तेनुवाही टोले स्थित संत जेवियर्स मध्य विद्यालय में शनिवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत टाटीदीरी के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी अखिलेश पासवान ने फीता काटकर किया। इस दौरान बिस्कुट रेस, 200 मीटर के दौड़, मेढक दौड़ आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर श्री पासवान ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। शिक्षा से ही समाज व देश का विकास होता है। इस विद्यालय के खुलने से हमारे पंचायत के साथ साथ भंडार, गनियारी कलां, अम्बखोरेया आदि पंचायत के बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं यह हमारे पंचायत के लिए गौरव की बात है। मौके पर वार्ड सदस्य गोपाल कोरवा, समाजसेवी विनोद प्रसाद गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सचिव आदि उपस्थित थे।

### स्थानांतरित थाना प्रभारी को दी गई विदाई



सम्मानित करते पुलिस कर्मी।

**धुरकी।** धुरकी थाना के सभागार में स्थानंत्रित थाना प्रभारी सन्तोष कुमार रवि को धुरकी थाना पुलिस परिवार ने एक कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी। इसके पूर्व थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने प्रभारी थाना प्रभारी एएसआई शैलेन्द्र कुमार यादव को को अपना चार्ज दिया। गौरतलब हो कि गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि को थाना में लंबित मामलों एवं थाने क्षेत्र में अपराध पर अंकुश एवं शांति बेहतर एवं उत्कृष्ट कार्य प्रणाली को लेकर बिरसा मुंडा स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया था। सम्मान समारोह में थाना प्रभारी के अलावे तीन अन्य पुलिस कर्मी विपिन कुमार वर्मा, सोनू कुमार, बबलू मरांडी धुरकी थाना पुलिस परिवार एवं समाजसेवी जनप्रतिनिधियों द्वारा फूल माला, बुके, शॉल व अंगवस्त्र देकर विदाई दी गई। मौके पर संतोष कुमार रवि ने कहा कि धुरकी थाना को कभी नहीं भूल पाएंगे, यहां के लोग हमेशा याद आएंगे। मौके पर एएसआई यामन कांडूला, सहायक पुलिस अविनाश कुमार द्विवेदी, समाजसेवी श्याम किशोर विश्वकर्मा, कुदुश अंसारी, नन्द कुमार मेहता, विवेक सिंह, भाजपा नेता मंगल यादव, संतोष पासवान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सांसद व विधायक ने कसमार में नौ योजनाओं का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के विभिन्न गांवों में 16 करोड़ लागत की 9 योजनाओं का शिलान्यास बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने किया। मौके पर सांसद श्री चौधरी ने कहा कि कसमार की सभी ग्रामीण सड़कें मुख्य पथ से जोड़ी जाएंगी तथा सड़क पुल पुलिया पेयजल जलापूर्ति भवन निर्माण स्वास्थ्य बिजली शिक्षा सिंचाई सहित अन्य तरह के विकास कार्य कराए जा रहे है। विधायक महतो ने कहा कि कसमार प्रखंड के सर्वांगीण विकास हेतु हर संभव विकास कार्य को धरातल पर उतारा जा रहा है। मौके पर कसमार जिप सदस्य अमरदीप महाराज, पूर्व जिप सदस्य विमल जायसवाल हिसीम, मुखिया बबीता देवी, पंसस जगेश्वर मुर्मू, खैराचातर मुखिया विजय जायसवाल, बगदा मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह, मंजूरा के पूर्व मुखिया नरेश महतो, शिशुपाल महतो, सिंहपुर उप मुखिया तुलसी महतो, बरई कला पंसस दिलीप महतो, मनोज करमाली, संवेदक राजेश मिश्रा, अजय सिंह, विक्की सरदार, सफात अंसारी, गणपत यादव, केदला के मांझी हड़ाम कमलनाथ मुर्मू, बानेश्वर महतो, महेंद्र महतो, उमेश महतो, मनोज महतो, रणदेव मुर्मू, दशरथ महतो, ब्रजेश मुर्मू, प्रकाश महतो, राजेश मुर्मू, आदि समेत सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद थे।

### अग्रवाल परिवार ने किया गरीबों के बीच भोजन वितरण



भोजन वितरण करते लोग।

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार गढ़वा के तत्वावधान में शनिवार को लगातार 24 वें सप्ताह जरुरतमंदो के बीच प्रसाद रूपी भोजन का वितरण 130 जरुरतमंद लोगो के बीच किया गया। जानकारी देते हुए संतोष अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल परिवार सदा दीन, हीन और जरुरतमंदो की सेवा करता है। यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। मौके पर चंद्र प्रकाश अग्रवाल, अमित कश्यप, विनय कश्यप, आशुतोष अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मानस अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## नास्टा परीक्षा में डीपीएस बोकारो की अंकिता बनी स्टेट टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के 11वीं कक्षा की छात्रा अंकिता साक्षी ने कैम्प नास्टा में स्टेट एक्सीलेंस प्रमाण पत्र के साथ झारखंड में स्टेट रैंक 1 पाने का गौरव हासिल किया है। नास्टा 2023 में अंकिता को ओवरऑल ग्रेड ए प्लस मिला है और वह गोल्ड स्टेट अवार्ड के लिए चयनित की गई है। उसे नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित योग्यता मूल्यांकन को लेकर दिसंबर 2023 में हुई इस परीक्षा में देशभर से पांच लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। कैंप नास्टा में विद्यालय के कक्षा 5 के आदित्य राज व परिधि साहू कक्षा 6 के प्रांजल चन्द्रा श्रेय कश्यप व अंशुला श्री कक्षा 7 के आयुष्मान सिंह अवनी अवण्या पांडेय व अथर्व कुमार कक्षा 9 के कुणाल आनंद आयुष लच्छीरामका निर्वाण तथा कक्षा 10 से आव्या सिंह सर्वज्ञ सिंह एवं अमोघ आनंद झा ने भी अपने वर्गों में उत्कृष्टता प्रमाण पत्र हासिल किया है। स्टेट टॉपर अंकिता सहित अन्य विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने छात्र छात्राओं के शैक्षणिक वैज्ञानिक एवं सर्वांगीण विकास को लेकर कटिबद्ध है।

## आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने के कारण चट्टानों पर बैठकर किया गया टीकाकरण



टीकाकरण करती एएनएम।

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के खजुरी गांव के लकड़ही टोला आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने के कारण स्वास्थ्य विभाग के एएनएम के द्वारा पत्थर के चट्टानों पर बैठकर गर्भवती महिलाओं एवं धात्री को टीकाकरण करते हुए देखा गया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने पर ग्रामीणों में आक्रोश भी देखा गया। साथ ही ग्रामीणों द्वारा सेविका उर्मिला देवी एवं सहायिका उर्मिला देवी के खिलाफ तीन दर्जन से महिलाओं एवं पुरुषों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सतीश भगत को आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने के संबंध में लिखित आवेदन दिया है। उक्त आवेदन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि 17 फरवरी को टीकाकरण करने आए एएनएम, सहिया कई घंटे से बैठे-बैठे आंगनबाड़ी खुलने के इंतजार के बाद सड़क पर ही ग्रामीण महिलाओं को टीकाकरण किया गया और ग्रामीणों के कई आवेदन के बावजूद भी प्रखंड के पदाधिकारी के द्वारा सेविका एवं सहायिका के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाई नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते यहां नवनिहाल बच्चों के खिलवाड़ के साथ गर्भवती महिलाएं एवं नवजात शिशु के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर स्वास्थ्य विभाग के एएनएम कुमारी सावित्री ने बताई कि शनिवार को मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र के लकड़ी आंगन गड़बड़ी केंद्र पर टीकाकरण दिवस था। स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ रुस्तम कुमार, कुमारी सावित्री और एक्जुट संस्था के सुपरवाइजर कलावती खुजुर पहुंचे थे। शनिवार को 3 गर्भवती एवं धात्री बच्चों को टीकाकरण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाए जाने पर पूछे जाने पर पर्यवेक्षकी प्रभादेवी ने बतायी की लकड़ही की सेविका का शिकायत बहुत बार आ चुका है और कई छोटे-मोटे कार्रवाई भी किए गए हैं फिर भी सुधार नहीं हो रहा है। इधर इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सतीश भगत ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है जांच कर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा।

### अभिमन्यु सिंह के साथ हुए मुखिया अमित



माला पहनकर शामिल कराते अभिमन्यु सिंह।

**कांडी।** प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष सह पतीला पंचायत के मुखिया अमित कुमार दुबे शनिवार को युवा समाजसेवी नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह का टीम ज्वाइन किए। युवा समाजसेवी नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने मुखिया अमित कुमार दुबे को माला पहनाकर अपनी टीम में स्वागत किया। इस मौके पर मुखिया अमित कुमार दुबे ने कहा कि आज हम युवा समाजसेवी नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह के विचारों और नीति सिद्धांतो से प्रभावित होकर उनके टीम के साथ जुड़ रहे है और 2024 के चुनाव में अंजू सिंह को जीता कर बिश्रामपुर के विकाश में गति देने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर अभिमन्यु सिंह ने भी कहा कि अमित दुबे जैसे युवा के आने से कांडी प्रखंड क्षेत्र में उन्हें और मजबूती मिलेगी।

### कोयला व्यवसाई ने सीआईएल के निर्देशक से की मुलाकात

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के कोयला व्यवसाई सीआईएल के निर्देशक से की मुलाकात। कोलियरियो से कोयले की उठाव मे आ रही समस्याओ से अवगत कराया। इस दौरान निर्देशक ने आश्वासन देते हुए कहा कि सीसीएल के अधिकारियो से बात कर समस्याओ का समाधान कर दिया जायेगा। कंपनी पर व्यवसाई का विश्वसनीयता में बनी रहे और व्यापारियों को नुकसान नहीं हो। साथ ही साथ कहा कि ऑनलाइन कोटा बनाया जाएगा।

### गोमिया मे माहेर संस्था के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** गोमिया के कसवागढ़ा स्थित माहेर संस्था कार्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई विदेशी मेहमान भी यहां जुटे। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद के सदस्य डॉ सुरेन्द राज, गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन, आईएल थाना प्रभारी देवानंद कुमार, फुसरो नगर परिषद के निवर्तमान वार्ड पार्षद रश्मि सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया, वहीं आगत अतिथियों का स्वागत माहेर संस्था के स्टॉप, बच्चे और महिला स्वयं सहायता समूह के कार्यकताओं ने किया। इस मौके पर गोमिया माहेर संस्था की ओर से राजेश कुजूर ने कार्यक्रम की जानकारी दी। इसके बाद संस्था की ओर से चलाये जा रहे सिलाई बुनाई सेंटर के महिलाओं ने अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला परिषद के सदस्य डॉ सुरेंद्र राज और निवर्तमान वार्ड पार्षद रश्मि सिंह ने कहा कि यह इस क्षेत्र का सौभाग्य है कि माहेर संस्था झारखंड राज्य में महज दो क्षेत्र में कार्यालय है, जिसमें एक गोमिया में है। इस संस्था ने जिस प्रकार गरीबों, असहाय और वंचित महिलाओं और बच्चों की सेवा और शिक्षा का कार्य कर रही है वह तारीफ के काबिल है।

## सूरत पांडे डिग्री कॉलेज में मनी कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

### पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



विजेता प्रतिभागियों के साथ अतिथि।

**गढ़वा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के स्वायत्तशासी संस्था नेहरू युवा केंद्र संगठन गढ़वा के तथावधान में शनिवार को सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में भारत रत्न जननायक स्व. कपूर्री ठाकुर के पुण्यतिथि के अवसर पर विचार संगोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य निकलेश चौबे, एनएनएस के जिला प्रभारी कमलेश नंदन सिन्हा एवं नेहरु युवा केंद्र के कार्यक्रम प्रभारी सह लेखापाल चार्ल्स बोदरा ने संयुक्त रूप से उनके तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पअर्पित कर किया।

मौके पर कार्यक्रम प्रभारी चार्ल्स बोदरा ने कहा कि समाज के दबे-कुचले लोगों को सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने में जननायक कपूर्री ठाकुर की त्याग तपस्या से हम लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। कॉलेज के प्राचार्य निकलेश चौबे ने उनकी जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा कि वे ऐसे महान नेता थे जिनको कर्मयोगी जननायक कहा गया। वे देश के पहले अति पिछड़े वर्ग के मुख्यमंत्री हुए जो पूरा जीवन शोषित एवं वंचित की लड़ाई लड़ते रहे। हम सभी को इनकी जीवनी से सीख लेने की जरूरत है। अन्य वक्ताओं ने भी उनकी जीवनी पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इसके साथ ही कॉलेज परिसर में युवाओं के बीच पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्राची कुमारी प्रथम, दीपिका कुमारी द्वितीय एवं सिमरन सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त की। इस साथ ही भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मौके पर प्रो. संजय कुमार केशरी, उमेश सहाय, किरण कुमारी, शारदा कुमारी, दिवाकर चौबे,सलीमा खातून, रमेश कुमार नरेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### कसमार में जीपीएफटी सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के सभागार में ग्राम पंचायत फैसिलिटेटर टीम सहजकर्ता दल का जीपीडीपी 2024-25 को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण में ट्रेनर के तौर पर प्रदान संस्था के पुस्कर आर्य प्रकाश कुमार महतो पंचायती राज से प्रकाश झा ने सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण एलएसडीसी के 9 थीम गरीबी मुक्त उन्नत आजीविका गांव स्वस्थ गांव बाल हितैषी जल प्राप्त गांव स्वच्छ एवं हरा भरा गांव आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा वाला गांव सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव सुशासन वाला गांव ग्राम सभा महिला सभा व बाल सभा एवं ग्राम पंचायत की वर्किंग कमेटी एवं महिला हितैषी वाला गांव के बारे में जानकारी दिया। साथ ही सामाजिक एवं संसाधन मानचित्र के द्वारा गांव की वर्तमान सामाजिक भौगोलिक स्थिति एवं योजना बनाने को लेकर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में पंचायती राज के बीसी अनुज कुमार सुनीता कुमारी प्रकाश कुमार शशिकला देवी पंचानन महतो देवांती देवी संजू देवी दीपक कुमार करमचंद महतो लतिका देवी बिनिता देवी नीलम देवी दुलारी देवी आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का सभी पंचायत में 20 से 22 तक विशेष कैम्प

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 20 से 22 फरवरी तक जिले के सभी पंचायतों में विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा को संघ के प्रभारी सहायक निदेशक नीरज कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग के सभी महिला, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरुषों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ देने के उद्देश्य से 20 से 22 फरवरी तक गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों, वार्डों में विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### डायन-बिसाही का...

**पेड़ में बांधकर मारा :** जुंबल सिंकू ने पुलिस को यह भी बताया कि इमली के पेड़ में बांधकर मारा गया। उसकी एक बेटी की हमने किसी तरह जान बचा ली है। उसे थाना में पहुंचाया गया है। उसने यह भी बताया गया कि पहले डायन-बिसाही का आरोप लगाकर झगड़ा भी किया गया था। इसको लेकर समझौता गांव में मुंडा के समक्ष किया गया था। अपराधियों ने पहले दो मासूम बच्चों को बोरे में बांध दिया, फिर महिला और पुरुष को गांव के पास जंगल स्थित ईमली के पेड़ में बांधने के बाद पीट-पीट कर मार डाला। महिला की एक बेटी (14-15 साल) अपराधियों के चंगुल से बचकर भाग निकली। बच्ची ने अपनी आंखों के सामने अपने आठ माह के भाई और डेढ़ साल की बहन और एक पुरुष की हत्या देखी। वह सहमी हुई है।

**फोरेंसिक टीम जांच में जुटी :** घटना की सूचना मिलते ही जगन्नाथपुर अनुमंडल के एसडीपीओ राकेश नंदन मिंज पहुंचे और जांच में जुट गये। जांच के लिए खोजी कुत्ते और फोरेंसिक टीम भी पहुंची है।

### हर बूथ पर 370 वोट...

वह उम्मीदवार है - कमल का फूल। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता कमल को जिताने के लिए कमर कस लें। जिन लोगों को केंद्र या राज्य की सरकारों की योजनाओं का लाभ मिला है, उनसे 100 दिनों में संपर्क करें। केंद्र में 10 साल के शासन के साथ ही स्वयं श्री मोदी के संवैधानिक शासनाध्यक्ष के रूप में 23 साल पूरे हो गये हैं और पूरे कालखंड में उन पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। यह बात जनता तक पहुंचानी है।

**विपक्ष तू-तू मैं-मैं करेगा, ध्यान न दें :** प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष तू-तू मैं-मैं की राजनीति करेगा और अनावश्यक आरोपों का कीचड़ उछालेगा। लेकिन हमें उस पर ध्यान नहीं देना है। हमें गरीब कल्याण के कामों से लेकर विकास की उपलब्धियों के आधार पर जनता का समर्थन हासिल करना है।

**हैट्रिक बनाएंगे, रिकॉर्ड तोड़ेंगे :** पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता उत्साहित और प्रफुल्लित हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी चेतना भाजपा को 370 एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 के पार ले जायेगी। एनडीए तीसरी बार रिकार्ड आंकड़ों के साथ सरकार बनायेगी। 10 साल के विकास की यात्रा अभूतपूर्व रही है। सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास के आधार पर काम किया गया है। अधिवेशन का शुभारंभ पर पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, वयोवृद्ध नेता मुरली मनोहर जोशी, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में देश भर से आये करीब 12 हजार कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री नड्डा ने पार्टी का ध्वजारोहण करके अधिवेशन का शुभारंभ किया।

### यूएन, चीन, अमेरिका ...

ऐसे में अब एशियाई और अफ्रीकी देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जगह देनी जरूरी हो गई है। जब तक कमजोर देशों को भी अपनी बात रखने और उनके विचार को महत्व नहीं दिया जाएगा तब तक सबके हित में फैसले नहीं हो सकेंगे।

बता दें कि भारत कई सालों से संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्तया का दावा पेश कर रहा है। चीन नहीं चाहता कि भारत को स्थायी सदस्यों में शामिल किया जाए। इसलिए वह बार-बार रोड़ अटकाता है। राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी और 10 अस्थायी सदस्य हैं। पांच स्थायी सदस्यों के पास वीटो है। वे किसी भी प्रस्ताव को रोकने की क्षमता रखते हैं। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र में विश्व हित के फैसले लेने का मामला संकुचित हो जाता है। चीन भारत को संयुक्त राष्ट्र में रोकने के लिए पाकिस्तान का भी सहारा लिया करता है। कंबोज ने कहा, वास्तव में कहीं भी हो रहा अन्याय हर जगह न्याय को सुनिश्चत नहीं कर सकता। भारत ने कहा कि जी20 के दौरान अफ्रीकन यूनियन को शामिल किया गया। भारत नहीं चाहता कि कोई भी देश वंचित रहे और कमजोर रहे। संयुक्त राष्ट्र को भी इस दिशा में सोचना चाहिए।

### कांग्रेस के रूठे विधायाकों...

बाद में मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि विधायकों की आशंकाओं को दूर कर दिया गया। परिवार एकजुट पहले भी था और अब भी है। फिलहाल वे दिल्ली जा रहे हैं। वहां उनका आलाकमान से मिलने का कार्यक्रम पहले से निर्धारित था। गटबंधन का पूरा परिवार एकजुट है। वहीं विधायक अनूप सिंह ने कहा कि शीर्ष नेता के संपर्क में हैं। शनिवार को हम 10 विधायक दिल्ली जा रहे हैं। दो विधायक रविवार को सीधे दिल्ली पहुंचेंगे। एक सवाल के जवाब में अनूप सिंह ने कहा कि विधायकों की मांग के बारे में प्रदेश नेतृत्व को बता दिया गया है।

**ये विधायक गये दिल्ली :** जो विधायक शनिवार को दिल ली गये उनमें जामताड़ा के इरफान अंसारी, बरही उमा शंकर अकेला, बेरमो के कुमार जयमंगल, महागामा की दीपिका पांडेय सिंह, मनिका के रामचंद्र सिंह, नमन विक्सल कोंगाड़ी, खिजरी के राजेश कच्छप, चक्रधरपुर के सोना राम सिंकू, सिमडेगा के भूषण बाड़ा, बड़कागांव की अंबा प्रसाद।

### हार्स ट्रेडिंग मामले में ...

इनपर वर्ष 2016 के राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में कांग्रेस की विधायक निर्मला देवी को पैसे का लालच देने का आरोप लगा था। निर्वाचन आयोग ने झारखंड विकास मोर्चा की शिकायत पर इसकी जांच करायी थी। आयोग ने प्रथम द्दष्ट्या आरोप को सही पाते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। बाद में 14 फरवरी, 2020 को तत्कालीन हेमंत सरकार ने एडीजी अनुराग गुप्ता को निलंबित कर दिया था। उनके खिलाफ राज्यसभा चुनाव 2016 में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोट देने के लिए बड़कागांव की तत्कालीन विधायक निर्मला देवी को पैसे का लालच देने और उनके पति पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को धमकाने का आरोप था। साथ ही पांच करोड़ रुपये देने की पेशकश भी की गयी थी।

# मौसम उपग्रह इनसैट-3डीएस का सफल प्रक्षेपण

## इसरो के वेदर सैटेलाइट से मिलेगी प्राकृतिक आपदाओं की समय पूर्व सटीक जानकारी

एजेंसी

**हैदराबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार की शाम जीएसएलवी एफ-14 रॉकेट की मदद से मौसम उपग्रह इनसैट-3 डीएस को सफलतापूर्वक लांच किया। इसे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से शाम 5.35 बजे लांच किया गया। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने लांचिंग की सफलता पर वैज्ञानिकों और कर्मचारियों को बधाई दी। इस उपग्रह का उद्देश्य पृथ्वी की सतह और समुद्री ऑब्जर्वेशन के अध्ययन को बढ़ावा देना है।

इसरो के अनुसार इस लांचिंग में तीन बड़ी उपलब्धियां हासिल हुईं। पहली, यह जीएसलएलवी की 16वीं उड़ान है। स्वदेशी क्रायो स्टेज की 10वीं उड़ान और स्वदेशी क्रायो स्टेज की सातवीं ऑपरेशनल फ्लाइट है। जीएसएलवी-एफ14 रॉकेट ने लांचिंग के बाद इनसैट-3डीएस सैटेलाइट को उसकी तय कक्षा में पहुंचा दिया। इसके बाद सैटेलाइट के सोलर पैनल्स भी खुल गये। यानी, इसरो के इस सैटेलाइट को सूरज से मिलने वाली रोशनी से ऊर्जा मिलती रहेगी और यह काम करता रहेगा।

यह वर्तमान में कक्षा में मौजूद इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों के साथ काम करेगा। इस उपग्रह के काम करने से मौसम संबंधी सटीक जानकारियां मिल सकेंगी। साथ ही, प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व सूचना में यह मददगार होगा, जिससे समय रहते बचाव एवं राहत कार्य की तैयारियां की जा सकेंगी।

इसरो की तरफ से दी गयी जानकारी के अनुसार पहले लांच किये गये इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों की अगली कड़ी के रूप में इनसैट-3डीएस भेजा गया है। लगभग 2,275 किलोग्राम वजनी इनसैट-3 डीएस उपग्रह में अत्याधुनिक तकनीक से डिजाइन पेलोड हैं।



### इनसैट-3 डीएस एक नजर में

- इनसैट-3 डीएस भारत का तीसरी पीढ़ी का अत्याधुनिक मौसम उपग्रह है।
- ये मौसम की भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए अत्याधुनिक उपग्रह है।
- यह उपग्रह मौसम संबंधी अपडेट, जमीन और महासागर के सतहों की निगरानी के लिए डिजाइन किया गया है।
- इनसैट-3 डीएस बेहतर मौसम पूवार्नुमान और इससे संबंधी सर्विस प्रदान करने में हेल्प करेगा।
- इस सैटेलाइट को बनाने में भारतीय उद्योगों का अहम योगदान
- इनसैट-3 डीएस में छह चैनल इमेजर, 19 चैनल साउंडर पेलोड, डाटा रिले ट्रांसपोंडर और सैटेलाइट सहायता प्राप्त खोज और बचाव ट्रांसपोंडर हैं।
- इनसैट-3 डीएस उपग्रह 51.7 मीटर लंबे और 420 टन वजन वाले तीन फेज के जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल से लांच किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### ओम बिरला ने कहा अगले 25 वर्षों में विश्व का नेतृत्व करेगा भारत

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि देश 'आत्मनिर्भर भारत' की ओर अग्रसर है और अपने ज्ञान के कारण आने वाले 25 वर्षों में सभी क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व करेगा। बिरला नयी दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला।

### डिब्रूगढ़ जेल के अंदर खालिस्तानी नेटवर्क का खुलासा

**डिब्रूगढ़।** डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार के अंदर से खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह द्वारा एक बड़ा संचार नेटवर्क चलाने का खुलासा हुआ है। असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने सोशल मीडिया के जरिये शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि जेल परिसर के अंदर की गयी छापामारी में कई आपत्तिजनक सामान बरामद हुए हैं।

### दिल्ली में मालगाड़ी पटरी से उतरी, एक की गयी जान

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में जखीरा फ्लाईओवर के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के 10 वैगन पटरी से उतर गये। हादसे में रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। रेलवे डीसीपी केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि यह दुर्घटना आज पूर्वाह्न करीब 11.52 बजे हुई।

### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 9 की मौत

चेन्नई। राज्य के विरुधुनगर में शनिवार को पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट होने से 9 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। घायलों को शिवकाशी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ओडिशा में विधानसभा और आम चुनाव एक साथ : आयोग

**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर।** ओडिशा में लोकसभा चुनाव के साथ ही राज्य विधानसभा चुनाव भी कराये जायेंगे। चुनाव आयोग ने इसकी पूर्ण तैयारी कर ली है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भुवनेश्वर में एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी।

### पाकिस्तान में विपक्ष में बैठेगी पीटीआइ

**इस्लामाबाद।** सरकार बनाने के प्रयास विफल होने के बाद जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआइ ने संसद में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआइ) के नेता बैरिस्टर मुहम्मद अली सैफ ने घोषणा की कि पीटीआइ संस्थापक खान के निर्देशों के बाद, पार्टी ने केंद्र के साथ साथ पंजाब जैसे प्रमुख प्रांत में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है।

### भाजपा में शामिल होने की चर्चा के बीच कमलनाथ ने तोड़ी चुप्पी

**भोपाल/नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद पुत्र नकुलनाथ अपने समस्त दौरे रद्द कर शनिवार को राजधानी दिल्ली पहुंचे। इसके बाद सियासी गलियारों में उनके भाजपा में शामिल होने को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, दिल्ली में भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं पर कमलनाथ ने कहा कि इनकार करने की बात नहीं है, अगर ऐसी कोई बात होगी तो मैं सबसे पहले खबर करूंगा। दरअसल, विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद से कमलनाथ मध्य प्रदेश की राजनीति से दूर होते चले गये। राज्यसभा चुनाव में उनका नाम चला था, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया और राज्यसभा के लिए उम्मीदवार अशोक सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। अब दिल्ली दौरे को उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलों से जोड़ कर देखा जा रहा है।

# भारत लोकतंत्र सूचकांक में पांच पायदान ऊपर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट ने विश्व में लोकतंत्र की स्थिति पर डेमोक्रेसी इंडेक्स 2023 रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, सूचकांक में भारत पिछले वर्ष के मुकाबले पांच अंकों के सुधार के साथ 41वें स्थान पर पहुंच गया है। वर्ष 2022 में इसका स्थान 46वां था।

इस सूचकांक में देशों को चार श्रेणियों में रखा गया है। इसमें फुल डेमोक्रेसी, फ्लॉड डेमोक्रेसी, हाइब्रिड रेजिम और अथॉरिटेरियन रेजिम शामिल हैं। नार्वे, न्यूजीलैंड और आइसलैंड सूचकांक में क्रमशः शीर्ष तीन स्थान पर हैं। जबकि, उत्तर कोरिया, म्यांमार और अफगानिस्तान निचले तीन स्थान पर हैं। भारत को इस सूची में फ्लॉड डेमोक्रेसी की सूची में रखा गया है। कहा गया है कि भारत ने आशाजनक आर्थिक विकास दिखाया है। भारत को 7.8 स्कोर के साथ 41वें पायदान पर रखा गया है। पड़ोसी देश चीन को 2.12 स्कोर के साथ 148 में पायदान पर रखा गया है। इसे अथॉरिटेरियन रेजिम कैटेगरी में रखा गया है। वहीं, पाकिस्तान में लोकतंत्र की स्थिति बद से बदतर है। पाकिस्तान को अथॉरिटेरियन रेजिम श्रेणी में रखा गया है। पहले यह हाइब्रिड रेजिम में था।

डेमोक्रेसी इंडेक्स में शामिल क्षेत्र के 28 देशों में से 15 ने अपने स्कोर में गिरावट दर्ज की है। सिर्फ आठ ने सुधार दिखाया है। विशेष रूप से इस लोकतंत्र सूचकांक पर पाकिस्तान का स्कोर गिरकर 3.25 हो गया है।

### संदेशखाली हिंसा मामले में तृणमूल नेता शिबू हाजरा गिरफ्तार

**कोलकाता।** संदेशखाली में हिंसा के आरोपित तृणमूल नेता शिवप्रसाद उर्फ शिबू हाजरा को शनिवार की शाम गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, मुख्य आरोपित और इडी अधिकारियों पर हमले का मास्टरमाइंड शेख शाहजहां अभी भी फरार है। इसके पहले पुलिस ने एक और आरोपित तृणमूल नेता उत्तम सरदार को गिरफ्तार किया था। बशीरहाट एसपी हुसैन मेहदी रहमान ने बताया, उसे रविवार को अदालत में पेश किया जायेगा।

# राहुल ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगायी हाजिरी, न्याय यात्रा की सफलता की कामना की



**वाराणसी (हि.स.)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगायी। उन्होंने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता के लिए बाबा से कामना की। उत्तर प्रदेश में राहुल की यात्रा का आज दूसरा दिन है। दर्शन-पूजन के बाद राहुल गांधी ने गोदौलिया चौराहे पर लोगों को संबोधित किया।

राहुल ने कहा कि यात्रा के दौरान उन्होंने कभी नफरत नहीं देखी। यात्रा में भाजपा और संघ के लोग भी आये। उन्होंने हमसे अच्छे से बात भी की। यह देश तभी मजबूत होता है, जब हम साथ मिलकर काम करते हैं। देश को एक साथ लाना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है। उन्होंने कहा कि अब तक 4,000 किलोमीटर की यात्रा की है। इस दौरान किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी और महिलाएं मुझसे मिलीं। उन सबने अपनी पीड़ा बतायी। देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक विचारधारा भाई को भाई से लड़ाती है और आपकी जेब से पैसा निकालकर चुनिंदा अरबपतियों को दे देती है। दूसरी विचारधारा नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलती है और आपका हक आपको वापस लौटाती है।

### राहुल गांधी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को बीच में रोक चले गये वायनाड

**भदोही।** राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को स्थगित करते हुए वायनाड चले गये। रविवार को अपनी यात्रा का शुभारम्भ प्रयागराज से करेंगे। जबकि, प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें भदोही में रात्रि विश्राम करना था और अगली सुबह यहां से यात्रा को प्रारम्भ करना था। वह भदोही के राजपुरा, इंदिरा मिल होते हुए अपने निर्धारित विश्राम स्थल मुंशीलालपुर पहुंचते। लेकिन भदोही की यात्रा बीच में ही स्थगित कर उन्हें वायनाड जाना पड़ा। इस दौरान काफी संख्या में लोग उन्हें देखने के लिए मौजूद रहे लेकिन लोगों को मायूस ही लौटना पड़ा। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश तिवारी ने मीडिया को बताया कि राहुल गांधी आवश्यक काम से यात्रा को वाराणसी में ही रोक वायनाड चले गये। वायनाड में उनकी उपस्थिति बहुत आवश्यक थी। इसलिए वह भदोही नहीं पहुंच पाये। 18 फरवरी की यात्रा वह प्रयागराज से तीन बजे शुरू करेंगे।

# हम अब राजग के साथ ही काम करते रहेंगे : नीतीश कुमार

### बिहार के सीएम ने कहा- लालू के बयान का कोई मतलब नहीं



**पटना (हि.स.)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद के बयान पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने शनिवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लालू के बयान का कोई मतलब नहीं है। हम लोग इधर आ गये हैं और आराम से काम कर रहे हैं। ज्ञात हो कि लालू प्रसाद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि नीतीश कुमार दोबारा इंडिया गठबंधन में आते हैं, तो देखेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जब पूछा गया कि आपके जाने के बाद इंडिया गठबंधन में कई लोग निकल गये हैं, तो उन्होंने कहा कि अब आइएनडीआइए गठबंधन खत्म हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जब पूछा गया कि जातिगत गणना को लेकर राहुल गांधी अपना नाम ले रहे हैं, तो सीएम ने कहा कि मीटिंग में जब हम बोलते थे, तो कभी कुछ बोलना नहीं था और हम तो शुरू से कह रहे हैं कि जातिगत गणना मेरा किया हुआ है।

इसके आलावा, सीएम नीतीश कुमार ने पीएम मोदी के 400 पर वाली गरांटी को लेकर कहा कि इस बार एनडीए पिछले बार से ज्यादा सीट जीतेगी प्रधानमंत्री ने बिल्कुल ठीक कहा है। नीतीश कुमार ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने शराबबंदी किया था और अब उनके जाने के बाद हम उनके रास्ते पर चलकर फिर से शराबबंदी कर चुके हैं और कितना अच्छा काम हो रहा है।

# चोरों के आतंक से नवादा-तिलैया रेलखंड के दोहरीकरण का कार्य हुआ बाधित



**नवादा (हि .स.)।** बदमाशों ने नवादा-तिलैया रेलखंड के दोहरीकरण का काम कर रही रेलवे निर्माण कंपनी का समान चोरी कर परेशान कर रखा है। बेखौफ बदमाश लगातार चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं और अभी तक लाखों का सामान चोरी कर लिया है। इससे किउल-गया रेल मार्ग पर बिहार के नवादा और झारखंड के तिलैया स्टेशनों के बीच चल रहे रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य प्रभावित हो गया है।

चोरी की वर्तमान घटना नवादा-तिलैया रेलखंड के हिसुआ, नरहट व अकबरपुर थाना क्षेत्र में हुई है। रेलवे निर्माण कंपनी इस्कॉन की सहायक कंपनी ज्योति कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इस मार्ग पर 18 किलोमीटर रेलवे लाइन दोहरीकरण में मिटी भरायी, डस्टिंग व पुल पुलिया का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

कंपनी के साइट इंचार्ज अनिल सिंह के मुताबिक पिछले एक वर्ष में लाखों के सामानों की चोरी बदमाशों द्वारा की जा चुकी है। इस कारण रेल निर्माण का कार्य प्रभावित हो रहा है। बदमाशों द्वारा रेलवे लाइन व पुल पुलियों के बीच शटरिंग के दौरान सरिया लोहे का पाइप व जक की चोरी कर ली जा रही है, जिसके कारण समय पर काम पूरा नहीं हो पा रहा है।

कंपनी के निदेशक समीर कुमार द्वारा इस बारे में नवादा के एसपी से मिलकर शिकायत की जा चुकी है। परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस कारण चोरी की घटनाओं पर रोक नहीं लग सकी है। किउल-गया रेल मार्ग पर नवादा से तिलैया के बीच रेलवे लाइन का दोहरीकरण का कार्य पूरा नहीं हो सका है।

# अरविंद केजरीवाल को 16 मार्च को कोर्ट में पेश होने का आदेश

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत मिली है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 16 मार्च को केजरीवाल को कोर्ट में सशरीर पेश होने का आदेश दिया है।

केजरीवाल शनिवार को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र और विश्वास प्रस्ताव का हवाला देकर सशरीर पेशी से छूट की मांग की। केजरीवाल ने मामले की अगली सुनवाई के दिन कोर्ट में सशरीर पेश होने का भरोसा दिया। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने केजरीवाल को मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को पेश होने का आदेश दिया।

इधर, दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 28 फरवरी तक बढ़ा दी है।

**आबकारी घोटाला**

### केजरीवाल सरकार ने जीता विश्वास मत

**नयी दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा में एक बार फिर बहुमत साबित किया। विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने विश्वास प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह
होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

### हेमा मालिनी बोलीं- बहुत अच्छी हैं राममंदिर की व्यवस्थाएं



कुछ दिन पहले अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह की चर्चा देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में हुई थी। इस कार्यक्रम में कई मशहूर हस्तियां भी शामिल हुईं। अभिनेत्री हेमा मालिनी ने इस समारोह के दौरान नृत्य की प्रस्तुति दी थी। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद हेमा मालिनी ने राम मंदिर के दर्शन किये। हेमा मालिनी हाल ही में फिर अयोध्या गयी थीं। वहां उन्होंने राम मंदिर जाकर रामलला के दर्शन किये। दर्शन के बाद हेमा ने मीडिया से बातचीत की। हेमा ने कहा, रामलला का दर्शन किया। यहां की व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं, व्यवस्थित हैं। इस मंदिर ने कई लोगों को रोजगार दिया है। रामलला के दर्शन के बाद हेमा ने एक पोस्ट भी शेयर किया है। अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, विक्की कौशल, कैटरीना कैफ, रोहित शेट्टी, कंगना रनौत जैसी हस्तियां भी मौजूद थीं।

### 'दंगल' फेम अभिनेत्री सुहानी का निधन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 'दंगल' में बबीता फोगाट के बचपन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर का शनिवार को निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। सुहानी महज 19 साल की थीं। सुहानी का कुछ दिन पहले एक्सीडेंट हो गया था। इस हादसे में उनका पैर फ्रैक्चर हो गया। इस वजह से उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्हें दी जाने वाली दवाओं का उनके शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इस रिएक्शन के कारण सुहानी के शरीर में पानी जमा होने लगा था। सुहानी के निधन पर मनोरंजन जगत भी दुख व्यक्त कर रहा है।

# नेपाली कांग्रेस की बैठक में छाया रहा हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग का मुद्दा




**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाली कांग्रेस के भीतर देश को फिर से हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के 26 सांसदों और अन्य नेताओं ने इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया। अगले सप्ताह शुरू हो रही पार्टी की महासमिति की बैठक में भी इस मुद्दे के छाये रहने के प्रबल आसार हैं।

नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक के दौरान दो दर्जन से अधिक पदाधिकारियों ने देश को पुनः हिंदू राष्ट्र घोषित किये जाने की मांग को पार्टी का मुख्य मुद्दा बनाने की मांग की है। पार्टी पदाधिकारियों ने अन्य पदाधिकारियों के बीच इसको लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। पार्टी के नेता शंकर भंडारी के नेतृत्व में 26 सांसदों और केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्यों ने राष्ट्रीष अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा के समक्ष इस मुद्दे को उठाया और इसे पार्टी महासमिति की आगामी बैठक के एजेंडे में शामिल करने की मांग की।

केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में शंकर भंडारी ने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए पार्टी को इस विषय को प्रमुख मुद्दा बनाना चाहिए। भंडारी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष देउबा ने फिलहाल इस विषय पर कुछ नहीं बोला है, लेकिन उन्होंने इससे जुड़े प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इससे यह विश्वास है कि महासमिति की आगामी बैठक के एजेंडे में यह विषय जरूर शामिल होगा।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !